
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 31 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 11 नवम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## जवानों के साथ PM मोदी मनाएंगे दीपावली, जा सकते हैं जम्मू के अखनूर सेक्टर

जम्मू. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार दीपावली का त्योहार जवानों के साथ मनाएंगे. बताया जा रहा है कि भारतीय सेना के जवानों के साथ दिवाली का पर्व मनाने के लिए पीएम मोदी जम्मू के अखनूर सेक्टर जा सकते हैं. यह पहली बार नहीं है कि पीएम मोदी दीपावली का त्योहार जवानों के साथ मनाएंगे. पिछले साल भी वे दिवाली के मौके पर कारगिल पहुंचे थे, जहां उन्होंने भारतीय सेना के जवानों संग दीपों के इस पर्व का उत्सव मनाया था.

बीते 8 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से इस दिवाली स्थानीय स्तर पर विनिर्मित उत्पाद खरीदने और उस उत्पाद या उसके निमार्ता के साथ एक सेल्फी 'नमो ऐप' पर साझा करने का आह्वान किया है. प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच



'एक्स' पर लिखा था, "इस दिवाली आइए हम नमो ऐप पर #वोकल फॉर लोकल के साथ भारत की उद्यमशीलता तथा रचनात्मक भावना का जश्न मनाएं."

उन्होंने कहा था, "ऐसे उत्पाद खरीदें जो स्थानीय स्तर पर बनाए गए हों और फिर नमो ऐप पर उत्पाद या निमार्ता के साथ एक सेल्फी साझा करें. अपने मित्रों और परिवार को इस कड़ी में शामिल होने और सकारात्मकता की भावना फैलाने का आह्वान करें." पीएम मोदी ने कहा, "आइए हम स्थानीय प्रतिभाओं का समर्थन करने, साथी भारतीयों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और अपनी परंपराओं को समृद्ध बनाए रखने के लिए डिजिटल मीडिया की ताकत का इस्तेमाल करें."

अक्टूबर में अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भी पीएम मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' यानी स्थानीय उत्पादों को खरीदने पर जोर देने की बात दोहराई थी. उन्होंने कहा था, "हर बार की तरह इस बार भी त्योहारों में हमारी प्राथमिकता 'वोकल फॉर लोकल' होनी चाहिए। मैं एक बार फिर अनुरोध करना चाहता हूं कि आप जहां भी घूमने या तीर्थयात्रा पर जाएं स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पाद खरीदें."

## पंजाब सरकार के अनुरोध पर सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को दिया जोर का झटका

### पंजाब सरकार का 2 दिन के लिए बुलाया गया विधानसभा का सत्र था वैध

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, नवम्बर : पंजाब सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित को बड़ा झटका दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के उस विधानसभा सत्र को वैध बताया है जो 19 और 20 जून को दो दिन के लिए बुलाया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि अब पंजाब के गवर्नर को इस सत्र के दौरान पारित किए गए सभी विधेयकों को मंजूरी देने के लिए सहमति से आगे बढ़ना चाहिए। क्योंकि बुलाया गया विधानसभा सत्र वैध था और इस तरह से आयोजित सदन द्वारा पारित किए गए सभी विधेयक भी संवैधानिक रूप से वैध थे। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि विधानसभा सत्र की वैधता पर गवर्नर की ओर से संदेह जताया जाना सही नहीं है। विधानसभा में जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं। लिहाजा सत्र को गवर्नर द्वारा गैरकानूनी ठहराना संवैधानिक रूप से सही नहीं है क्योंकि राज्यपाल प्रदेश की जनता द्वारा चुना गया नुमाइंदा नहीं है।



दरअसल पंजाब सरकार ने 19 और 20 जून को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया था और इस दौरान कुछ विधेयक पास किए थे। लेकिन जब ये विधेयक पास करके गवर्नर की मंजूरी के लिए भेजे गए तो गवर्नर की तरफ से विधेयकों पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया और कहा था कि उनके हिसाब से वह सत्र ही अवैध था। इसी का हवाला देकर गवर्नर ने विधेयकों को कानून बनने से रोक दिया। वहीं पिछले महीने अक्टूबर में जब पंजाब सरकार ने फिर से विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया तो उसको भी गवर्नर ने अवैध घोषित कर दिया था। इसके बाद पंजाब सरकार सत्र को स्थगित करते हुए गवर्नर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई थी। मालूम रहे कि इससे पहले मार्च महीने में भी पंजाब सरकार तब सुप्रीम कोर्ट आई थी जब गवर्नर विधानसभा का सत्र बुलाने से ही मना कर रहे थे। मामला जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा तो गवर्नर ने सत्र बुलाने को मंजूरी दे दी थी।

## मेडिकल के इतिहास में पहला कंप्लीट Eye ट्रांसप्लांट, डॉक्टर्स ने किया कमाल,

अमेरिका के डॉक्टरों ने मेडिकल दुनिया में पहली बार आंख की पूरी सर्जरी करके इतिहास रच दिया है. यह इंसान पर एक बार में पूरी आंख पर किया गया दुनिया का पहला ट्रांसप्लांट है. इसे एक बड़ी कामयाबी के रूप में सराहा जा रहा है, लेकिन यह तय नहीं है कि उस शख्स की आंखों की रोशनी वापस आएगी या नहीं.

सालों से डॉक्टर कॉर्निया का सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण करते रहे हैं, लेकिन हाल के सर्जरी में शख्स के चेहरे के एक हिस्से और पूरी बाई आंख को निकालना शामिल था. इस सर्जरी में डोनर के ब्लड सप्लाई और उसके ऑप्टिक तंत्रिका को कंट्रोल करना भी शामिल था.

## ...तो क्या शादी की वजह से रद्द हो सकता रेप और पॉक्सो FIR ? जानें, दिल्ली हाईकोर्ट का अहम आदेश

नई दिल्ली. दिल्ली हाईकोर्ट का कहना है कि शिकायतकर्ता की आरोपी से शादी के कारण बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम, 2012 के तहत दर्ज एफआईआर को रद्द करना उचित नहीं है. न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत आरोपों की गंभीरता पर जोर देते हुए, एफआईआर को रद्द करने की आरोपी की याचिका को खारिज कर दिया.

अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि आईपीसी की धारा 376 के तहत अपराधों का निपटारा नहीं किया जा सकता है. ऐसे अपराधों के लिए एफआईआर को पक्षों के बीच समझौते के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता है.

लाइवलॉ में प्रकाशित खबर के मुताबिक, न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज एक एफआईआर को रद्द करने से इनकार कर दिया, क्योंकि आरोपी और शिकायतकर्ता ने इस आधार पर इसे रद्द करने की मांग की थी कि उन्होंने अपने विवादों को सुलझा लिया है, शादी कर ली है और




उन्हें एक बेटा हुआ है.

पीड़िता की शिकायत के बाद 2020 में एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया था कि जब वह 16 साल की थी तब आरोपी ने उसके साथ कई बार संबंध बनाए, जिस कारण वह गर्भवती हो गई. जबकि शिकायतकर्ता ने आरोपी के साथ विवाद सुलझा लिया और उससे शादी कर ली. अदालत ने कहा कि आरोपों की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर और न्यायिक सहित संबंधित कार्यवाही को रद्द नहीं किया जा सकता है.

शिकायतकर्ता की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि उसने आरोपी के साथ विवादों को सुलझा लिया है और इस साल की शुरूआत में अपनी मर्जी से और बिना किसी डर, दबाव के उससे शादी कर ली है. पीड़िता ने कहा कि अगर एफआईआर रद्द कर दी जाती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है. न्यायमूर्ति जैन ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि शिकायतकर्ता ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत अपने बयान में और ट्रायल कोर्ट के सामने भी एफआईआर में उल्लिखित आरोपों को दोहराया है.

## दीपोत्सव को एतिहासिक व भव्य बनाने के लिए कार्य शु रू

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में स्थित राम पैडी. में 7 वे 2023 दीप उत्सव को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के लिए कार्य शुरू हुआ आपकी बार दीपोत्सव में दिखेगी भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा की झलक आज से राम की पैडी.पर दिए बिछाए जाने का कार्य हो रहा है 2 दिन घाटों पर दिए बिछाने का कार्य होगा 51 घाटों पर 21 लाख दिए बिछाए जा रहे इसके लिए डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय मनूचा डिग्री कॉलेज अन्य कई विद्यालयों छात्र छात्राएं लगाए गए हैं 10 नवंबर को दिए में तेल और बाती डालने का कार्य किया इस काम के लिए 25 हजार बॉलटियर्स लगाए गये है 11 नवंबर को मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ जी की मौजूदगी में दिए जलाए जाएंगे



अब की दीपोत्सव में दिखेगी राम लला के प्राण प्रतिष्ठा की झलक राम की पैड़ी पर बनाया जा रहा है राम मंदिर का मॉडल 500 स्क्वायर फीट में भगवान राम लला के मंदिर का मॉडल और भगवान राम के स्वरूप को देंगे आकार अवध विश्वविद्यालय के फाइनल आर्ट डिपार्टमेंट के डेढ़ सौ छात्र और छात्राएं और अध्यापक 1 लाख दिये से बनाया जाएगा राम मंदिर का मॉडल 21लाख दिये जला कर विश्व रिकॉर्ड बनाना है।राम मंदिर का मॉडल राम पैडी. पर आकर्षण का केंद्र होगा लेजर लाइट शो और मठ मंदिरो में रंग बिरंगी लाइट दीपोत्सव को और भव्य बना रही है।

## सितंबर में 3 महीने के निचले स्तर पर इंडस्ट्रियल ग्रोथ, अनुमानों से काफी कम रहा औद्योगिक उत्पादन

सितंबर में औद्योगिक उत्पादन में 5.8 पर्सेंट की बढ़ोतरी रही। यह पिछले तीन महीनों में सबसे कम है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में बारिश कम होने के बाद सितंबर में बारिश में बढ़ोतरी और बेस इफेक्ट अनुकूल नहीं होने की वजह से ग्रोथ के आंकड़ों में सुस्ती देखने को मिली। सितंबर में इंडस्ट्रियल ग्रोथ 7.4 पर्सेंट रहने का अनुमान जताया गया था


सितंबर में औद्योगिक उत्पादन में 5.8 पर्सेट की बढ़ोतरी रही। यह पिछले तीन महीनों में सबसे कम है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की तरफ से 10 नवंबर को जारी आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में बारिश कम होने के बाद सितंबर में बारिश में बढ़ोतरी और बेस इफेक्ट अनुकूल नहीं होने की वजह से ग्रोथ के आंकड़ों में सुस्ती देखने को मिली। इंडस्ट्री ग्रोथ का यह आंकड़ा अनुमानों से काफी कम है। सितंबर में इंडस्ट्रियल ग्रोथ (औद्योगिक उत्पादन) 7.4 पर्सेंट रहने का अनुमान जताया गया था। सिर्फ [illegible] बैंक ने [illegible] ग्रोथ घटकर 5.8 रहने का अनुमान पेश किया था। बाकी अनुमानों में इंडस्ट्रियल ग्रोथ 6.3% से 10.5% रहने की बात थी। अगस्त में इंडस्ट्रियल ग्रोथ 10.3 पर्सेंट थी, जो पिछले 14 महीनों का उच्चम स्तर है, जबकि सितंबर 2022 में यह आंकड़ा 3.3 पर्सेंट था।

वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में इंडस्ट्रियल ग्रोथ 6 पर्सेंट था, जबकि एक साल इसी अवधि में यह 7.1 पर्सेंट था। सितंबर में इंडस्ट्रियल ग्रोथ में सुस्ती की मुख्य वजह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ में गिरावट रही. जहाँ उत्पादन में सालाना आधार पर महज 4.5 पर्सेंट की बढ़ोतरी रही, जबकि अगस्त में इसमें 9.3 पर्सेंट की बढ़ोतरी हुई थी। बाकी दो सेक्टरों के आंकड़े भी कमजोर रहे माइनिंग उत्पादन में ग्रोथ 11.5 पर्सेंट रही, जबकि अगस्त में यह आंकड़ा 12.3 पर्सेंट था। इसी तरह सितंबर में बिजली के उत्पादन में 9.9 पर्सेट की बढ़ोतरी रही, जबकि अगस्त में यह ग्रोथ 15.3 पर्सेंट थी।










# लक्ष्मी मौसी के स्वागत का उत्साह

**दैनिक समाज जागरण**

देश के पांच राज्यों में भले ही विधानसभा चुनाव का बुखार है लेकिन इन पांच राज्यों के साथ पूरे देश में सरस्वती की बहन यानि हमारी लक्ष्मी मौसी के आगमन की उत्सुकता के साथ ही उनके स्वागत की तैयारियों की धूम है। इस धूम में तंगी,बीमारी,महंगाई ,भ्ष्टाचार और बेरोजगार जैसे ज्वलंत मुद्दों का कोई जिक्र नहीं है । किसी को आने वाले तीन दिनों तक इनकी फिक्र भी नहीं है। राजा हो रंक सबके सब सरस्वती मौसी के स्वागत कोई तैयारी पूरे उत्साह से कर रहे हैं। महाराष्ट्र वालों ने तो वसु बारस मानकर पांच दिन पहले से ही इस त्यौहार का श्रीगणेश कर दिया है। बाकी लोग धनतेरस के साथ ये आगाज कर रहे हैं।

दीपावली सचमुच एक बड़ा प्रकाश पर्व है। इसकी वजह से भारत के घर-घर में स्वच्छता अभियान चलता है । इतना कूड़ा करकट घरों से निकलता है की कभी-कभी तो कचरा ढोने और हटाने वाले स्थानीय निकाय भी हार मान जाते हैं। हमारे देश में वैसे भी कचरे की कोई कमी नहीं है। भारत में हर साल कितना कचरा निकलता है ये कोई नहीं जानता,लेकिन जो आंकड़े हैं वे कटे हैं की भारत में सालन 277 अरब किलो कचरा निकलता है। यानि हर व्यक्ति कम से कम एक साल में 205 किलो कचरे का विसर्जन करता है। इस कचरे में 34 लाख टन कचरा अकेले प्लास्टिक का होता है और इसमें से भी कुल 30 फीसदी कचरा ही रीसाइकल हो पाता है।

मजे की बात ये है कि इस कचरे के बाद भी भारत में हर साल लक्ष्म मैया भी आतीं है। उनके आगमन पर देश में घर-घर रोशनी की जाती है । लिपाई -पुताई होती है । सब कुछ नया-नया करने के प्रयास होते हैं। लसखमी मैया की कृपा से भारत की इकॉनमी यानि अर्थव्यवस्था भले ही अभी तक पांच ट्रिलियन की न बन पायी हो ,लेकिन हमारी कोशिश जारी है। देश में पहली बार धनतेरस की तर्ज पर किताबें छापने और बेचने वाले ' किताब तेरस ' का आयोजन कर रहे हैं। दअरसल भारत में धन तेरस पर कुछ न कुछ खरीदने की रीत है। जिसे जिस चीज की जरूरत होती है ,वो चीज खरीदता है। आदमी खरीदना तो चाँद-तारे भी है लेकिन उस-की जेब उसे ऐसा करने की इजाजत नहीं देती।

हमने बचपन में देखा है की हमारे घर में धनतेरस के दिन धातु का कोई न कोई बर्तन खरीदा जाता था। सबसे सस्ती चीज होती थी कटोरी,ग्लास,चमचा या पूजा के लिए तांम्बे के छोटे-छोटे बर्तन।

आजकल धनतेरस पर बर्तनों के साथ ही और दूसरी तमाम चीजें खरीदी जातीं हैं। जिनके पास लक्ष्मी माँ की कृपा है वे बर्तनों के बजाय सोना-चांदी से भी मंहगा डायमंड यानि हीरे से बनी चीजें खरीदते हैं। अब धनतेरस पर इलेक्ट्रानिक उपकरण , रसोईघर में इस्तेमाल होने वाले मंहगे उपकर। साड़ियां,कपडे,सजावट का सामान प्रमुखता और प्रचुरता से खरीदा जाता है। लेकिन मै देखता हूँ कि चीनी सामान की उपलब्धता के बावजूद आज भी मिटटी के दिए ,शक़्कर के बताशे और रंगीन खिलोने तथा चावल के पापकार्न यानि खीलें ,कपास, लक्ष्मी जी का पन्ना, आज भी बिक रहा है । इस त्यौहार के मौके पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन मिलजुलकर अपने गांव,शहर में फुटपाथ और सड़कें तक बेच देते हैं ताकि गरीब आदमी भी अपना कारोबार कर कमा-खा सके।

हमारी देश में खरीद-फरोख्त के लिए ज्योतिषी और पंडित बाकायदा मुहूर्त निकालते है। वे ये भी बताते हैं कि किस राशि के जातक को धनतेरस के दिन क्या खरीदना चाहिए और क्या नहीं ? मुझे लगता है कि ज्योतिषियों की भी बाजार से सांठगांठ है ,अन्यथा ये ज्योतिषी और उनके पंचांग दीपोत्स्व पर पुष्य नक्षत्र की खोज न करते और कर भी लेते तो उस दिन मंहगा सामान खरीदने की सिफारिश बिक्लुल न करते। लेकिन ऐसा धड़ल्ले से हो रहा है। अखबार ज्योतिषियों के खरीद-फरोख्त मुहूर्तों का प्रचार करने के लिए भौंपू बने हुए हैं। भारत के इस प्रमुख त्यौहारी सीजन में किसी की सेहत सुधरे या न सुधरे लेकिन हमारे अखबारों की सेहत और सूरत दोनों बदल जाती है । आजकल एक ही दिन में तीन-तीन अखबार आ रहे है। इनकी कीमत भी ग्राहकों से वसूल की जाती है और इन अखबारों में आधे से ज्यादा पन्नों में केवल कुछ ज्वेलरों बिल्डरों के विज्ञापन होते हैं।

इस असल ज्योतिषयों ने सुझाव दिया है कि धनतेरस पर खरीदी करते समय कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए क्यों की ऐसा नहीं करने पर आप के द्वारा की जाने वाली खरीददारी का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है । ज्योतिषी कहते हैं की धनतेरस पर आपको नुकीली और धारदार वस्तुएं.धनतेरस को नुकीली जैसे सूजी, पिन और धारदार जैसे कैंची, चाकू, छिलनी, इत्यादि नहीं खरीदना चाहिए मान्यता है इससे घर में नकारात्मक प्रभाव पड़ता है धनतेरस के दिन कांच से बनी वस्तुओं को नहीं खरीदना चाहिए कांच में राहु का स्थान यानी राहु से संबंधित है इस लिए इसकी खर-ीदी शुभ नहीं होती.

अब सवाल ये है कि जनता देवताओं की फिक्र करे या अपनी जरूरतों की ? ज्योतिषी कहते हैं कि धनतेरस में लोहे की खरीदी करने से धन के देवता कुबेर रूष्ट हो जाते हैं इसलिए लोहे से निर्मित वस्तुओं की खरीदी से परहेज करना चाहिए। वे कहते हैं कि धनतेरस को प्लास्टिक की वस्तुओं की खरीददारी से बचें इस दिन किसी धातु की खर-ीदी ही करें अन्यथा धनतेरस की खरीददारी का कोई लाभ प्राप्त नहीं होगा.ज्योतिषियों का सुझाव है कि धनतेरस के एक दिन पहले ही तेल या घर खरीद लें क्यों की धनतेरस को तेल और घी की खरीदी को अशुभ माना गया है.

ज्योतिषी लगता है अपना पंचांग जनता कि लिए नहीं बल्कि व्यापारियों कि लिए बनाते है। वे कहते हैं कि धनतेरस को सोना, चांदी के आभूषण, सिक्के खरीदने चाहिए भूल कर भी आर्टिफिशियल आभूषण नहीं खरीदें यह अशुभ होता है.पंडित जी धनतेरस पर आपको कांस्य, पीतल, तांबा, चांदी आदि के बर्तन खरीदने की सलाह देते हैं साथ ही चेतावनी भी देते हैं कि आप स्टील के बर्तन खरीदी से बचें और एल्युमुनियम, लोहे से निर्मित बर्तन भूल कर नहीं ले। पंडितों का मश्विरा होता है कि बाजार से बर्तन खरीददारी के बाद घर के अंदर खाली बर्तन नहीं लाएं उसमें अंदर कुछ भर के लाएं जैसे अनाज या कोई अन्य खाद्य वस्तु। मेरा चूंकि खरीद-फरोख्त करते समय ज्योतिषियों से अधिक विश्वास अपनी जेब पर होता है इसलिए मै अपनी जेब की सुनता हूँ ,पंडित की नही। आपकी आप जाने ।मेरी और से आप सभी को धनतेरस की शुभकामनाएं।

**@ राकेश अचल**

## बैठकी

# "शर्मसार, बिहार की राजनीति"

**दैनिक समाज जागरण**

बैठकी जमते हीं उमाकाका बोल पड़े--"ए सरजी जिस तरह 60-65 साल के बाद सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त कर दिया जाता है उसी तरह राजनीतिक नेताओं के भी रिटायमेंट की उम्र निर्धारित होनी चाहिये। अन्यथा ऐसे हीं प्रदेश-देश, इन नेताओं के बेढंगीं बातों से शर्मसार होता रहेगा।"

का भइल बा ए काकाजी! जे नेतवन प पड़ी गइनीं!!--मुखियाजी,सोफे पर एक ओर बैठते हुए।

मुखियाजी,काकाजी के कथन से बस यही समझिये कि जिस राज्य में शराबबंदी लागू है वहां का मुख्यमंत्री ये कह रहा है कि "हंगामा है क्यों बरपा थोड़ी सी जो पी ली




है"। साथ में इंडी एलायंस के स्पोटर्स पार्टियां भी हैं।--मास्टर साहब भी ढंके ढ़ंके। ए भाई, साफ-साफ बुझाव लोग!--मुखियाजी बेचैन से।

मुखियाजी, 7 नवम्बर को नितीश बाबु,बिहार विधानसभा और विधानपरिषद में जातीय आरक्षण की सीमा बढ़ाने के दौरान, महिलाओं की शिक्षा और जनसंख्या नियंत्रण पर वक्तव्य देने के क्रम में स्त्री-पुरुष के यौन संबंधों की चर्चा करते हुए ऐसे वचन कहे जिसे सुनकर सदन में उपस्थित सभी महिला विधायक शर्मसार हो उठीं। जैसे सैक्स क्लास चल रहा हो।बस यही समझिये कि मैं भी उनके कहे शब्दों को दुहराने की जिल्लत नहीं उठा सकता। एक मुख्यमंत्री का, सदन में ऐसा वक्तव्य,कत्तई ग्राह्य नहीं हो सकता।--कुंवरजी स्पष्ट किये।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हमसभी एक-एक कप उठाकर पुनः वार्ता की ओर.......

अजी,सुशासन बाबु को जब समझ आया कि वे विपक्षियों को अवसर दे दिये तो अपने आपत्तिजनक बयान के लिये माफी मांग ली।लेकिन तीर तो कमान से निकल चूका था। विपक्षी और देश क्या विदेश में




भी आलोचना हो रही है। एक अफिर्की-अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका-मैरी मिलबेन ने नितीशजी का इस्तीफा मांगा है। बोली कि यदि मैं भारतीय नागरिक होती तो बिहार जाकर नितीश के खिलाफ चुनाव लड़ती।--डा. पिंटू हाथ चमकाये।

सच में सुशासन बाबु शठीया गये हैं तभी तो गुरुवार को जब बिहार विधानसभा में आरक्षण की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव पेश हुआ तो पूर्व सीएम जीवन राम मांझी को बोलने के लिये कहा गया। जब वे ये कहे कि बिहार में जमीनी स्तर पर राज्य के पास यह जानने का कोई मैकेनिज्म नहीं है कि आरक्षण से कितना फायदा हुआ!! बस इतना सुनते हीं, नितीश बाबु आग बबुला होकर तुम-ताम करने लगे जबकि मांझीजी उनसे उम्र और राजनीति में भी सिनियर रहें हैं। सत्ता के नशे में मुख्यमंत्री चूर थे या सच में मास्टर साहब ने जैसा कहा--हंगामा है क्यों बरपा......।--कहकर सुरेंद्र भाई मुंह बनाये।

अजी,मुख्यमंत्री के विधानसभा और परिषद




में सेक्सुअल बयान की राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा रेखा शर्मा ने भी आलोचना की है। वो तो यहां तक बोली कि जब राज्य का मुखिया हीं खुलेआम महिलाओं के प्रति इतना घटिया बयान देता है तो राज्य में महिलाओं की क्या स्थिति होगी कल्पना की जा सकती है।--उमाकाका खाली कप टेबल पर रखते हुए।

मांझीजी तो नितीश के व्यवहार को लेकर उनकी खुब आलोचना किये,फिर एनडीए के साथ धरना प्रदर्शन कर रहें हैं। मांझीजी, अब कह रहें हैं कि नितीशजी के खाने में धीमा जहर दिया जा रहा है तभी उनका दिमाग कंट्रोल में नहीं है और जल्द हीं उनके मरने की शाजिस की जा रही है ताकि सत्ता की कुर्सी हथियाया जाय।--कुंवरजी,अखबार एक ओर रखते हुए।

नितीश के दिमाग का फ्यूज उड़ गया है तभी तो नितीश बाबु अपनो मंत्री अशोक चौधरी के स्व.पिता के पुण्य तिथि पर पुष्प अर्पण, अशोक चौधरी के पिता की तस्वीर पर करने की जगह बेचारे अशोक चौधरी पर कर दिये। वहां उपस्थित सभी लोग नितीश के व्यवहार पर स्तब्ध रह गये थे।--डा.पिंटू ने सही कहा।

निर्लज्जता की भी हद है! उपमुख्यमंत्री तेजस्वी हो,जदयू के अन्य नेतागण या इंडी एलायंस के अन्य, नितीश के सेक्सुअल गंदे वक्तव्य को डिफेंड करने में लगें हैं। लेकिन इतना तो स्पष्ट है कि नितीशजी के इधर के व्यवहार, आगे इंडी एलायंस में उनकी प्रस्थिति को कमजोर तो कर हीं गया है।

अब इंडी एलायंस में प्रधानमंत्री का उम्मीदवार बनने की उनकी दावेदारी निश्चय हीं कमजोर हो गई। उनके प्रतिद्वंदी उन्हें मानसिक रूप से अस्वस्थ साबित करेंगें।--सुरेंद्र भाई अपनी कहे।

ए सरजी, राउर ए प का विचार बा!! आपहु कुछ बोलीं।-- मुखियाजी मेरी ओर देखकर।

मुखियाजी, नितीश बाबु ने विधानसभा में जो जनसंख्या नियंत्रण के संदर्भ में बोला वो ऐसे वक्तव्य के लिये उचित जगह नहीं था। अगर बात कहनी भी थी तो उसे सभ्य लहजे में और सांकेतिक ढंग से भी रखा जा सकता था। रही बात मांझीजी की जो उसने कहा कि आरक्षण के परिणामों की मोनिटरिंग एवं समीक्षा भी होनी चाहिए तो उन्होंने बिल्कुल सामयिक और राष्ट्रीय स्तर पर इसकी आवश्यकता की ओर इशारा किया है। संविधान में आरक्षण की अवधि मीत्र 10 बर्षों के लिये की गई थी लेकिन ये सामाजिक,आर्थिक उत्थान का जरिया न रहकर वोटबैंक की राजनीति का जबरदस्त टूल्स बनके रह गया है। परिणाम स्वरूप उत्तरोत्तर इसकी सीमा बढ़ती जा रही है और अब तो इसने अमरत्व का वरदान प्राप्त कर लिया है। सिर्फ बिहार हीं नहीं बल्कि पुरे देश में, संविधान लागू होने से लेकर आजतक, आरक्षण के प्रावधानों के परिणामों का अध्ययन तो होना हीं चाहिए। राष्ट्र को प्रतिभा की कितनी क्षति हो रही है,क्रीमीलेयर क्यों लाभ ले रहा तथा क्या आरक्षण हजारों बर्षों तक चलता रहेगा!! ऐसे प्रश्नों पर विचार करना,भारत के लिए आवश्यक हो चला है।

अब जैसा कि उमाकाकाजी ने नेताओं की




उम्र के संदर्भ में बात कही,वो निश्चय हीं विचारणीय है। एक उम्र के बाद हर मनुष्य की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता घट जाती है ऐसी स्थिति में प्रश्न तो उठता हीं है कि यहां राजतंत्र नहीं है जो सत्ताधारी ताउम्र सत्तासीन रहेगा। यहां लोकतंत्र है जहां राजनीति का उद्देश्य जनसेवा है न कि सत्त-ासीन रहना।ऐसी स्थिति में राजनीतिज्ञों की सेवानिवृति आयू का निर्धारित किया जाना आवश्यक है क्योंकि उनके एक गलत निर्णय से लाखों लोग प्रभावित होंगे।--मैं चुप हुआ।

एकदम सही कहनी हां सरजी। बाकि नितीश बाबु के जहां तक सवाल बा!इ साहब, अपना के आवश्यकता से अधिक सुपर बुझे लागल बाड़े।अब इनके घरी नियरा गइलबा। अच्छा अब चलल जाय।--कहकर मुखियाजी,उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी......!!!!!




**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**


# लक्ष्मी जी को पूजिए, लक्ष्मी पुत्रों को भी सम्मान दीजिए अशोक मधुप

**दैनिक समाज जागरण**

दीपावली` का माहौल है।इस अवसर पर हम घर की सफाई करते हैं।अंधकार को दूरकरने के लिए दीपे जलाते हैं। लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं। लक्ष्मी कीपूजा` इसलिए करते हैं कि`` हमारे घर धन संपदा से परिपूर्ण रहे। हमारे घर धन संपदा से भरपूर रहें, इसलिए लक्ष्मी जी की पूजो करते हैं।अपने शहर ,प्रदेश और देश के बारे में नही सोचते।हमें यह भी सोचनो चाहिए कि कैसे हमारा शहर,प्रदेश और देशे संपन्ने हो।कैसे लक्ष्मी पुत्र उनमें कल कारखाने लगाकर विकासे का रास्तो खोलें। कैसे अपने लोगों को रोजगार मिले।` हम दीपावली पर लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं,किंतु लक्ष्मी पुत्रों का निरादर करते हैं। जबकिलक्ष्मी के पुत्र देश और समाज को बनाने , उसके विकास करने में बड़ो योगदान करते हैं।दीपावली पर लक्ष्मी को पूजने के साथ साथ हमें लक्ष्मी पुत्रों का सम्मान भी करें। लक्ष्मी पुत्रोंको विश्व,देश और समाज के निर्माण में सदाबड़ो योगदान रहा है।उस योगदान को हम सभी को स्वीकारना चाहि-ए।उनका अपमाने नही करना चाहिए।` हाल ही में देश के बड़े उद्योगपति और वेदान्ता ग्रुप के चेयरमैने अनिल अग्रवाल की एक पोस्ट प्रसिद्धे हो रही है। इसमें पोस्ट में उन्होंने` राष्ट्र के निर्माण में उद्योगपतियों की भूमिका पर प्रकाश डाला है। वहे` कहते हैं कि वे जब अमेरिका ,ब्रिटेन या जापान आदि किसी लोकतांत्रिक देश को देखते हैं, तो इसबात का अहसास करते हैं कि जहां राजनेता देश का नेतृत्व करते और उसे शक्तिशाली` हैं, वहीं उद्यमी उस देश को बनाते हैं।वे अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहते हैं कि अमेरिका` का निर्माण पांच उद्यमी रॉकफेलर,एंड्रयू कानेर्गी, जेपी मार्गन,फोर्ड और वेंडर बिल्ट ने किया।इस सभी उद्योगपतियों नेअधिकांशे संपत्ति परोपकार के लिए` दान कर दी। अमेरिका ,ब्रिटेन और` जापान जैसे देशों का उदाहरण देते हुए वहकहतें हैं कि हमारे भारत में घरेलूउद्यमियों की भूमिको को कभी कभी कम करकेआंका जातो है।लेकिन देश के लिए वह जो कर सकतें हैं,वह कोई और नही कर सकता।वे विदेशी तकनीक और फंडों के साथे मजबूत गठजोड़ कर सकतें हैं। पोस्ट के अंते में वह कहते हैंकि अगर घरेलू उद्यमियों की कमाई होगी` तो वह अमेरिकी उद्यमियों की तरह ही परोपकार के लिए अपनी कमाई को` हिंस्सो दान कर सकेंगे।उनकी राय है कि सरकार को घरेलू कारोबारियों को अधिक सम्मानऔर मान्यतो देनी चाहिए, जिससे उन्हें प्रोत्साहन मिले।उनकी धारणो है कि व्यापारी मुकदमें बाजी आडिट और लंबी सरकारीप्रक्रियाओं से डरते हैं। उद्यमियों पर भरोसा करना और लाभ देना महत्वपूर्ण है।प्रत्येक लोकतांत्रिक देश जो अमीर बना है,वह ऐसा इसलिए कर पाया किक्योंकि उन्होंने उद्यमियों पर विश्वास रखा।उन्हें मान्यता दी और प्रेरित किया। आजे स-रकारें राजनैतिक हित केलिए किसानों की ही बात करती हैं। उनके लाभ के बारे में सोचती हैं।उन्हें खेती में प्रयोग होनेवालो कच्चा माल, बिजली, कीटनाशक` सस्ते दाम परे उपलब्ध कराती हैं। उनकी फसल का न्यूनतममूल्य निर्धारित करती हैं।क्या कोई प्रदेशे या देश अकेले किसानों के बूते तरक्की कर सकता है। कभी नही।किसीदेश के विकास में जितनो योगदान किसान का है`, उतनी ही



व्यापारी का।इनके बराबर ही मजदूर का।` किसी को भी कमतर नहीं कियो जा सकता। देश के विकास में प्रत्येक व्यापारी का योगदान है, चाहे वह छोटा हो याबड़ा। उनकी जरूरत और सुविधो का धयान रखा जानो चाहिए। सम्मान कियो जानो चाहि-ए।किंतु ऐसो होतो नही।हम व्यापारी को चोर और बेईमान बताने में लगे रहतेंहैं।कांग्रेस के एक नेता का तो सदा आरोपरहतो है कि प्रधानमंत्री एक व्यापारी को अपने साथे लिए घूमते हैं।वे ये नही देखते कि जिस व्यापारी को लेकर वह ये बात करते हैं,उनके देश में कितने कारखाने हैं। उन्होंने कितने करोड़ का निवेशकिया हुआ है। कितने लाख लोगों का रोजगारदियो हुआ है।उनसे संपर्क बनाकर ,उन्हें सुविधाऐं देकर हम देशे का और कितनो विकासे कर सकतें हैं। पिछले दिनों दिल्ली के आसपासचले किसान आंदोलन के दौराने तो व्यपारी कोबड़े पैमाने पर चोर और बेईमान बताने का अभियान चला। मोबाइल टावरों पर तोड़फोड़ की गई।उद्योगों को घेराव किया गया। रास्तों पर धरनो देकर आपूर्ति और माल की निकासी बाधित की गई। बंगालमें ममतो दीदी द्वारो नेनों के सिंगूर में कारखानो लगने के स्थान पर दिऐ धरने का प्रभाव रहा कि वे मुख्यमंत्री तो बन गईं किंतु बंगाल के विकास का रास्ता अवरूद्ध कर गईं। 2008 में शुरू हुए विवाद के बाद से अब तक कोई भी बड़ा प्राइवेट उद्योग बंगाल में नही लगा।प्रदेशे और देश के विकास के लिए उद्योगपतियों को सुविधो और सुरक्षित माहौल देनो होगा।पिछले दिनों पंजाब में भी उद्योगों के विरूद्ध भी कुछ विपरीत सोच दिखाई दिया।परिणामे यह है कि आज व्यपा-रीवहों भी जाने से` बच रहा है।पुरानेसमय से व्यापारियों का विकास में योगदान रहा है।वे पहले से ` सड़क ,स्कूल और धर्मशालाऐं` बनवाते रहेहैं। अपितु राज गंवा चुके महाराणो प्रताप को अपनी सेना खड़ी` करने के लिए``` भामाशाह ही मददकरते हैं। हल्दीघाटी के युद्ध के पश्चाते महाराणो प्रतापे जबे` अपने परिवार के साथ जंगलों में भटकरहे थे, तबे भामाश-ाहे ने उन्हें खोजकर अपनी सारी जमा पूंजी` समर्पित कर दी। भामाशाह ने` अपनी निजी सम्पत्ति में इतना धन दान दिया था कि-जिससे २५००० सैनिकों का बारह वर्ष तक निर्वाह हो सकता था। भामाशाह से` सहयोग से महाराणा प्रताप` में नया उत्साह उत्पन्न हुआ। उन्होंनेपुनः सैन्य शक्ति संगठित करे मुगले शासकों को पराजित करा और फिर सेमेवाड़` काराज्य प्राप्त किया। भामाशाह का` ये काम आजभी जारी है`। देश के बड़े उद्योगपति रतनटाटा हर साल` 1100 करोड़ रुपये डोनेट करते हैं। साल 2022 में सबसे बड़े दानवीर बनकर उभरे एचसीएल के फाउंडर शिव नादार ने पूरे वित्त वर्ष में 1161 करोड़ रुपये की बड़ी रकम दान की थी`। यही बात विप्रो के स्वामी अजित प्रेम जी के बारे में प्रसिद्ध है। इस बड़े व्यापारी द्वारो जो कामबडे सतर पर हो रहा हैं, वही काम छोटे व्यापारी अपने स्तर पर करते हैं`` आज गुजरात के विकासे का ये ही कारणे है।अपने मुख्यमंत्री काल में नरेंद्र मोदी ने सिंगूर के विवाद के दौरानटाटा अकेले को गुजरात में कारखानो लगाने को आमंत्रण नही दिया, अपितु उनके माध्यम से अपृत्यक्ष रूप से अन्ये उद्योगपतियों के भी गुजरात आने का रास्ता खोला`। इसीका फल है कि गुजराज आज विकास के क्षेत्र मेंबहुत आगे हैं।यहीं काम आज उत्तर प्रदेश में हो रहा है।यहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारो प्रदेश में स-ुरक्षा को माहौल पैदा करने से व्यापारियों में विश्वास बढ़ो है। आज` योगी जी के आहवान पर प्रदेश में बड़ेपैमाने पर निवेश हो रहा है।हम अमेरिका गए हुए थे। क्रूज पर न्यूयार्क घूम रहे थे।क्रूज के चालक की उस समये की बात मैं आज तक नही भूला।उन्होंने कहा था किवे जो विशाल भवन,बड़े उद्योग सामन` देखे रहे हैं`। ये सब आपके हमारेपूर्वजों की देन हैं।भारत, बंगला देश, पाकिस्तान,श्रीलंका अफ्रीको से आप से सब के पूर्वज यहां` आए ।उन्होंने ये सब खड़ा किया। ऐसो ही सब जगह है। किंतु भारतमें हम देश को विकासे में आगे बढ़ाने वाले व्यापारी को गाली देते हैं। कहते हैं कि बैंको का पैसा लेकर भागे रहे हैं। ध्यान रहे कि बैंक ऋण मूल्य से ज्यादाकी व्यापारी` की संपत्ति गिरवीं रखकर कर्जदेते हैं। व्यापार में नफा नुकसान होतारहतो है।घपला करने` वालेतो दो चार ही हैं,उनके आचरण का दोषे पूरे समाज को` तो नही दिया जा सकता।`` भारत को आगे बढ़ाने के लिए देश के विकास के लिऐ व्यापारियों को हमे चोर और बेईमान कहना छोड़नो होगा`। वे भामाशाह के वंशज हैं।उन्हेंविकास पुत्रे या विकासे पुरूषे की संज्ञा देनी होगी।उन्हेंभी सम्मान देनो होगा।सुविधाएं देनी होंगी`। । दीपावली पर लक्ष्मी को आह्वान करने के साथ इन विकास पुरूषों के स्वागतके लिए नगर प्रदेश और देश में रंगोली सजानी होगी।



**अशोक मधुप (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# कॉलेज ऑफ एजूकेशन बालिका बिलासपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वीप के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप एवं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में 09 नवम्बर 2023 दिन बृहस्पतिवार को कॉलेज ऑफ एजुकेशन बालिका बिलासपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वीप के तत्वावधान में "मतदाता जागरूकता पखवाड़ा" के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी अधिकारी सीमा राघव( नगर पंचायत बिलासपुर), मुख्य वक्ता स्वीप की कॉर्डिनेटर डॉ0 शालिनी व वंदना यादव मंच पर उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर मतदाता जागरूकता क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर टीम ए से ललित भाटी, मनीषा भाटी, द्वितीय टीम सी से अनामिका, काजल व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम बी की प्राची भाटी, सना सैफी को मुख्य अतिथि द्वारा पुरुस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता



डॉ0 सुनील यादव ने एवं कार्यक्रम संचालन डॉ. दयानिधि तिवारी ने किया। इस दौरान मंचासीन प्राचार्या डॉ0 निधि शुक्ला, बालिका कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 दीपिका मेहरा, बीटीसी पाठ्यक्रम की प्राचार्या लक्ष्मीसिंह तोमर, उपप्राचार्य डॉ. सुमित कुमार नागर व महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ0 भूपेन्द्र बसोया जी ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को मतदाता बनने के लिये जागरूक किया। इस कार्यक्रम में नरेन्द्र सिंह, फिरोज मलिक, डॉ. ब्रह्म कुमारी, डॉ. देवेंद्र भारद्वाज, डॉ. लक्ष्मी तोमर, डॉ. मंजू रानी डॉ. सुरेन्द्र सोलंकी, डॉ. जागृति चतुवेर्दी, अभिषेक अग्रवाल, पंकज शर्मा,अमित त्यागी , राजकुमार, श्री चन्द्र पाल, कु.सुजाता, कु. एकता, सुनीता शर्मा, अनिता, विकास त्यागी, अमर दीप, मनीष, हरेन्द्र शर्मा एवं राष्ट्रीय योजना से संबंधित छात्र-छात्रायें उपस्थित रही।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि आगे भी जिला निर्वाचन अधिकारी के निदेर्शों के क्रम में जनपद के स्कूल कॉलेजों में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वीप के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए प्रेरित करते हुए मतदान का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# माननीय मुख्यमंत्री जी की उद्घोषणा के क्रम में प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में निशुल्क गैस सिलेंडर वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

**निशुल्क गैस सिलेंडर वितरण कार्यक्रम के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी के लखनऊ कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण।**

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मा0 जनप्रतिनिधियों के द्वारा लाभार्थियों को डमी चेक किए गए वितरित।**

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा के अनुरूप एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की उद्घोषणा के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को निशुल्क गैस सिलेंडर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जेवर क्षेत्र के माननीय विधायक धीरेंद्र सिंह, सदस्य उत्तर प्रदेश विधान परिषद श्री चंद शर्मा, जनपद के माननीय जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, वरिष्ठ निरीक्षक बाट माप रामअवध यादव, लीड बैंक प्रबंधक विदुर भल्ला तथा तेल कंपनी नेशन के प्रतिनिधि, बिक्री अधिकारी आइ.ओ.सी.एल, एचपीसीएल गैस एजेंसी के स्वामीगण व उज्वला योजना के 200 लाभार्थी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी का लखनऊ में आयोजित हो रहे कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की सराहना करते हुए लाभार्थियों को उनकी विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध कराई।

जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस सिलेंडर वितरण कार्यक्रम में आज लाभार्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से 600.50 रुपए की धनराशि का प्रतीकात्मक चेक दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर के मूल्य के बराबर सब्सिडी उनके खातों में अंतरित हो जाएगी और सिलेंडर उन्हें निशुल्क प्राप्त होगा।

# उप जिलाधिकारी सदर एवं खान अधिकारी के द्वारा बालू व मिट्टी के अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर 2 डम्पर किये गये जप्त।

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के नेतृत्व में जनपद में अवैध खनन एवं बालू व मिट्टी के परिवहन पर अंकुश लगाने तथा ग्रेप के नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से टास्क फोर्स समिति के द्वारा निरंतर अभियान चला कर जनपद में कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

इसी श्रृंखला में उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस देर रात्रि प्राप्त शिकायत के आधार पर जिला खान अधिकारी एवं थाना ईकोटेक 1 से उप निरीक्षक महिपाल सिंह के साथ संयुक्त



कार्रवाई करते हुए फॉरेस्ट के लिए रिजर्व भूमि मुरसदपुर वन ब्लॉक पार्ट 4 यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की जमीन पर बालू व मिट्टी के अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर 2 डम्पर को जप्त किया गया है। जिला खान अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए डम्परों को आगे की कार्यवाही के लिए पुलिस थाना ईकोटेक 1 को सुपुर्द करते हुए प्राथमिक की दर्ज कराई गई।

जिला खान अधिकारी ने बताया कि आगे भी जिलाधिकारी के नेतृत्व में अवैध खनन पर अंकुश लगाने एवं ग्रेप के नियमों का जनपद में पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से टास्क फोर्स समिति के द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई

# आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय सेक्टर 39 नोएडा में आयुष कैंप का किया गया आयोजन।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने जानकारी देते बताया कि आयुर्वेदिक दिवस के उपलक्ष्य में आज जिला चिकित्सालय सेक्टर 39 नोएडा में आयुष कैंप का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आयोजित कैंप में आयुष औषधियों का निशुल्क वितरण किया गया तथा जन सामान्य को आयुष विद्या, खान पान, दिनचर्या, मोटे अन्न आदि के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जनपद में अन्य जगहों



पर भी कैंप आयोजित किए गए। कैंप में एनआईएमए नोएडा एवं लायंस क्लब ने भी योगदान दिया। आयोजित कैंप में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर

## हापुड़ का यह सरकारी स्कूल... महंगे प्राइवेट स्कूलों को दे रहा मात! जानें कैसे हुआ ये चमत्कार?

हापुड़. उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में एक ऐसा सरकारी स्कूल है, जो महंगे महंगे प्राइवेट स्कूलों को टीचिंग को मात दे रहा है. यहां के शिक्षक स्कूल में आने वाले बच्चों को आधुनिक तरीके से शिक्षा दे रहे हैं. स्कूली बच्चों को होनहार बनाने के लिए अनूठे प्रयास कर रहे हैं. यहां छात्रों को किताबी ज्ञान के अलावा शिक्षक कम्प्यूटर का ज्ञान भी दे रहे हैं. यही वजह है कि यहां के छात्र स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं.

बुलंदशहर रोड स्थित नवादा परिषदीय विद्यालय में पढ़ाई का माहौल ऐसा है, जैसे महंगे प्राइवेट स्कूलों में होता है. यहां पढ़ाई कराने वाली टीचर्स भी बच्चों की मानसिक स्थिति को भांपते हुए उन्हें उनके बेहतर भविष्य के लिए तैयार कर रहें हैं. यहां आने वाले छात्र-छात्राओं को पढ़ाई का रट्टू तोता नहीं बनाया जाता से बल्कि टॉय बेस्ड टीचिंग दी जा रही है.

# डीपाल स्कूल में बच्चों ने दीपावली महोत्सव को धूमधाम से मनाया

## बच्चों ने ग्रीन दिवाली मनाने का संकल्प लिया

**समाज जागरण**

बिसौली आई एम खान। डीपॉल स्कूल में बाल दिवस एवं दीपावली महोत्सव को बड़ी धूमधाम से बनाया गया। बच्चों ने दीपावली के पर्व पर ग्रीन दिवाली मनाने का संकल्प लिया।




कार्यक्रम का शुभारंभ डीपॉल स्कूल के प्रबंधक फादर डॉ. मार्टिन वीसी एवं कार्यवाहक प्रधानाचार्या सिस्टर रोजिट ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। उसके उपरांत छात्र एवं छात्राओं ने प्रार्थना गीत गाया। कक्षा चार के छात्र आधविक द्वारा बाल दिवस एवं दीपावली के उपलक्ष में भाषण दिया। अपने भाषण में बताया की बाल दिवस नेहरू जी के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाता है। नेहरू जी का मानना था कि देश के भविष्य की सफलता और समृद्धि बच्चों की समृद्धि पर निर्भर करती है। उनका मानना था कि कोई भी राष्ट्र तब तक पूरी तरह विकसित नहीं हो सकता जब बच्चे वंचित और कमजोर हो। इसके साथ ही दीपावली पर ग्रीन दिवाली मनाने की भी प्रेरणा दी। कक्षा 5 के छात्र एवं छात्राएं अनन्या, पावनी, अंबिका, नित्या, इशिता, प्रतिष्ठा बघेल, अगरिया रस्तोगी, सार्थक, स्पर्श, वंश गुप्ता, अनंत, स्वरित, कुशाग्र तथा अरनव आर्य ने एक नाट्य प्रस्तुत कर दीपावली को मनाने का सही तरीका समझाया। स्कूल के प्रबंधक फादर डॉक्टर मार्टिन वीसी ने अपने भाषण में बताया की बाल दिवस और दीपावली दोनों महत्वपूर्ण त्यौहार है दिवाली रोशनी का त्यौहार है हम लोग दीपावली के दिन भगवान को पूजते हैं और मानते हैं कि भगवान हमारे साथ है और हमारे अंदर है परंतु दूसरी तरफ हम पटाखे जलाकर प्रदूषण करके भगवान के बनाई हुई दुनिया को प्रदूषित करते हैं तो इस प्रकार भगवान हमसे कैसे प्रसन्न होंगे। उन्होंने कहा कि हमें दिवाली पर पटाखे नहीं बल्कि प्रदूषण रहित दीवाली मनाना है। कार्यक्रम का समापन जतिन कुमार मिश्रा के द्वारा सभी को धन्यवाद कहते हुए किया गया।

# अपहरण और दुष्कर्म में सलमान को आजीवन कारावास की सजा

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर नजीबाबाद /जलालाबाद मिली जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के तहसील नजीबाबाद क्षेत्र के कस्बा जलालाबाद मे विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट पारुल जैन ने अपहरण एवं दुष्कर्म का दोषी पाते हुए सलमान को आजीवन कारावास और 26 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि में से 23 हजार रुपये पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा पीड़िता को एक लाख की धनराशि विधिक सेवा प्राधिकरण से दिए जाने की संस्तुति की है।

शासकीय अधिवक्ता भालेंद्र सिंह राठौर के अनुसार नजीबाबाद की एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 फरवरी 2020 की शाम करीब चार बजे वह बाजार से सामान खरीदने गई थी। घर पर उसकी पुत्री अकेली थी। इस दौरान उसकी नाबालिग पुत्री को सलमान निवासी तकियेवाली गली जलालाबाद बहला फुसलाकर भाग ले गया। जब वह नहीं मिली तो रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने लड़की को बरामद किया। कोर्ट में लड़की ने उसे बहला फुसलाकर ले जाने एवं सलमान द्वारा दिल्ली में उसके साथ दुष्कर्म किए जाने की पुष्टि की थी। कोर्ट ने सलमान को अपहरण एवं दुष्कर्म का दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

# पोस्टकार्ड लिखकर जताया मुख्यमंत्री के प्रति आभार

## संभल परिक्रमा पथ निर्माण की खुशी में हिंदू जागृति मंच ने लिखे 551 पोस्टकार्ड


**दैनिक समाज जागरण**

संभल।संभल तीर्थ परिक्रमा का मार्ग बनने की खुशी में हिंदू जागृति मंच ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को 551 पोस्टकार्ड लिखकर खुशी जताई और आभार व्यक्त किया। आज सरस्वती विद्या मंदिर, ज्ञानदीप मंदिर, बालाजी ज्ञान ज्योति संस्थान जैसे अनेक स्कूलों में पहुंचकर समाज सेवी और विद्यालय के अध्यापक गण से पोस्टकार्ड लिखवाए गए।

इस अवसर पर हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि अब से 17 वर्ष पूर्व हिंदू जागृति मंच ने 30 वर्षों से रुकी हुई संभल तीर्थ परिक्रमा को पुनर्जीवित किया और आज वट वृक्ष के रूप में लाखों श्रद्धालुओं के साथ परिक्रमा की जाती है और अब प्रदेश सरकार की भी दृष्टि परिक्रमा पथ निर्माण के लिए उठी है। संभल जिला प्रशासन और सक्रिय हिंदू संगठन संचालकों के साथ परिक्रमा पथ का निर्माण निरंतर अच्छे से और अधिक अच्छा होता जा रहा है। अगले वर्ष तक परिक्रमा का मार्ग पूरी तरह से पक्का, सुसज्जित और सुंदर बनकर तैयार होगा। इसमें प्रदेश सरकार की भूमिका अपेक्षित है और सराहनीय भी।



सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने सभी समाजसेवियों और संगठन संचालकों से पोस्टकार्ड लिखकर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन को बधाई देकर आभार व्यक्त करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि संभलवासी चाहे परिक्रमा करता है या परिक्रमा करने वालों का उत्साहवर्धन करता



है या किसी न किसी प्रकार से प्रत्यक्ष और परोक्ष सहयोग करता है। सभी वंदन के पात्र हैं। और सभी अपने-अपने स्तर पर खुशी व्यक्त कर रहे हैं। हिंदू जागृति मंच के तत्वावधान में 551 पोस्टकार्ड लिखकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे जा रहे हैं। जिससे उन्हें आभास हो कि संभल परिक्रमा पथ के निर्माण होने से प्रत्येक संभलवासी आह्लादित है, उत्साहित है। मुख्यमंत्री के रूप में गोरक्षपीठाधीश्वर को इस अच्छे निर्णय के लिए नमन करता है। इस अवसर पर भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला कोषाध्यक्ष पंकज सांख्यधर, विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक अशोक कुमार गर्ग, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, ज्योति भटनागर, पूजा शर्मा, संदीप भटनागर, शेर सिंह, विजेंद्र सिंह, राकेश कुमार, बचन सिंह, गौरव, साक्षी, रुचिता, वर्षा, आदि अनेक समाजसेवियों ने अपने विचार व्यक्त किये और हिंदू जागृति मंच द्वारा आयोजित किया जा रहे बधाई कार्ड लेखन कार्यक्रम की प्रशंसा की। बताया गया कि इस वर्ष संभल तीर्थ परिक्रमा 17 व 18 नवंबर को होगी यह परिक्रमा कार्तिक शुक्ल चतुर्थी व पंचमी को प्रतिवर्ष आयोजित होती है। सभी क्षेत्रवासी ईस परिक्रमा में भाग लेंगे और उत्तम व्यवस्था व सुंदर वातावरण में सभी के परस्पर सहयोग से परिक्रमा में असंख्य श्रद्धालु भाग लेंगे। कोई और भी हो सकता है कार्यक्रम का संचालन हिंदू जागृति मंच की प्रदेश प्रभारी आशा गुप्ता ने किया।

# धूल और धुएं का हो चालान

-राजेश बैरागी- मैं रात्रि में थोड़ा देर से सोने का आदी हूं। लिखने पढ़ने के शौक के कारण। अभी सोया ही था कि आकाश की चीत्कार से हड़बड़ा कर आंखें खुल गईं। मैंने कल दिन में ग्रेटर नोएडा से नोएडा जाने आने के दौरान देखा कि आकाश की आंखें धूल और धुएं से लाल हो रही थीं जबकि हमेशा लाल रहने वाला सूरज धुंधला रहा था। ठंड के आगमन के साथ वायु थककर गतिहीन हो जाती है। परंतु वाहनों के इंजन से एक पाइप (साइलेंसर) के जरिए फुर्र से निकलकर आकाश को छूने की हिमाकत करने वाला धुआं थोड़ा ऊपर जाकर लटक जाता है। प्रदूषण नियंत्रण के लिए लागू किया जाने वाला ग्रैप अपने खैरख्वाहों की बेईमानी का शिकार होकर खीझता रहता है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ग्रैप लागू कर समझ लेता है कि सरकारी कारिंदे इसे निश्चित ही अमल करा देंगे और नागरिक तो आज्ञाकारी बच्चे की भांति आंख मूंदकर उसके निदेशों का पालन करेंगे ही। एक निमार्णाधीन भवन के स्वामी का फोन आया। कोई सरकारी सेवक उन्हें ग्रैप के अनुसार काम रोकने के लिए कहने आया था। उसकी आंखें लाल थीं।भवन स्वामी ने उसके हुजूर में दक्षिणा पेश की। उसकी आंखें धुंधला कर झुक गईं। ग्रैप की गरिमा और लोगों की जान ऐसे ही बचती है। शासन प्रशासन के शीर्ष अधिकारी प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए बैठकें कर रहे हैं।अपर मुख्य सचिव से लेकर मंडलायुक्त तक बंद कमरों और खुली सड़क पर प्रदूषण रोकने के उपाय तलाश रहे हैं। हालांकि ग्रैप के दायरे में जिन छोटे छोटे कारणों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, प्रदूषण में उनका योगदान न के बराबर है। परंतु इन्हीं से ग्रैप लागू कराने वालों का प्रदूषण दूर होता है। हालांकि सड़कों पर उड़ रही धूल पर किसी का नियंत्रण नहीं है। प्राधिकरण और अन्य स्थानीय निकायों के कर्मचारी सड़कों के बीच में और किनारों पर धूल इकट्ठी कर दे रहे हैं ताकि वह फिर उड़ सके। तो आकाश की चीत्कार से हड़बड़ा कर आंखें खुलीं तो खुली रह गईं।आकाश रो रहा था।

# नोएडा सेक्टर 45 आम्रपाली योग केन्द्र पर दीपावली प्रकाशोत्सव का आयोजन।

**समाज जागरण नोएडा डेस्क**

नोएडा सेक्टर 45 स्थित आम्रपाली केन्द्र पर भारतीय योग संस्थान के द्वारा दक्षता क्लास, अधिकारियों का बैठक और दीपावली प्रकाशोत्सव का धूम-धाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ श्रीमती विमला पंवार जी द्वारा स्वागत संबोधन के बाद दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके उपरांत सभी को दीपावली पर्व धनतेरस की शुभकामनाएं ज्ञापित की गई।

आम्रपाली सफायर, प्रतीक एवम एनआरआई साधना केंद्रों की सामुहिक दक्षता क्लास (योगाभ्यास) जिला प्रधान श्री हीरा सिंह बिष्ट, जिला मंत्री श्री चंद्र मोहन नागपाल, क्षेत्र 3 की प्रधान श्रीमती स्वदेश जी एवम क्षेत्रीय मंत्री श्री मोहिंदर सिंह के मार्ग दर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर उपस्थित सभी केंद्रों के केंद्र प्रमुखों ने आसनों एवम प्राणायाम का अभ्यास कराया और इनकी समीक्षा जिलाधिकारियों द्वारा की गई।



आम्रपाली योग साधना केंद्र की प्रमुख श्रीमती हेम लता सोनी की अनुपस्थिति में श्रीमती विमला पंवार ने कार्यक्रम को सुन्दर ढंग से संचालित किया। इसके अलावा प्रतीक स्टाइलोम योग केंद्र के प्रमुख श्री सुदर्शन मल्होत्रा , एनआरआई केंद्र की प्रमुख श्रीमती शशि अग्रवाल , सेक्टर 34 केंद्र की प्रमुख श्रीमती हेमा जी एवं सेक्टर 52 केंद्र के प्रमुख श्री जगमोहन राजपूत जी का सहयोग सराहनीय रहा।

आज के इस विशेष कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों की संख्या लगभग 40 थी। कार्यक्रम के समापन से पूर्व भजनों के समागम ने कार्यक्रम में समा बांध दिया। इस अवसर प्रांतीय स्तर पर योग्य साधक, शिक्षक,योग्य गायक,योग्य वक्ता एवं अन्य क्षेत्रों में प्रतिभा के चयन हेतु जिला प्रधान ने सभी केंद्रों से नामों के प्रस्ताव का आव्हान किया। प्रार्थना ,शांति पाठ तथा प्रसाद वितरण के उपरांत कार्यशाला समाप्त हुई।

# ग्राम प्रधान को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतारा, क्षेत्र में सनसनी

**एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतक प्रधान के हथियारों का पता लगाकर सख्त कानूनी कार्रवाई की निर्देश दिए**

बिसौली आई एम खान। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव लखनपुरा में ग्राम प्रधान की सोते वक्त निर्मम हत्या से सनसनी फैल गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने ग्राम प्रधान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव लखनपुरा में ग्राम प्रधान शिवचरन लोधी अपने घर पर बीती रात्रि सो रहे थे। बताया जा रहा है कि अज्ञात हत्यारों ने रात्रि में किसी वक्त उन पर कुल्हाड़ी से हमला बोलते हुए निर्मम तरीके से मौत के घाट उतार दिया। परिजनों को वारदात की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और हत्यारों का पता लगाने के मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

इधर ग्राम प्रधान की निर्मम हत्या से इलाके में हडकंप मच गया है। एसएसपी डॉ.ओमप्रकाश सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतक ग्राम प्रधान के परिजनों से बात की और पूरे मामले में जांच पड़ताल कर हत्यारों का पता लगाकर थाना पुलिस को सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए है। एसएसपी डा. ओ. पी. सिंह ने बताया बदायूं जिले के



वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव लखनपुरा के ग्राम प्रधान शिवचरन लोधी अपने घर पर कमरे में सो रहे थे। जिस कमरे में सो रहे थे उसमें दरवाजा भी नही है। बीती रात्रि में कुल्हाड़ी से वार कर किसी ने इनकी हत्या कर दी है। परिजनों से तहरीर ली जा रही है। प्रथम दृष्टता गांव के ही नन्हें लोधी से विवाद होना बताया है। इस संबंध में थाना वजीरगंज पर हत्या का अभियोग पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही जा रही है।

# टाटा से चलेगी छपरा के लिए छठ स्पेशल,जानिए समय

## रेल खबर.

छठ पर्व में यात्रियों की हो रही भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल ने टाटा से छपरा के लिए स्पेशल ट्रेन चलने का निर्णय लिया है. यह ट्रेन टाटा छपरा के बीच दो फेरे लगाएगी. इसको लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे ने अधिसूचना जारी कर दी है. अधिसूचना के मुताबिक गाड़ी संख्या 08181 टाटा छपरा एक्सप्रेस 15 नवंबर और 22 नवंबर को टाटा से दिन के 1:20 पर प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 3:00 बजे छपरा पहुंचेगी. इस प्रकार गाड़ी संख्या 08182 छपरा टाटा एक्सप्रेस 16 नंबर और 23 नवंबर को छपरा से सुबह 6:00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात के 8.45 मिनट पर टाटा पहुंचेगी. टाटा-छपरा-टाटा एक्सप्रेस का आने जाने के क्रम में कांड्रा, चांडिल, पुरुलिया अनारा, जय चंडी पहाड़, बर्नपुर, आसनसोल, जामताड़ा मधुपुर जेसीडीह,झाझा,क्यूल, बरौनी,शाहपुर पटौरी ,हाजीपुर में ठहराव होगा. इस ट्रेन मे 22 कोच होंगे.



**रांची – जयनगर – रांची दिवाली/छठ पूजा स्पेशल**

वही रांची -लहरियासराय-रांची के बाद रांची से भी एक स्पेशल ट्रेन चलेगी. गाड़ी संख्या 08105 रांची झ जयनगर स्पेशल दिनांक 11.11.2023 और 18.11.2023 को 23.55 बजे रांची से रवाना होगी और अगले दिन 15.30 बजे जयनगर पहुंचेगी. वापसी दिशा में 08106 जयनगर-रांची स्पेशल दिनांक 12.11.2023 और 19.11.2023 को 17.00 बजे जयनगर से रवाना होगी और अगले दिन 09.00 बजे रांची पहुंचेगी.

आने जाने के क्रम में यहस्पेशल ट्रेन मुरी, झालिदा, बोकारो स्टील सिटी, धनबाद, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी में रुकेगी.

## लूटकांड को अंजाम देनेवाला दो अपराधी गिरफ्तार, देसी कट्टा सहित नगद रुपये बरामद।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएनबी बैंक के समीप से लूटकांड को अंजाम देने वाले दो अपराधियों को एक लोडेड देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि दोनों अपराधी पीएनबी बैंक के समीप घात लगाए बैठे हुए थे। सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की गई जिसमें अपराधियों के पास से दो स्मार्ट फोन 13000 नगद रुपए व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल हिरो पैसन प्रो बी आर 02 जेड 6600 भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोह थाना क्षेत्र के पेमा गांव निवासी अशोक दास के पुत्र रौशन कुमार व दिलीप सिंह के पुत्र प्रिंस कुमार शामिल है। गौरतलब हो कि 6 नवंबर को असेयास गांव निवासी रेखा कुमारी एसबीआई बैंक से पैसे निकासी कर बाजार करने जा रही थी। जैसे ही पीड़ित महिला गोलापर के समीप पहुँची थी कि बाइक सवार दो अपराधियों ने पीछे से झपाटा मारकर थैले में रखे 34000 रुपये लेकर फरार हो गए थे। इस मामले में महिला के द्वारा गोह थाना कांड संख्या 341/23 दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन शुरू की और दोनों अपराधियों को थाना मुख्यालय स्थित पीएनबी बैंक के समीप से गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है।

## गोह थाना परिसर में दिपावली व छठ पर्व को लेकर बीडीओ व थानाध्यक्ष ने किया शांति समिति का बैठक

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना परिसर में दीपावली व छठ पर्व को शांतिपूर्ण



मनाए जाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित कि गई।थानाध्यक्ष कमलेश पासवान व बीडीओ राजेश कुमार दिनकर ने जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों के साथ बैठक करते हुए कहा कि पर्व को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने का दायित्व हम सभी को बनता है।थानाध्यक्ष ने कहा कि पूजा पंडाल, जुलूस के लिए लाइसेंस जरूरी है।डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित है।डीजे कहीं इस्तेमाल होता है तो मालिक व पूजा कमिटी पर कानूनी करवाई की जाएगी।सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए एसडीओ से अनुमति लेना होगा। तथा पटाखे से किसी प्रकार की घटनाएं नहीं हो इस पर भी ध्यान रखना जरूरी है। इस बैठक में चापुक मुखिया अशोक मिस्त्री , रामपुर सरपंच राजू रंजन उर्फ आल्हा, देवरंजन दास अम्बेडकर, रणधीर पासवान,रामध्यान सिंह,रामजी कुमार, विकास कुमार
विरेन्द्र कुमार, योगेंद्र कुमार, भुवन साव, पिंटू साव, राजेश गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## अमझरशरीफ के बड़ी दरगाह परिसर में अधिकारियों ने लगाया शिविर

**दैनिक समाज जागरण, प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता, हसपुरा**

औरंगाबाद(बिहार) -- अमझरशरीफ के बड़ी दरगाह परिसर में पंचायत स्तरीय समस्याओं का निष्पादन के लिए शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर जिला अल्पसंख्यक पदाधिकारी नीलम कुमारी सहित सभी विभाग के स्थानीय अधिकारी उपस्थित थे। शिविर में अमझरशरीफ पंचायत के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। जिसमें सबसे अधिक राशन कार्ड से संबंधित 80 आवेदन प्राप्त हुआ है। वहीं श्रम संसाधन से संबंधित 27 , पशुपालन से संबंधित 10 , मछली पालन से संबंधित 4 , मनरेगा से संबंधित 13 , समाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित 4 आवेदन ग्रामीणों ने दिया। शिविर में शामिल बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, प्रभारी सीओ डा.शोभा कुमारी,बीपीआरओ वीरेन्द्र चौधरी,पीओ शशि कुमारी, पंचायत सचिव अविनाश कुमार, मुखिया पम्मी कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी, उपमुखिया ताहिर कुरैशी, बैंक के भुषण कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं गांव के अंतिम बसावट तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंचायत स्तरीय शिविर लगाया गया है। शिविर के सफल आयोजन पर पूर्व मुखिया ललन पंडित,मानदीप चौधरी,अबरार अहमद,भोला कुरैशी,नकी इमाम कादरी,हर्ष कुमार, सुधीर कुमार,राजेश्वर राम , वीरेन्द्र सिंह, अमरेश कुमार ,तकी इमाम कादरी, परवेज कुरैशी, बिन्दु सिंह, सतेन्द्र सिंह, फैजान कादरी ने अधिकारियों व ग्रामीणों के प्रति आभार जताया है।

## अपराधियों ने वृद्ध अमीन को मारी गोली, मौत

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 10 नवंबर 2023 : शुक्रवार की सुबह अपराधियों ने एक वृद्ध की गोली मार कर हत्या कर दी। मामला माली थाना क्षेत्र के कोल मंझौली मोड़ के समीप की है ।मृतक की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के चिल्हकी बिगहा गांव निवासी इंद्रदेव मेहता के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार इंद्रदेव मेहता पेशे से अमीन थे। उन्हें जमीन मापी के लिए घटना स्थल पर बुलाया गया था। इस बीच घात लगाए अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया और भाग निकले। गोलियों की आवाज सुनकर आस-पास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। जिनके द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई हैं। फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात कर रही हैं। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ हो सकता है। अपराधियों ने अधेड़ व्यक्ति को सीने और पेट में दो गोली मारी हैं। परिजनों द्वारा प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन की जाएगी।

## धनतेरस को लेकर बाजार में खरीदने वालों की दुकानों पर लगी रही भीड़.

**समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद (बिहार)- बिहार के औरंगाबाद में धनतेरस के दिन बाजारों में सामान खरीदने वाले लोगों की भीड़ दुकानों पर लगी रही. बर्तन की दुकान , झाड़ू की दुकान से लेकर अन्य वस्तुओं को खरीदने के लिए लाइन में कतार बध तरीके से लग रहे . लोगों का मानना है कि आज के दिन अर्थात धनतेरस के दिन कोई वस्तु खरीदने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है. वहीं दूसरी तरफ शत्रुओं का नाश होता है. इसी परंपरा को लेकर धनतेरस के दिन माता लक्ष्मी को अपने घरों में पूजा अर्चना करने के लिए धनतेरस के दिन अन्य प्रकार के वस्तुएं खरीदते हैं. वही धन्य धन से लोग सुख में जीवन यापन करने लगते हैं. ऐसे तो बाजारों में चाइनीज बल्ब से लेकर रंगीन कागजों का रंगोली भी खरीदने वालों की दुकानों में भीड़ लगी रहे. लोगों का कहना है कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष धनतेरस के दिन सामानों की खरीद करने वालों की कमी देखी गई. कुमारी सुधा आनंद ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि इस वर्ष धान की खेती समय पर वर्षा के अभाव के कारण नहीं हो पाया. जिसके कारण वस्तुओं को खरीदने में लोग दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं. केवल लोग कोरा पूरा करते दिखे .

# ग्रामीण चिकित्सक का बेटा पंकज बना नगर कार्यपालक पदाधिकारी घर में खुशी का माहौल।

**समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

जिले के टंडवा में ग्रामीण चिकित्सक का बेटा 67वां बीएससी में लहराया सफलता का परचम। बना नगर कार्यपलक अधिकारी घर में खुशी का माहौल । थाना अध्यक्ष टंडवा मनोज कुमार तिवारी, और गौतम बुद्ध महिला सेवा संस्थान के सचिव , धनंजय वैद्य ने माला और अंग वस्त्र देकर किया सम्मान।

पैतृक गांव बिरहिमपुर कुटुंब, वर्तमान टंडवा निवासी ग्रामीण चिकित्सक सुग्रीव मेहता के बड़े पुत्र पंकज कुमार ने 67वां बीपीएससी परिक्षा में 213 रैंक लाकर नगर कार्यपालक पदाधिकारी बनने का इतिहास रचा है।

पंकज अपने सफलता के लिए मां कांति देवी पिता सुग्रीव मेहता,भाई नीरज कुमार, बहन कांति कुमारी सहित मित्रों का पूरा-पूरा श्रे देते है।

वही पंकज की मां कांति देवी ने बताया कि मैं अपने बच्चों को मेहनत काश होने का पाठ पढ़ाया है काफी गरीबी में हमारे बच्चे पाले बड़े हैं मुझे



काफी खुशी मिल रही है कि आज मेरा रिश्ता अपने मेहनत के बल पर कठिन परीक्षाओं में भी परचम लहराया है। वही पिता सुग्रीव मेहता ने बेटे की सफलता के लिए जो परिश्रम किया है वह आज खुद को सफल मानते हैं। भाई नीरज कुमार जहां आगरा से बीएमसी कर रहा है वहीं उनकी बहन पिंकी कुमारी सिंह कॉलेज औरंगाबाद से बीएससी में पढ़ाई कर रही है छोटे भाई बहनों के लिए बड़े भाई की सफलता प्रेरणा स्रोत है। उक्त मौके पर समाजसेवी राजेश कुमार विजय कुमार दुबे आलोक अग्रवाल जिला संवाददाता अविनाश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे सभी ने कहा कि पंकज ने हमारे जिला प्रखंड और ग्राम का नाम रोशन किया है अन्य लोगों के लिए भी पंकज आदर्श बना है युवा यूतियां छात्र-छात्राएं पंकज की प्रतिभा से सीख लेने की जरूरत है।

# एनडीए गठबंधन छोड़ने के बाद विवेकहीन, अमर्यादित और अपसंस्कृति के द्योतक हो गए है मुख्यमंत्री - प्रमोद सिंह

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

औरंगाबाद ।लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के प्रदेश महासचिव व रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रह चुके जिले के प्रखर समाजसेवी प्रमोद सिंह ने शुक्रवार को एक प्रेस बयान जारी कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विवेकहीन, अमर्यादित एवं अपसंस्कृति का द्योतक बताया है।साथ ही साथ उन्होंने उन्हे दलित विरोधी करार दिया है।श्री सिंह ने ' संगति से गुण होत है,संगति से गुण जात ' वाली एक प्रचलित कहावत का उदाहरण देते हुए कहा है कि उन्होंने ने जबसे एनडीए छोड़ा है तबसे उनका आचरण, व्यवहार एवं बोलने की शैली में उच्चश्रृंखलता आ गई है तथा वे अपने पद की गरिमा और मयार्दा को भूल गए हैं।यही कारण है कि दोनो सदनों में जिस तरीके से उन्होंने लाज, हया और शर्म को तिलांजलि देते हुए महिलाओं को अपमानित कर देश में बिहार को शर्मशार करने का काम किया है।उसे कोई भी सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता और जिसने स्वीकार किया और जो उनके समर्थन में खड़े हैं उनके बारे में समझा जा सकता है कि वे किस समाज से जुड़े हुए हैं।श्री सिंह ने बताया कि बचपन से हमें अपनी सभ्यता और संस्कृति से जुड़कर रहने, बड़ों एवं महिलाओं के लिए हमेशा सम्मान



देने की बाते सिखाई जाती है।मगर मुख्यमंत्री ने अमर्यादित टिप्पणी कर अपनी मां की कोख को भी कलंकित कर दिया।भले ही मुख्यमंत्री ने अपने उक्त बच्चन के लिए क्षमा मांग ली हो मगर इस जीवन तो क्या अगले जीवन में भी उससे मुक्ति नहीं मिल सकती।उन्होंने कहा कि जिस देश में महिलाओं को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है,जिस देश में कन्या की पूजा की जाती है।इस देश के एक राज्य का मुख्यमंत्री अपने जुबान से पतित बात करे तो यह सोचा जा सकता है कि उसका दृष्टिकोण क्या है।श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की विवेकहीनता यही समाप्त नहीं हुई बल्कि गुरुवार को भी वे शब्दों की मयार्दा भूलकर दलितों के मसीहा पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को सदन में अपमानित करने का काम किया है। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि उनके ऊपर संगति का असर पड़ चुका है और वे अपनी मानसिकन संतुलन खो चुके है।श्री सिंह ने बिहार के राज्यपाल से भी अपील की है कि इस मामले को संज्ञान में लेकर केंद्र को अपनी रिपोर्ट भेजें।क्योंकि अब ऐसे व्यक्ति के हाथ में बिहार की सत्ता नही दी जा सकती।क्योंकि इनकी कार्यशैली से विश्व में बिहार की छवि धूमिल हो रही है।

# टंडवा सूर्य मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय पुनपुन महोत्सव मानाने को लेकर बैठक संपन्न।

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

टंडवा सूर्य मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय पुनपुन महोत्सव को लेकर आज पुनपुन महोत्सव कमेटी की बैठक संपन्न की गई ।

बैठक में महोत्सव को लेकर रूपरेखा तैयार की गई साथ ही पूर्व की भांति इस वर्ष भी पूजा पाठ मेला का आयोजन पर सर्व समिति से विचार की गई । इस पुनपुन महोत्सव में होने वाले खर्च के विवरण को लेकर बृहद पैमाने पर चर्चा की गई वही इस महोत्सव को राजकीय दर्ज के तहत संचालन करने की आगरा जिला पदाधिकारी औरंगाबाद से की गई थी और उसे आग्रह में महोत्सव के लिए 25 लख रुपए की राशि दिए जाने की मांग की थी पर इस वर्ष ऐसा नहीं लगता है की जिला प्रशासन के द्वारा महोत्सव में किसी तरह का हस्तक्षेप करेगी या सहयोग के रूप में राशि आवंटन करेगी ऐसे में सभी महोत्सव कमेटी अपने तन मन धन से और लोगों के सहयोग से पुनपुन महोत्सव करावेगी, दो दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम से लेकर अन्य तरह के



कार्यक्रम शामिल किए गए हैं ' बताते चले की पुनपुन उद्गम स्थान होने के कारण सदियों से यहां पवित्र माह कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दूर-दूर से लोग पुनपुन नदी स्नान करने आते हैं। कार्तिक पूर्णिमा में पुनपुन नदी में स्नान करने का बड़ा महत्व माना जाता है । और इस अवसर पर सदियों से टंडवा में कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन किया जाता रहा है। पुनपुन का महत्व और महिमा की जन जागरूकता के तहत पुनपुन महोत्सव विगत 5 वर्षों से ग्रामीणों के सहयोग से मनाया जा रहा है ताकि पुन पुन की खोई हुई अस्मिता और महता वापस लाया जा सके। बैठक की अध्यक्षता माननीय पटना उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता नेकी वही पुनपुन कमेटी के सचिव राजेश कुमार अग्रवाल अध्यक्ष राम जन्म सिंह, कोषाध्यक्ष उमेश गुरुजी, समाजसेवी शंकर प्रसाद, धनंजय सिंह, समाजसेवी, राजकुमार जी, वीरेंद्र मेहता

## महुआव से महुआ शराब बरामद एक कारोबारी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

ननबीनगर (बिहार) 10 नवंबर 2023 नवीनगर प्रखंड के बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के महुआव गांव से चुलाई महुआ शराब बरामद किया गया है। गुप्त सूचना के अधार पर छापा मारकर महुआव गांव निवासी ददन भगत को घर से ही 11 लीटर महुआ शराब के साथ एस आई नागेश्वर प्रसाद एवम पुलिस टीम गिरफ्तार किया गया है।

थानाध्यक्ष सिमरन राज ने बताया कि शराब को जप्त कर थाना लाया गया और मामले मे उक्त व्यक्ति पर मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज क न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## कार्तिक छठ मेला को लेकर देव में हटाया अतिक्रमण।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता**

औरंगाबाद बिहार 10 नवम्बर 2023:- औरंगाबाद जिले देव में कार्तिक छठ मेला को लेकर शुक्रवार को देव बाजार में अतिक्रमण हटाया गया। सीओ आशुतोष कुमार व थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद के नेतृत्व में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा सड़क किनारे फुटपाथ दुकानदारो ने अवैध तरीके से जमाई गए कब्जे को हटाया गया।देव बाजार, सब्जी मंडी, सुर्य कुंड तालाब सहित अन्य स्थानों पर अस्थायी दुकानों को शाम तक हटाने के लिए देव सीओ ने शक्त निर्देश दिया। आपको बता दे की देव कार्तिक छठ मेले में लाख की संख्या में छठ व्रती पहुंचते है।लिहाजा प्रशासन द्वारा देव में जगह जगह पर सड़कों से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। छठ महापर्व को लेकर शुक्रवार से जिला प्रशासन एवं प्रखंड प्रशासन अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया है जो लगातार जारी रहेगा। मौके पर एसआई राहुल कुमार एवं बड़ी संख्या में पुलिस जवान मौजूद रहे।

## कुमीपीखरा से दो शराबी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**सैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 10 नवंबर 2023 नगर पंचायत क्षेत्र नबीनगर के कुर्मिपोखरा से नशे मे धुत्त दो शराबी को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस गश्ती के दौरान एस आई सुदर्शन चौधरी एवम टीम द्वारा नशे की हालत मे विपिन कुमार पासवान पिता विजय पासवान और विजय पासवान पिता स्वर्गीय लक्ष्मण पासवान दोनों को गिस्फ्तार किया गया है

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि उक्त दोनों को रेफरल अस्पताल में शराब पीने की पुष्टि के बाद मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## कांडी ग्राम मे लक्ष्मी पूजा पर आजादी के दौरान से हो रहा दो दिवसीय नाटकोत्सव

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नवीनगर (बिहार) 10 नवंबर 2023 नबीनगर प्रखण्ड के रामपुर पंचायत के ग्राम कांडी मे लक्ष्मी पूजा अवसर पर आयोजित होने वाली दो दिवसीय नाट्य कला कार्यक्रम के इस परंपरा का तार देश की आजादी से जुडा हुआ है। इस बात की जानकारी देते हुए स्थानीय प्रमुख कलाकार रह चुके वरिष्ट डायरेक्टर बिरेंद्र तीवारी ने बताया कि देश की आजादी के दौरान हर सभी देशभक्त दीवानों को एक दूसरे तक संवाद पहुंचाने का यहां आयोजित होने वाली



नाट्य कला एक सशक्त माध्यम था। अंग्रेजी सासन काल से छुटकारा मिलने के बाद नवीनगर, कुटुम्बा सहित झारखंड के हरिहरगंज एवं जपला क्षेत्र के प्रमुख देश भक्त हर साल लक्ष्मी पूजा अवसर पर आयोजित नाटक कार्यक्रम में शामिल हो एक दूसरे का हाल-चाल जानते थे।1947/48 से आयोजित नाटक कार्यक्रम के दौरान लोगों को एक दूसरे से मेल जोल की यह परम्परा निरंतर कई वर्षों तक चलता रहा जबतक कि सभी देशभक्त पुरी तरह अंग्रेजी शासन मुक्ति के प्रति आश्वस्त नहीं हो गये।समय के साथ धिरे धिरे लोगों के आने जाने एवं मिलने का सिलसिला घटता गया पर नाटक खेलने की यह परम्परा तब से आज तक अनवरत जारी है। लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर ग्रामीण कलाकारों द्वारा संगीतमय नाट्य कला के माध्यम से लोक कला को जिवंत बनाए रखते नाटक का सफल मंचन के लिए अभिनय में जुटे हुए हैं। यह कार्यक्रम 12 और 13 नवम्बर को आयोजित होगा। निर्देशक कृष्णा सिंह ने बताया कि नाटकोत्सव के दौरान एक ओर जहां कथक नृत्य शैली के साथ नर्तकियां अपनी प्रस्तुती देगीं। वहीं प्रमुख ग्रामीण कलाकारों द्वारा नाट्य कला का सफल मंचन किया जाएगा। इस अत्याधुनिक युग में भी हमारे ग्रामीण कलाकार अपने इस सांस्कृतिक धरोहर को अब तक बचाए हुए है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने हेतु जागरूकता फैलाये जाने की बात कही।कहा की दो दिवसीय नाटक आयोजन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पिछले 74 वर्षों से अबतक हर साल लगातार दो दिवसीय नाटक का सफल मंचन किया जा रहा है। इस बर्ष नाटय कला आयोजन का 75 वां वार्षिकोत्सव है। लक्ष्मी पूजा के दिन रविवार को सामाजिक नाटक मां की ममता का मंचन किया जाएगा। वहीं दुसरे दिन सोमवार को सत्य धर्म पर आधारित ऐतिहासिक धार्मिक भक्ती नाटक महाराजा भरथरी का सफल मंचन होगा। सभी ग्रामीण कलाकार निरंतर अभिनय मे जुटे हुए हैं। हर रोज अभ्यास करते नाटक का सफल मंचन के लिए रिहर्सल करते अभिनय में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में रौशन कुमार सिंह,सुरेन्द्र तिवारी, विजय सिंह,शशि कुमार सिंह गजेंद्र कुमार सिंह,सुमंत तीवारी, ब्यास अशोक सिंह,संजु तिवारी, महेंद्र सिंह,गोपाल सिंह सहीत सभी ग्रामीण जुटे हुए हैं।

## धनतेरस पर्व को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ी

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)धनतेरस एवं दिपावली पर्व को लेकर गोह प्रखंड के




विभिन्न बाजारों में सुबह से ही चहल - पहल बढ़ गई है। गोह प्रखंड मुख्यालय सहित देवकुंड, उपहारा , महदीपुर, देवहरा सहित अन्य प्रमुख बाजारों में अस्थाई दुकानें लग गई हैं। शुक्रवार को आभूषण दुकानों के साथ मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान, बर्तन की खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ पड़ी है। इलेक्ट्रॉनिक समानों के साथ-साथ मिट्टी के दियों की खरीदारी का महत्व बाजार में सबसे ज्यादा देखने को मिली। गोह प्रखंड के प्रमुख बाजारों में खरीददारों की भीड़ सुबह से ही लगी रही। पर्व पर घरों की साफ- सफाई के लिए झाड़ू की भी खरीदारी हो रही है। झालरों व बच्चों के खिलौनों, पटाखों की दुकानों पर भी देर शाम तक खरीदारी होती रही। वहीं बाजार में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की उपस्थिति ज्यादा देखने को मिली। खिलौने से सजा दुकानों पर बच्चों को बढ़ चढ़कर खरीदारी करते हुए उत्साहित दिखे। तो वहीं दुकानदार प्रत्युष कुमार एवं खिलौना विक्रेता विक्की कुमार एक से बढ़कर एक खिलौना बच्चों को दिखाने में व्यस्त रहे।

## महिला के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट करने के मामले प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना क्षेत्र के एक गांव में पूर्व के रंजीश को लेकर एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट कर घर में रखे डेढ़ लाख रुपए चोरी करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि पीड़िता 8 नवंबर की देर शाम अपने पुत्र का जन्मदिन मना रही थी। जिसमें शामिल होने आए रिश्तेदार के बाइक को आरोपितों द्वारा तोड़ फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि पीड़िता के लिखित आवेदन पर कांड दर्ज किया गया है। मामले में जलालपुर गांव निवासी सकलदेव प्रसाद , अकलेश कुमार , अमित कुमार सहित दो महिलाओं को आरोपित किया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## टाल गांव लगा रबी फसल उत्पादन किसान चौपाल

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद(बिहार) -- प्रखंड के टाल गांव में किसानों के बीच रबी फसल उत्पादन बढ़ाने व मशरूम लगाने सहित किसान समुह का गठन करने को लेकर किसान चौपाल लगाया गया। जिसमें दर्जनों किसान शामिल हुए। सहायक तकनीकी प्रबंधक विवेक कुमार,प्रखंड प्रभारी तकनीकी प्रबंधक महिमा कुमारी, किसान सलाहकार अंबुज कुमार ने किसानों को रबी फसल कैसे लगाएं, अधिक उत्पादन कैसे इसकी जानकारी विस्तार दी। कहा वर्तमान की खेती नई तकनीक आधारित हो गई है।इसे अपना कर उत्पादकता बढ़ाया जा सकता है। सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का जानकारी दिया गया। वहीं मशरूम की खेती करने पर बल देते कहा गया कि मशरूम लगाकर नगदी कारोबार कर सकते हैं। इसके लिए महिलाएं समुह बनाकर मशरूम लगाएं। किसान बिनोद सिंह , दिनेश सिंह, बाबुचंद सिंह, नागेश्वर सिंह,प्रताप साव सहित दर्जनों किसानों ने नई तकनीक आधारित खेती करने की गुर सिखे।

## हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) ने किया नीतीश कुमार का पुतला दहन

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार)10 नवंबर 2023 :- हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर औरंगाबाद जिला इकाई द्वारा शुक्रवार को रमेश चौक पर नीतीश कुमार का पुतला दहन किया और नीतीश कुमार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इस दौरान हम पार्टी के जिला अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने विधानसभा में हमारे पार्टी के संस्थापक व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का जिस तरीके से अपमान किया है, वो हमारे नेता का नही बल्कि पूरे दलित समाज का अपमान है। नीतीश कुमार का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। वे सामाजिक मयार्दा को भूलकर अमर्यादित ब्यान दे रहे हैं। इस घटना से एक दिन पहले नीतीश कुमार ने महिलाओं के बारे में जिस तरीके से अपमानजनक बयानबाजी की है। उससे पूरा बिहार शर्मसार हुआ है। इसके विरोध में जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में बेशर्म मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया है। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह, कुटुंबा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्रवण भुइयां, छात्र (हम) के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरज कुमार राय, युवा जिलाध्यक्ष सह संडा पंचायत के मुखिया गुलाम सरवर, छात्र जिलाध्यक्ष भीम प्रताप सिंह, किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पप्पू शर्मा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रेम भुइयां, छात्र जिला उपाध्यक्ष राहुल सिंह, दलित प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष बिरजू भुइयां, वरीय नेता सुधांशु त्रिवेदी, राकेश, अंकित, रौशन, सुजीत, राहुल, अक्षय, विशाल, मोहित, सुजीत आदि लोग उपस्थित थे।

## दीपावली एवं छठ पूजा को के लेकर शांति समिति की बैठक

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 10 नवंबर 2023 :- दीपावली एवं छठ पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर अंबा थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष ने पूजा स्थल को चिन्हित किया और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन असामाजिक तत्वों के प्रति सख़्त है। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस भड़काऊ पोस्ट करने वाले लोगों नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था कायम करने में सहयोग करें। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष कपिलदेव पांडेय, युधिष्ठिर पांडेय, अनिल कुमार सिंह, मोहम्मद अरमान, राजेंद्र प्रसाद सिंह, ललन प्रसाद रजक, सुदामा विश्वकर्मा पूजन शर्मा दुकान भुईयां,हरिनारायण भुईयां, लक्ष्मण पाल, श्याम बिहारी राय, पुटु यादव, रविंद्र यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## फरार अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 10 नवंबर 2023 नबीनगर प्रखण्ड के बड़ेम ओ पी थाना कांड संख्या 20/23 मे फरार चल रहे अभियुक्तों के विरुद्ध थानाध्यक्ष सिमरन राज के नेतृत्व मे पुलिस बल द्वारा अभियुक्तों के घर पर इस्तेहार चिपकाया गया। थानाध्यक्ष सिमरन राज ने बताया कि इश्तेहार के मध्यम से चेतावनी दी गई है कि अभियुक्त जल्द से जल्द आत्म समर्पण कर दे वरना पुलिस द्वारा कुर्की जब्ती की कर्रवाई की जाएगी।

# पंजाब पुलिस ने बंबीहा गैंग के तीन गुर्गे गिरफ्तार किए, बिजनेसमैनों की टारगेट किलिंग का था मकसद

## गैंगस्टर पटियाल के इशारे पर देना था वारदात को अंजाम

धालीवाल संवाददाता
दैनिक समाज जागरण



चण्डीगढ़/ स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल मोहाली व बठिंडा सीआईए ने ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान विदेश में बैठे गैंगस्टर लक्की पटियाल के इशारे पर पंजाब के बिजनेसमैन को मारने की प्लानिंग रच रहे 3 गैंगस्टरों को अरेस्ट किया है। तीनों गैंगस्टरों के पास से 2 पिस्टल 32 व 30 बोर, 10 कारतूस और एक बाइक बरामद की है। आरोपियों की पहचान पंजाब के मोगा के रहने वाले जगजीत ङ्क्षसह उर्फ चीनी, अनमोल और मनप्रीत उर्फ मनी के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। चौथा गैंगस्टर फरार हो गया है जिसकी तलाश में छापेमारी जारी है। पूछताछ में पता चला है कि गैंगस्टर चीनी का अपराध की दुनिया से पुराना नाता है । उसके खिलाफ एनडीपीएस व स्नेचिंग का केस दर्ज है।

वो काफी समय से विदेश में बैंठे गैंगस्टर लक्की पटियाल के संपर्क में था। पंजाब में किस-किस बिजनेस व बड़ी हस्तियों की टारगेट किलिंग करनी थी। ये भी गैंगस्टर चीनी को पता था क्योंकि पटियाल ने पहले ही चीनी को पैसे पहुंचा दिए थे।

इसके बाद उन्हीं पैसों से गैंगस्टर चीनी मध्यप्रदेश जाकर वहां से हथियार व गोला बारूद लेकर आया। और ज्यादातर हथियार व गोला बारूद पंजाब में अपने गुर्गों को भी पहुंचा चुका था। अब पुलिस गैंगस्टर चीनी से यहीं जानने में लगी हुई है कि पंजाब में कहां-कहां हथियार व गोला बारूद पहुंचाए गए

# फर्स्ट एड व आपातकालीन तैयारी सीपीआर विषय पर राजकीय बहुतकनीकी नानकपुर में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

मैंनपाल संवाददाता दैनिक समाज जागरण



पिंजौर। राजकीय बहुतकनीकि नानकपुर में टीपोओ सेल व उन्नत भारत अभियान आईआईटी नई दिल्ली के सहयोग से विशेष फर्स्ट एड व आपातकालीन तैयारी (सीपीआर) एवं मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर हितेश अरोड़ा व उन्नत भारत अभियान के कोआर्डिनेटर डॉ. नीरज कुमार ने सभी सरपंचों, पच, अन्य गणमानय व्यक्ति एवं महिंद्रा टेक अकैडमी स्टाफ का स्वागत किया। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील गुप्ता ने कहा कि आज भी गांव के लोगों को इस विषय के प्रति जागरूकता कम है और समाज में इस विषय के प्रति जागरूकता करने की बहुत जरूरत है। टेक महिंद्रा की तरफ से कनिका बजाज ने सभी सरपंचों, ब्लॉक समिति मैंबर्स व अन्य गण मान्य व्यक्तियों के साथ संस्थान के छात्रों को इस विषय पर जागरूक किया व सीपीआर के प्रति प्रैक्टिकल डेमो भी सिखाए। इस दौरान टेक महिंद्रा स्मार्ट अकैडमी फॉर हेल्थ केयर की ओर से कनिका बजाज व अन्य सहयोगी स्टाफ ने जानकारी दी कि जब दिल अचानक रुक जाता है तो मस्तिष्क तक रक्त जाना बंद हो जाता है और यदि ऐसा 3 मिनट तक होता है तो ऐसी स्थिति में डॉक्टर खोजने या किसी अस्पताल तक जाने के लिए समय बहुत कम होता है। सांस रुकने का दिल की धडकन बंद होने की स्थिति में रोगी को कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) एक जीवन संरक्षण तकनीक है। इस दौरान अकादमी ने मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य पर भी जानकारी दी। इस अवसर पर श्रीमान सिंह सरपंच, मोनिका देवी सरपंच, रंजना ब्लॉक समिति मैंबर, महेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, गुरु वचन सिंह, विमला, कमलेश, सुमन, सुरेखा व संस्थान की ओर से महेंद्र सिंह एचओडी, सूक्ष्म गोयल, गुलविंदर, रमिता, मंजू, गुरविंदर, शैलेंद्र मोर, शीशपाल व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

आप सभी प्रदेशवासियों को समाज जागरण परिवार की ओर से दीपावली की हार्दिक शु भकामनाएँ

विनोद कश्यप शर्मा
प्रभारी
पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

# गंदे पानी की सप्लाई से वार्ड नंबर 9 अभयपुर में फैली डायरिया व हैजा की बीमारी का संज्ञान लेते हुए जजपा नेता सिहाग ने किया प्रभावित क्षेत्र का दौरा।

## इस बीमारी से निपटने व स्वच्छ पीने के पानी की सप्लाई करने के लिये प्रशासन को युद्धस्तर पर कार्य करना होगा: ओ पी सिहाग

मैनपाल संवाददाता दैनिक समाज जागरण चंडीगढ़ पंजाब हरियाणा



पंचकूला, 10 नवंबर: जजपा नेता ओ पी सिहाग ने आज वार्ड नंबर 9 के जजपा पार्षद राजेश कुमार निषाद एवं वरिष्ठ नेता ईश्वर सिंहमार के साथ गांव अभयपुर के उन क्षेत्रों का दौरा किया जहां पिछले कई दिनों से गंदे पीने के पानी की सप्लाई होने की वजह से लोगों को डायरिया ,उल्टी दस्त तथा हैजे जैसी गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त होने बारे शिकायतें प्राप्त हो रही थी। उन्होंने वहां पर मौजूद लोगों से भी इस बाबत बात करके जानकारी ली तथा मौके पर पहुँचे हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य शाखा के अधिकारियों से भी इस समस्या का तुरंत हल निकालने बारे कहा।

जजपा नेता ओ पी सिहाग व स्थानीय पार्षद राजेश निषाद ने कहा आदमी व प्राणियों के जीने के लिए व अच्छे स्वास्थ्य के लिये साफ व स्वच्छ पीने के पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है , इसलिए लोगों को स्वच्छ पीने का पानी प्रदान करना प्रशासन का काम है। ओ पी सिहाग ने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को इस गांव की लगभग 25 साल पुरानी हो चुकी जर्जर पाइपों को तुरंत बदलने बारे कार्यवाही अमल में लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले भी इसी गांव ऐसी शिकायत आई थी जिसमें पानी की सप्लाई करने वाली लाइन्स में सिवर लाइन का गन्दा पानी मिल गया था जिसकी वजह से सेंकड़ों लोग प्रभावित हुए थे। उन्होंने आगे कहा कि इस वार्ड व शहर के एक-एक आदमी की जिन्दगी बहुत कीमती है।

ओपी सिहाग व पार्षद निषाद ने हेल्थ विभाग के अधिकारियों व डॉक्टरों से निवेदन किया कि जो लोग गंदे पानी के पीने की वजह से गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त हैं उनका इलाज पूरी शिद्दत के साथ किया जाए साथ में दोनों जजपा नेताओं ने नगर निगम पंचकूला के आयुक्त से भी आग्रह किया कि वो सफाई शाखा के कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर इस पूरे क्षेत्र में अच्छी तरह से सफाई करवाने बारे दिशानिर्देश जारी करे।

# विजय बंसल के नेतृत्व में बिजली मंत्री रणजीत चौटाला से मिला शिष्टमंडल, इलाके की समस्याओं से करवाया अवगत

## बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने किया आश्वत,सभी समस्याओं का शीघ्र किया जाएगा समाधान

मनपाल संवाददाता दैनिक समाज जागरण

बिजली मंत्री रणजीत चौटाला के निवास स्थान पर शिवालिक विकास मंच के प्रधान एवं पूर्व चेयरमैन विजय बंसल एडवोकेट के नेतृत्व में धर्मपाल नेगी,गुरुप्यारा,देसराज,परमजीत भीम,महिंदर,सजल बंसल आदि स्थानीय लोगो का एक शिष्टमंडल मिला जिसमे इलाके की समस्याओं से मंत्री चौटाला को अवगत करवाया गया और मंत्री चौटाला ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए आश्वत करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।इसके साथ जी विजय बंसल ने मंत्री रणजीत चौटाला को दीपावली के पावन त्यौहार की भी बधाई दी।

विजय बंसल ने रणजीत चौटाला को बताया कि नगर परिषद पिंजौर-कालका और पिंजौर ब्लॉक के अंतर्गत कई गांवों के लोगों को बिजली मीटर लगवाने, बिजली बिल ठीक करवाने या बिजली संबंधित अन्य कार्यों के लिए पंचकूला स्थित बिजली उपमंडल कार्यालय में जाना पड़ता है जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इसी समस्या के समाधान के लिए वर्ष 2021 में पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री चंद्रमोहन जी के साथ मिलकर हमारे द्वारा आपके समक्ष क्षेत्रवासियों की बिजली संबंधी समस्याओं से अवगत करवाया था जिसके बाद आपने पिंजौर ब्लॉक के गांव नानकपुर में 132 केवी बिजली सब स्टेशन निर्माण कार्य को मंजूरी दे दी थी, साथ ही आपने पिंजौर रायतन क्षेत्र के गांव भोरिया में 66 केवी बिजली सबस्टेशन को भी मंजूरी प्रदान की थी और पिंजौर क्षेत्र को बिजली मंडल का दर्जा देने और अमरावती को बिजली उपमंडल और पिंजौर क्षेत्र को बिजली मंडल का दर्जा दे दिया था और एक्सईएन अधिकारी की नियुक्ति कर दी थी इसके लिए आपका हार्दिक धन्यवाद लेकिन गांव नानकपुर में निमार्णाधीन बिजली सबस्टेशन का निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है।इसके निर्माण कार्य को गति प्रदान करने के आदेश जारी किया जाना जनहित में अति जरूरी है, सबस्टेशन के लिए नानकपुर पंचायत ने निशुल्क जमीन उपलब्ध करवाई थी इसलिए

**विजय बंसल ने बिजली मंत्री रणजीत चौटाला को दीपावली की भी दी बधाई**

नानकपुर पंचायत एवं आसपास के गांवों के युवाओं को बिजली सबस्टेशन में रोजगार दिया जाना उचित है। इससे पूर्व भी बीटना पंचायत द्वारा आईटीआई निर्माण के लिए जमीन निशुल्क जमीन दी थी,उस गांव के 5 प्रतिशत बच्चों को आईटीआई के दाखिले में आरक्षण की सुविधा है।इसी प्रकार गांव नानकपुर में पॉलिटेक्निक के लिए पंचायत ने जमीन दी थी उसमें भी नानकपुर पंचायत के बच्चों को पॉलिटेक्निक के दाखिलों में 5 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाता है यह हरियाणा प्रदेश सरकार की नीति भी रही है।

इसके साथ ही बंसल ने मंत्री चौटाला से कहा कि आपने अमरावती को भी बिजली उपमंडल का दर्जा दे दिया था लेकिन अभी तक अमरावती में बिजली उपमंडल अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है लोगों को नया बिजली मीटर लगवाने, मीटर बदलवाने, बिजली सप्लाई ठीक करवाने, बिजली का बिल ठीक करवाने या पुरानी बिजली की तारे आदि बदलवाने सहित अन्य कार्यों के लिए पंचकूला जाना पड़ता है।अमरावती को बिजली उपमंडल का दर्जा देने के बाद ना केवल अमरावती



कॉलोनी बल्कि एचएमटी पिंजोर के साथ लगते गांव रामपुर सीयूडी के सैनी वास, रामपुर सीयूडी लेबर कॉलोनी, महादेव कॉलोनी, रजीपुर, सूरजपुर, चंडीकोटला, गुमथला, चंडीमंदिर, बीड़ घग्गर, बुर्ज कोटिया, अंबवाला, जल्लाह, ढालुवाल, भगवानपुर, डीएलएफ कॉलोनी के बड़े क्षेत्र वासियों को इसका लाभ मिलेगा। अभी लोगों को बिजली संबंधी छोटे से काम के लिए भी पंचकूला जाना पड़ता है जिसमें लोगों का समय और पैसा भी बर्बाद हो रहा है उपमंडल अधिकारी बिजली विभाग की नियुक्ति अमरावती में होने से लोगों के समय और पैसे की भी बचत होगी साथ ही उनकी समस्याओं का भी जल्द निपटारा हो पाएगा। इसलिए उन्होंने पुनः आग्रह किया है कि जल्द से जल्द अमरावती में एसडीओ बिजली विभाग की नियुक्ति की जाए ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान हो पाए।इसके अलावा गांव भोरिया में पंचायत द्वारा 66 केवी बिजली सब स्टेशन के लिए निशुल्क जमीन दी है वहां भी बिजली सब स्टेशन का निर्माण कार्य जल्दी आरंभ करवाया जाए।

# महिला पुलिस नें मानसिक तौर पर परेशान महिला को उसके परिवार से मिलवाया

मैंनपाल संवाददाता दैनिक समाज जागरण हरियाणा पंजाब चंडीगढ़

पंचकूला/10 नवम्बर :- पुलिस प्रवक्ता नें जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के निदेर्शानुसार जिला में माह नवम्बर स्पेशल आप्रेशन स्माईल अभियान चलाया हुआ है जिस अभियान के तहत पुलिस की अलग अलग टीम बिझडो को परिवार से मिलवानें के लिए लगातार कार्रवाही कर रही है आज इसी अभियान की निरन्तरता में आज महिला थाना प्रभारी नेहा संधू के नेतृत्व में दुर्गा शक्ति की टीम व वन स्टाप सेंटर पंचकूला की मदद से आप्रेशन स्माईल अभियान के तहत परिवार से पिछडी मानसिक तौर पर महिला को उसके परिवार से मिलाया गया । महिला थाना पंचकूला प्रभारी नेहा सधूं नें बताया कि पुलिस को लावारिस हालात में एक मद्वबूदि महिला मिली जो कुछ बोलनें में असमर्थ थी और मानसिक तौर पर परेशान थी जिस महिला को वन स्टाप सेंटर पंचकूला की मदद से उस महिला को चण्डीगढ उसके परिवार जनों मिलवाया गया । महिला थाना प्रभारी नें बताया इस मानसिक परेशान महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट चण्डीगढ में दर्ज है जिस महिला को ढुँढकर उसके बार सर्च करके उसके परिवारजनों को चण्डीगढ में सर्च करके उसके परिवार जनों के हवाले किया गया

# दहेज की प्रताड़ना की शिकार युवती पर ससुर और देवर की नजर

महेश शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण

करनाल, नवम्बर : करनाल के स्टौंडी गांव में विवाहिता दहेज के लिए प्रताड़ना का शिकार हुई है। ससुर व देवर पर भी विवाहिता ने बुरी नजर रखने व शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। ससुराल पक्ष के जुल्मों से दुखी विवाहिता ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### वर्ष 2022 में हुई थी शादी

पीड़िता कीर्ति की शादी 7 दिसंबर 2022 को कमल विशिष्ट के साथ हुई थी। वह दहेज की डिमांड मजबूरन पूरा कर रही थी। उसका देवर कनाडा गया। जिसके पैसे अरेंज करने के लिए विवाहिता से दहेज मांगा गया। मजबूर विवाहिता ने अपनी माँ को बताया। अपनी बेटी को सुखी देखने के लिए माँ ने 14 लाख रुपए दिए, लेकिन ससुराल वालों ने 25 लाख रुपए की डिमांड ओर कर दी। विवाहिता के पास इतने पैसे देने को नहीं थे, लेकिन उसके बाद उसे ससुराल वालों की प्रताड़ना झेलनी पड़ी।

### मायके वालों के साथ मारपीट

ससुराल वालों ने उसके मायके वालों को ससुराल में बुलाया था। वहां पर उनके साथ भी मारपीट की गई। दोनों भाइयों और ताऊ के साथ भी मारपीट की गई। जिसके बाद उन्होंने सरकारी अस्पताल में मेडिकल भी करवाया था। उसके बाद भी जान से मारने की धमकी ससुराल वाले दे रहे हैं।

### छेड़खानी की करते हैं कोशिश, कमरे में घुसते

विवाहिता ने बताया की रात को कभी भी उसके ससुर उसके कमरे में घुस जाते हैं। छेड़छाड़ और जबरदस्ती करने की भी कोशिश की गई। सास भी अपने पति और बेटे का ही साथ देती है।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

जांच अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि विवाहिता की शिकायत के आधार पर आरोपी पति कमल, ससुर, देवर व सास के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मक्का की खरीद के लिए हरियाणा के 11 जिलों में खोल दिये हैं 19 मंडियाँ और खरीद केंद्र

## अपनी मक्का फसल बेचने से वंचित रहे किसानों को15 नवम्बर तक इन मंडियों में बेचने की मिली छूट

अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण

चंडीगढ़, नवंबरझ हरियाणा में हैफेड की ओर से मक्का की खरीद जारी है। इसके लिए राज्य सरकार 11 जिलों में 19 मंडियाँ और खरीद केंद्र खोले गए हैं। हैफेड की ओर से निर्देश जारी कर किसानों से अपील की गई है कि जो किसान अभी तक अपनी फसल नहीं बेच पाए हैं, वे 15 नवंबर तक अपनी फसल मंडी में ला सकते हैं। हैफेड के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हैफेड एक सहकारी प्रसंघ है जो हरियाणा के किसानों से गेहूं, धान, मक्का सरसों, बाजरा, सूरजमुखी, चना, मूंग आदि की खरीद करने वाली हरियाणा की सबसे बड़ी राज्य खरीद एजेंसी बन गई है। हैफेड ने पहले ही भारत सरकार के उचित औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) विनिदेर्शों के अनुरूप न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मक्का की खरीद के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि मक्का की खरीद हेतु राज्य सरकार अंबाला शहर, नारायणगढ़, मुलाना, शहजादपुर, फतेहाबाद, जीदं, कैथल, करनाल, लाडवा, पिहोवा, शाहबाद, बबैन, पंचकूला, बरवाला, रायपुर रानी, पानीपत, खरखौदा, जगाधरी और सिरसा में 19 मंडियां और खरीद केंद्र खोले गए हैं।

जो किसान फसल बेचने से रह गए हैं, वे किसान किसी भी असुविधा से बचने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार अपनी मक्का उपज 15 नवंबर, 2023 तक मंडियों और खरीद केंद्रों में ला सकते हैं।

# शहर की आधारभूत सरंचना के लिए लाएं नई परियोजनाएं, आगामी बरसाती सीजन से पहले डिस्पोजल पर भी लगेगा स्काडा सिस्टम - निगमायुक्त

महेश शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़



करनाल , नवंबर : करनाल के नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने अभियांत्रिकी शाखा के साथ की गई विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सभी अभियंताओं को सख्त निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम में आने वाली मांगों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देशित किया कि जिन लोगों द्वारा मांग रखी गई है, उनके पास स्वयं जाकर कार्य को लेकर बातचीत करें और आगामी कार्रवाई शुरू करें।

उन्होंने कहा कि कार्य में उचित समय से ज्यादा समय नहीं लगना चाहिए, अगर कार्य संभव नहीं है तो उसे न करें, परंतु किसी काम को लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं जन संवाद पोर्टल को चेक करते हैं, इसलिए सभी सतर्कता के साथ काम करें।

निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि जन संवाद कार्यक्रम में आई मांगों की वह स्वयं भी समीक्षा करें, अगर कोई अड़चन आड़े आ रही है तो उसका समाधान निकाला जाए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को भी इन कार्यों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित मांगों पर व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी लेकर इन कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि काम को अच्छे तरीके से करें, ताकि नागरिक संतुष्ट हों।

स्काडा प्रोजेक्ट का कार्य प्रगति पर-समीक्षा के दौरान उन्होंने बताया कि नागरिकों को निर्बाध जलापूर्ति मुहैया करवाने के लिए स्काडा (पर्यवेक्षी नियंत्रण और डाटा अधिग्रहण) प्रोजेक्ट प्रगति पर चल रहा है। इसके लिए नलकूपों पर पैनल लगाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ-साथ पीएलसी, स्टाटर व फ्लोमीटर इत्यादि उपकरणों को भी लगाया जा रहा है।

### डिस्पोजल पर भी लगेगा स्काडा सिस्टम

निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा को निर्देश दिए कि बरसाती पानी की उचित तरीके से निकासी करवाने के लिए निगम के अधीन सभी डिस्पोजलों पर स्काडा सिस्टम लगाया जाए। उन्होंने इसके लिए जल्द डी.पी.आर. तैयार करने के भी निर्देश दिए और कहा कि इसकी प्रैजेंटेशन भी दिखाई जाए। उन्होंने कहा कि डिस्पोजलों पर लगी जो मोटरें 20 साल पुरानी हो चुकी हैं, उन्हें बदल दिया जाए। जिन मोटरों को कुछ मरम्मत की आवश्यकता हो, तो उसे समय रहते करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि इस प्रोजेक्ट को आगामी बरसाती सीजन से पहले-पहले सिरे चढ़ाया जाए।

### शहर की आधारभूत सरंचना के लिए लाएं नई परियोजनाएं

उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि शहर की आधारभूत संरचना के लिए नई-नई परियोजनाएं लाई जाएं, ताकि करनाल शहर को विकसित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए फंड यानि कोष की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य करने से शहरवासियों की सुविधाओं में ओर इजाफा होगा और हमारे शहर का सौंदर्यकरण भी होगा। उन्होंने कहा कि नागरिकों के लिए बड़ी परियोजनाएं लाकर उनकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करें, ताकि उसे सिरे चढ़ाने के लिए आगामी कार्रवाई की जा सके।

### अमरूत के कार्य जल्द करवाएं मुकम्मल-

निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंता सतीश शर्मा को निर्देश दिए कि अमरूत प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे सभी कार्य जल्द पूरे करवाए जाएं, ताकि शहर वासियों को इनका लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि इन कार्यों पर पूर्ण निगरानी रखी जाए। जेई को रोजाना साईट का दौरा करने के भी निर्देश दिए।

### वार्ड अनुसार विकास कार्यो की समीक्षा

इसके पश्चात उन्होंने वार्ड अनुसार सम्बंधित अभियंताओं से विकास कार्यों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि जो कार्य प्रगति पर चल रहे हैं।

# हरियाणा के यमुनानगर में जहरीला जहरीली शराब पीने वालों की संख्या में लगातार हो रही बढौतरी

## थाना छप्पर गाँव में पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला किया दर्ज

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़



चण्डीगढ, नवम्बर : हरियाणा के यमुनानगर मे जहरीली शराब से हो रही मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। तीन गांवों में मातम होने के बाद अब दूसरे गांवों में भी लोगों की मौत होने लगी है। अब थाना छप्पर के सारण गांव में जहरीली शराब पीने से एक ही दिन में दो लोगों की मौत हो गई। गाँव सारण में अनिल 35 वर्षीय और जगमाल सिंह 45 वर्षीय की जहरीली शराब पीने से मौत हो गई। मृतक जगमाल सिंह के लड़के मोहित की शिकायत पर थाना छप्पर पुलिस ने गांव में अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में राजकुमार उर्फ बबली, नरेश कुमार उर्फ कुबा, राजेश कुमार व राधे श्याम के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। वहीं मंडेबरी में एक एंबुलेंस खड़ी करवा दी गई है ताकि किसी की तबीयत खराब होने पर उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया जा सके। पंजेटो का माजरा गांव के 65 वर्षीय जगीर सिंह की शुक्रवार सुबह मौत हो गई। उसे भी उल्टी लगी और आंखों से दिखना कम हो गया था। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में ले लिया। पंजेटो का माजरा में अब तक तीन मौत हो चुकी हैं। वही मंडेबरी के 35 विपिन की वीरवार शाम मौत हो गई। अब तक मंडेबरी, पंजेटो का माजरा, फूंसगढ़ व सारण गांव में जहरीली शराब पीने से 12 लोगों मौत हो चुकी है।

जहरीली शराब प्रकरण में पुलिस ने अभी तक कांग्रेस नेता समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें शराब ठेकेदार, सप्लायर व अंबाला के बिंजलपुर में नकली शराब बनाने वाले शामिल हैं। इस मामले में अभी और भी कई गिरफ्तारियां हो सकती हैं। वहीं मंडेबरी में जहरीली शराब पीने से सबसे ज्यादा छह मौत हुई हैं।

# उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम ने बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए निर्धारित की 14 नवम्बर को सुनवाई

## अधीक्षक अभियन्ता के कार्यालय में आकर अपनी विपदाओं को दूर करने के लिए मिला सु अवसर

अदिति गौड़, कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण

चण्डीगढ़, 10 नवम्बर : उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही दिनांक 14 नवम्बर, 2023 को अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय में की जाएगी।

मंच के सदस्य पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। इनमें मुख्यतः बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा और हरियाणा बिजली विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना आदि शामिल हैं । बहरहाल, मंच द्वारा बिजली अधिनियम की धारा 126 तथा धारा 135 से 139 के अन्तर्गत बिजली चोरी और बिजली के अनधिकृत उपयोग के मामलों में दंड तथा जुमार्ना और धारा 161 के अन्तर्गत जांच एवं दुर्घटनाओं से सम्बंधित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अपनी शिकायतों के निवारण के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं

## सशस्त्र सीमा बल 52 वीं वाहिनी द्वारा किसानों के बीच को सब्जियों के बीज किया गया वितरण

**समाज जागरण सिकटी।**

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री जोशी सागर प्रदीप, कार्यवाहक कमान्डेंट 52वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, अररिया (बिहार) के निर्देशन में नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2023-24 के तहत सीमा चौकी आमबाड़ी के कार्यक्षेत्र में स्थानीय व बेरोजगार/गरीब किसानो को सब्जियो के बीज वितरण किए गए, ताकि किसान सब्जियों का उत्पादन कर स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो सके साथ हीं सब्जियों के उत्पादन से सीमा पर तैनात जवानों को भी ताजी सब्जिया मिल सके । इस कार्यक्रम के दौरान, सरकारों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ ( जैसे बेटी बचाओ बेटी पढाओ, नशा मुक्त भारत अभियान, मोटे अनाज का उपयोग, आयुर्वेद, स्वच्छ भारत अभियान इत्यादि ) के बारे में जागरूक किया गया है सशस्त्र सीमा बल के द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में विकास हेतु विभिन्न प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण चलाये जाते है इसी क्रम में इस वर्ष भी सीमा क्षेत्र में विभिन्न प्रशिक्षणों का आयोजन किया जायेगो जिसमे डेरी फार्मिंग, मछली पालन, चारपहिया वाहन प्रशिक्षण, ऑटोमोबाइल प्रशिक्षण, फास्ट फूड प्रशिक्षण, मधुमक्खी पालन इत्यादि आज के इस वितरण कार्यक्रम में कुल 25 किसानो को सब्जियों के बीज वितरण किये गए जिसमे प्याज, भिन्डी, टमाटर, मिर्चा, मुली, पा४लक आदि शामिल है इस कार्यक्रम की अगुआई उपनिरीक्षक इंद्र सिंह दानु, समवाय प्रभारी आमबाड़ी ने किया तथा सरपंच इस्लाम आलम(कुचहा) और स्थानीय लोगों द्वारा एस एस बी के कार्यों की सराहना की गई ।



## तिरसकुंड में भगवान धन्वंतरि की मनाई गई जयंती

**समाज जागरण फारबिसगंज ।**

फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत तिरसकुंड के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में शुक्रवार को धूमधाम के साथ भगवान धन्वंतरि की जयंती मनाई गई । कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक कुमार राजीव रंजन ने भगवान धन्वंतरि पर चर्चा करते हुए कहा कि इन्होंने मानव कल्याण के लिए आयुर्वेद का प्रयोग किया था । उन्होंने कहा कि भगवान धन्वंतरि की उपासना करने से रोग - व्याध से मुक्ति तो मिलती ही है । धन की भी बढ़ोतरी होती है । इन्हें आयुर्वेद की चिकित्सा करने वाले वेद आरोग्य का देवता कहते हैं । कहा कि प्रकृति ने हमें पर्यावरण के रूप में अनेक अनमोल उपहार दिए हैं ।वहीं शिक्षिका पूजा सिंह ने धनवंतरी पूजा के अलावे दीपावली, भाई दूज एवं छठ पूजा के बारे में चर्चा करते हुए बच्चों को बताया । मौके पर शिक्षक रिंकू कुमार पासवान, लुक्खी देवी, ललिता कुमारी, आरती देवी, आदिवासियों का पंडित बाबा शिबू हेम्ब्रम, स्वच्छता पर्यवेक्षक दीपक कुमार मेहता आदि समेत अन्य दर्जनों लोग मौजूद थे ।



## प्रकाश व उत्साह का यह पर्व सभी के जीवन में नई खुशियां व उमंग लेकर आए: महेद्र प्रताप

**समाज जागरण अररिया।**

52वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, अररिया (बिहार) के कमांडेंट श्री महेद्र प्रताप ने सभी बलकर्मियों व अररिया के नागरिकों को दीपावली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि प्रकाश व उत्साह का यह त्यौहार सभी के जीवन में नई खुशियां व उमंग लेकर आए। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे प्रदूषण रहित दिवाली पर्व को मनाएं। सभी नागरिक घी व तेल के दीये जलाएं। उन्होंने सभी नागरिकों के स्वस्थ्य व सुखी जीवन की मंगलकामना की। साथ ही कमांडेंट महोदय ने कहा कि इस दीपावली पर हम समाज में फैली बुराइयों के अंधेरे को अपने-अपने स्तर पर मिटाने और सेवा का दीपक जलाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि यह पर्व सनातन संस्कृति का सबसे बड़ा पर्व है। यह त्यौहार हमें प्रकाश फैलाने का संदेश देता है। इस त्यौहार पर हम सबको अपने अपने स्तर पर काम करते हुए अपने अपने क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करना है। हम गरीबों, असहायों और जरूरतमंद की सेवा कर के भी समाज को प्रकाशित कर सकते हैं। उन्होंने अररिया की महिलाओं, युवाओं, किसानों और व्यापारियों को दीपावली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।




## खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन इट्स माई पैशन: प्राचार्य

**समाज जागरण अररिया।**

केंद्रीय विद्यालय अररिया में खादी महोत्सव के अंतर्गत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई ' स्थानीय केंद्रीय विद्यालय में खादी फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा दशम तक के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया'जिसमें रानी लक्ष्मीबाई,सुभाष चंद्र बोस ,चंद्र शेखर आजाद ,जवाहर लाल नेहरू,श्रीमती इंदिरा गांधी आदि के रूप में खादी परिधानों में बच्चों ने अपना जलवा बिखेरा ' इस उपलक्ष्य में खादी परिधानों को बढ़ावा देने हेतु श्री गिरधर प्रसाद साह,श्रीमती प्रीति शर्मा,श्रीमती स्मिता कुमारी आदि शिक्षक/ शिक्षिका द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया ' अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री मिथिलेश कुमार सिंह ने खादी के वस्त्रों पर प्रकाश डालते हुए कहा खादी हमारे देश की आन है, पहचान है एवम आन बान शान है' इसे पहनने में हमे किसी तरह की शर्मिंदगी महसूस नहीं करना चाहिए' गांधीजी का एक ही सपना खादी वस्त्र को अपनाना है अंत में उन्होंने अंग्रेजी में कहा "khadi for nation,khadi for fashion, it's my passion." इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक , शिक्षिका एवम बच्चे मौजूद थे ।

## दीपावली एवं छठ पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करावें: जिला प्रशासन

अररिया। आगामी दीपावली/काली पूजा, चित्रगुप्त पूजा एवं छठ पूजा को लेकर विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान एवं पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में सभी जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करावें। चिहिन्त सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखें।

## अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का चैंपियन बना पूर्णियां टीम,संजीव मिश्रा "सर " ने चैंपियन बनीं टीम को दिया बधाई

**समाज जागरण पूर्णियां।**

पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के चौथे चरण में अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले जिला स्कूल के ऐतिहासिक एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर में चलता हुआ। सहरसा बनाम पूर्णियां के बीच मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबला से पूर्व द्वितीय सेमीफाइनल सहरसा बनाम ओपन टू ऑल प्रतियोगिता के चैंपियन टीम पूर्णियां कॉलेज के बीच खेला गया।

द्वितीय सेमीफाइनल मुकाबला सहरसा बनाम ओपन टू ऑल प्रतियोगिता चैंपियन टीम पूणिया कॉलेज क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। सहरसा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी
करने का निर्णय लिया।

निर्धारित 15 ओवर में आल आउट होकर 96 रन ही बना पाई। जिसमें आशीष ने 36 गेंदों में 50 रन एवं कुंदन सिंह ने 19 गेंदों में 12 का योगदान दिया।
ओपन टू ऑल प्रतियोगिता के चैंपियन टीम पूणिया कॉलेज क्रिकेट क्लब की गेंदबाजी करते हुए आनंद ने 3 विकेट, नील शेखर ने 2 विकेट प्राप्त किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओपन टू ऑल प्रतियोगिता के चैंपियन टीम पूणिया कॉलेज क्रिकेट क्लब पूणिया ने 15 ओवर में 9 विकेट खोकर मात्र 64 रन बना पाई। सहरसा ने 35 रनों से जीत कर फाइनल मुकाबला में जगह बनाई। ओपन टू ऑल प्रतियोगिता के चैंपियन टीम पूणिया कॉलेज क्रिकेट क्लब की ओर से विकास सिंह 25 गेंदों में 19 रन एवं सिटू ने 14 गेंदों में 10 रन का योगदान दिया।

सहरसा की ओर से गेंदबाजी करते हुए कुंदन कुमार सिंह ने 2 विकेट, साफिन अफरोज ने 3 विकेट प्राप्त किया।

ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 में सहभागिता सुनिश्चित करने वाले विद्यालय , कॉलेज ,
यूनिवर्सिटी, विभिन्न खेलों के क्लब अध्यक्ष सचिव ,कप्तान , खिलाड़ियों , विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं ।

फाइनल मुकाबला का उद्घाटन करते हुए श्री नंद किशोर सिंह, श्री प्रमोद पंसारी, श्री मिथिलेश राय एवं मो मंजर मोहशिम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं राष्ट्रीय गण गाकर विधिवत फाइनल मुकाबला का उद्घाटन किए।

फाइनल मुकाबला में पूणिया ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आल आउट होकर मात्र 99 रन ही बना पाई। जिसमें मोनू 15 गेंदों 16 रन, अमित ने 17 गेंदों 15 रन, शुशांत शेखर ने 13 गेंद में 13 रन का योगदान दिया।

सहरसा की ओर से गेंदबाजी करते कुंदन सिंह, अमित एवं मो साफिन अफरोज ने 2-2 विकेट प्राप्त किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सहरसा की टीम ने 15 ओवर 1 गेंद में आल आउट होकर 59 रन बनाए। जिसमें अभिराज ने 24 गेंदों में 13 रन का योगदान दिया।

पूणिया की ओर से गेंदबाजी करते हुए राज सिंह नवीन ने 3 विकेट एवं भुपेश एवं रूपेश 2-2 विकेट लिए।

मैच में अंपायरिंग की भूमिका निभा रहे मो नैयर अली, एस एस प्रसाद पिंटू, बिमल मुकेश एवं आदित्य कुमार सिंह। स्कोरर प्रिंस पटेल एवं उद्घोषक की भूमिका निभा रहे हैं मो जाहीद आलम।

फाइनल मुकाबला के अवसर पर उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय, सैयद जब्बार हुसैन, मो मंजर मोहशिम, जितेन्द्र कुमार सिन्हा " गोपी ", राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, रितेश कुमार झा, चंदन कुमार, आशुतोष कुमार, कुंदन कुमार सिंह, फुलटू झा, मो नैयर अली, आदित्य कुमार सिंह, बिमल मुकेश, एस एस प्रसाद पिंटू आदि उपस्थित थे।

## वास्तुकला में अभिनव प्रयोग के लिए मिला नेशनल अवार्ड

**बंगलुरू/मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**

कहते हैं अगर इरादा बुलंद हो और फलक को छूने की दिली ख्वाहिश हो तो इंसान मंजिल पा ही लेता है। जिले के एक लाल ने इसे सच साबित कर दिखाया है। वास्तुकला के क्षेत्र में भविष्य के अनुरूप अभिनव प्रयोग के लिए अक्षय अमन की कंपनी आनंदम डिजाइंस को नेशनल अवार्ड से नवाजा गया है। कंपनी की ओर से फाउंडिंग पार्टनर सीनियर आर्किटेक्ट गुंजन गांगेय ने बीते रविवार को बंगलौर में यह पुरस्कार ग्रहण किया।कंपनी के फाउंडिंग पार्टनर आर्किटेक्ट अक्षय अमन जिले के ग्वालपाड़ा तहसील के झंझरी गांव के रहने वाले हैं। किसान परिवार में जन्मे अक्षय बचपन से ही लीक से हटकर कुछ अलग करना चाहता था। वास्तुकला के क्षेत्र में वह बड़ा मुकाम हासिल करना चाहता था। सैनिक स्कूल गोपालगंज से हायर सेकंडरी करने के बाद उसने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर वह पहले ही प्रयास में देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर नई दिल्ली में दाखिला लेने में सफल हो गया।वास्तुकला में स्नातक करने के बाद वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में सर्टिफिकेट कोर्स पूरा किया। उसके बाद शहरी विकास के क्षेत्र में काम करने वाले विश्व के




सबसे बड़े संस्था इकॉम में तकरीबन दो साल तक ऊंचे ओहदे पर काम किया। करियर की बुलंदी पर उसने जॉब छोड़ कर खुद की कंपनी खड़ा करने का निर्णय लिया। सीनियर आर्किटेक्ट गुंजन गांगेय के साथ मिलकर उसने आनंदम डिजाइंस कंपनी की नींव रखी। मात्र दो साल में कंपनी वास्तुकला के क्षेत्र में एक चर्चित नाम बन गया। इंडिया डिजाइन अवार्ड मिलने से सपने को पंख लग गया है। उसने बताया कि फिलहाल ढाई सौ करोड़ का प्रोजेक्ट कंपनी के अधीन है। वर्ष 2024 तक इसे पांच सौ करोड़ तक ले जाने की प्लानिंग है।
बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री नरेंद्र नारायण यादव, विधान परिषद सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह, पूर्व मंत्री डॉ रेणु कुशवाहा, पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना,प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन, डॉ प्रो पूजा भारती ,इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, डॉ डिके सिन्हा, डॉ एसके संत, डॉ एके मिश्रा, डॉ इंन्द्र भुषन कुमार डॉ मिथिलेश कुमार डॉ विवेक भारती, डॉ संतोष कुमार यादव, सुमन कुमार सिंह, कुल कुल सिंह,मो ख्वाजा, चितरंजन कुमार सिंह, सुनिल कुमार सिंह, राजेश रवि आदि हैं।

## अंग्रेजी एवम नेपाली शराब के साथ चार तस्कर 6 मोटर साईकिल जप्त

**समाज जागरण अररिया।**

अररिया थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर 44.35 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ 2 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त हेमंत कुमार, पिता- शिव नाथ प्रसाद, सा०- पंचकौड़ी चौक, थाना + जिला - अररिया एवम पवन कुमार, पिता बैजनाथ सिंह, सा०- रहिका टोला, थाना + जिला अररिया का है वहीं फुलकाहा थाना पुलिस द्वारा शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए -9 लीटर अंग्रेजी शराब + 140 लीटर नेपाली देशी शराब एवम तस्करी में प्रयुक्त कुल



6 मोटर साइकिलो के साथ 2 शराब तस्करों को किया गया गिरफ्तार
गिरफ्तार अभियुक्त-जनार्दन कुमार, उम्र करीब 22 वर्ष, पिता स्व० शत्रुघ्न यादव, सा०- मानिकपुर, थाना-फुलकाहा, जिला- अररिया एवम रौशन कुमार यादव, उम्र करीब - 23 वर्ष, पिता- प्रह्लाद यादव, सा०- रामघाट, थाना- नरपतगंज का है।

## दीपावली के पूर्व संध्या रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण डेस्क नोएडा/भागलपुर**

सुल्तानगंज/ शुक्रवार को पंडित हरि नारायण शुक्ला फाउंडेशन के अन्तर्गत संचालित एलिमेंट्री स्कूल, सुल्तानगंज में दीपावली के पूर्व संध्या पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ सुलतानगंज निशा राय, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीडीपीओ श्रीमती रूबी सिंह और सम्मानित अतिथि सुलतानगंज थाना से नीरज कुमार रहे।
रंगोली प्रतियोगिता में वर्ग केजी से वर्ग दशम तक के बच्चों की भागीदारी रही। बच्चों ने भारत के सांस्कृतिक विरासत, इतिहास और विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के उपलब्धियों को अपने रंगोलियों में उकेरा. आयोध्या लौटने पर राम-सीता का मिलन, छत्रपति शिवाजी महाराज की छाया-आकृति, वात्सल्य प्रेम, चंद्रयान, ऊर्जा संरक्षण को दशार्ती रंगोलियों की अतिथियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की।
बीडीओ सुश्री निशा राय ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के आवश्यकता पर प्रकाश डाला वहीं सीडीपीओ श्रीमती रूबी सिंह ने कला और भाषा के उत्कृष्ट जानकारी होने के जरूरत की बात कही. गणमान्य अतिथिगण विद्यालय के कार्यकलापों से बहुत संतुष्ट हुए। इस अवसर पर फाउंडेशन के सचिव राजेश कुमार शुक्ला ने विद्यालय के उपलब्धियों के बारे में में बताया कि विद्यालय विगत ३० वर्षों से संचालित है और यहाँ से पढ़े छात्र देश-विदेश के अलग अलग महत्वपूर्ण सरकारी- गैरसरकारी पदों पर पदस्थापित है। आज के इस प्रतियोगिता में विद्यालय से शानू कुमार, सत्यम कुमार, अरुण कुमार सिंह, अभय कुमार, चंदन





कुमार, संजय कुमार, ममता झा, कुंदन कुमारी, जेशु कुमारी, दीक्षा कुमारी, अंकिता कुमारी, अमित कुमार आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही. धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की तरफ से ऐकडेमिक कॉर्डिनेटर अविकल शुक्ला ने किया.

## छुट्टियों में भी यू भी के कॉलेज में होगी ऑनलाइन क्लास

**समाज जागरण आलमनगर ।**

यू भी के कॉलेज कड़ामा में सभी छात्र छात्राओं और शिक्षकों के साथ छुट्टियों के दिन ऑनलाइन क्लास को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा अगर पढ़ लिखकर बड़े अधिकारी बन जाओगे अपने परिवार और समाज का नाम रौशन करोगे तो आपके लिए हर दिन दिवाली और हर दिन होली होगी।उक्त तमाम बातें कड़ामा स्थित यूभीके कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा ने कही।
प्रिंसिपल ने कहा कि दिवाली और छठ पूजा के दौरान महाविद्यालय के सभी शिक्षकों के द्वारा सभी विषयों की ऑनलाइन पढ़ाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करवाई जाएगी साथ ही नई शिक्षा नीति 2020 के नियमों में हुए बदलाव के बारे में समुचित जानकारी दी जाएगी ताकि छात्र-छात्राओं को भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। महाविद्यालय के कार्यक्रम के दौरान सभी विषयों के शिक्षकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छुट्टी के दिनों में होने वाली कक्षाओं को लेकर अपनी समय सारणी जारी कर दी है और महाविद्यालय में नामांकित प्रत्येक छात्र-छात्राओं से आग्रह किया है कि छुट्टी के दिनों में भी कक्षाओं से जुड़कर शिक्षा का लाभ अवश्य लें।
महाविद्यालय के आईटी सेल के कार्यकारी निदेशक ने बताया कि 13 तारीख से हिंदी मेजर मैनर में 2:00 से 3:00 तक वहीं एम आई एल में 3 से 4 मैथिली में 1:00 बजे से 2:00 बजे मनोविज्ञान में 12:00 बजे से 1:00 बजे इतिहास में 10:00 बजे से 11:00 बजे राजनीतिक शास्त्र में 8:00 बजे से 9:00 बजे श्रम एवं समाज कल्याण में 1:00 बजे से 2:00 बजे संगीत में 10:00 बजे से 11:00 बजे समाजशास्त्र में 9:00 बजे से 11:00 बजे संस्कृत में 8:00 बजे से 9:00 बजे दर्शनशास्त्र में 11:00 बजे से 12:00 बजे फिजिक्स में 8:00 बजे से 9:00 बजे गणित में 9:00 बजे से 10:00 बजे तक गूगल मीट के थ्रू सभी छात्र-छात्राओं के साथ सभी विभाग के शिक्षक ऑनलाइन संवाद करेंगे तथा दिए गए सिलेबस को पूरा करेंगे।
वहीं आईटी शेल के निदेशक डॉ सिप्पू झा ने कहा कि जीवन में शिक्षा वह अस्त्र है जिसकी वजह से आपके घर में प्रत्येक दिन दिवाली और होली तो मनेगी ही साथ ही आपके माध्यम से ही कई घरों में दीवाली का प्रकाश



और होली के रंग बिखरेंगे इसलिए जीवन में शिक्षा को प्रथम स्थान दीजिए और दूसरों की खुशी में मददगार बनिए।
कार्यक्रम के दौरान मौके पर प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा के अलावे उप प्रधानाचार्य डॉक्टर ललन कुमार झा, आईटी सेल के निदेशक डॉक्टर सीप्पू कुमार, डॉक्टर शेखर झा, डॉक्टर चंद्रशेखर मिश्रा, प्रोफेसर अमरेंद्र झा, प्रोफेसर प्रेमनाथ आचार्य, प्रोफेसर राजीव कुमार रमन, प्रोफेसर शिवेंद्र आचार्य, प्रोफेसर विनोद शंकर सिंह, प्रोफेसर कुमार चंद्रशेखर, प्रोफेसर विजेंदर झा सहित कई अन्य मौजूद रहे।

## आयुर्वेद सप्ताह: 8 वाँ आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में "हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद" थीम पर कार्यशाला अयोजित

**समाज जागरण अररिया।**

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व जोशी सागर प्रदीप, कार्यवाहक कमान्डेंट 52वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, अररिया (बिहार) के निर्देशन में 8 वाँ आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में ल्हहर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेदह्व के थीम पर सशस्त्र सीमा बल अररिया द्वारा आयुर्वेद सप्ताह दिनांक 05/11/2023 से 11/11/2023 तक वाहिनी मुख्यालय और समस्त सीमा चौकियो में विभिन्न माध्यमो से जैसे आयुर्वेद कार्यशाला, शपथ पत्र, रन फॉर आयुर्वेद, सभा के माध्यम से स्थानीय लोगो को आयुर्वेद के प्रति जागरूक और अन्य माध्यमो से जागरूक किया जा रहा है जैसा कि आप सभी को पता है कि धनतेरस के दिन यानि 10/11/2023 को 8 वाँ आयुर्वेद दिवस है इसी के क्रम में, आज वाहिनी मुख्यालय अररिया में रन फॉर आयुर्वेद के तहत जवानों ने स्थानीय लोगो को जागरूक करने हेतु एस एस बी मुख्यालय अररिया से बस स्टैंड अररिया तक दौड़ लगाई । इसी के सबंध में, आपको बता दूँ कि प्रत्येक वर्ष धन्वंतरी जयंती के अवसर पर आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है इसकी शुरूवात भारत सरकार, केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने 28/10/2016 को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में की माना जाता है कि आयुर्वेद का जन्म ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी में हुआ, आयुर्वेद के अनुसार, मानव शरीर चार मूल तत्वों से बना है झ्र दोष,धातु, मल और अग्नि आयुर्वेद में शरीर की इन सभी मूल बातों का बहुत महत्व है इन्हें मूल सिद्धांत या आयुर्वेद उपचार के बुनियादी सिद्धांत भी कहा जाता है। इसलिए भारत सरकार के तत्वाधान व कार्यवाहक कमान्डेंट के निर्देशन में आयुर्वेद के प्रति सीमावर्ती/स्थानीय लोगो को जागरूक किया जा रहा है।



## जीविकाकर्मियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

**समाज जागरण अररिया।**

जीविका अररिया की ओर से जिले के सभी परियोजनाकर्मियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न हुआ। लतिका रेणु जीविका महिला प्रशिक्षण एवं शिक्षण केन्द्र, अररिया में आयोजित इस कार्यशाला में जिले के सभी कर्मियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में जिले से जिला परियोजना प्रबंधक के अलावा सभी विषयगत प्रबंधक, लेखापाल और कार्यालय सहायकों ने हिस्सा लिया। वहीं, सभी 9 प्रखंड कार्यालयों में पदस्थापित प्रखंड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक और सामुदायिक समन्वयकों ने भी हिस्सा लिया। वहीं, इस एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण तथा सामुदायिक निधियों के कुशल प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। इस उन्मुखीकरण का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक निधियों का कुशल प्रबंधन कर जीविका दीदियों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करना है। जिससे कि आने वाले दिनों में जीविका दीदियां बेहतर जिंदगी बसर कर सकें। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम के सत्र की शुरूआत करते हुए प्रबंधक संस्था निर्माण एवं क्षमतावर्धन श्री राकेश कुमार नीरज ने सभी प्रतिभागियों को विषय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और इसकी महत्ता पर भी प्रकाश डाला। इसके अलावा प्रबंधक सामुदायिक




वित्त श्री वीरेन्द्र कुमार ने सामुदाय आधारित संस्था के वित्तीय प्रबंधन (लेखांकन) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था के सुचारू रूप से चलने के लिए वित्तीय लेखा-जोखा का सही रहना काफी जरूरी होता है। इससे पारदर्शिता बनी रहती है। इसलिए इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं, इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक श्री नवीन कुमार ने सभी जीविकाकर्मियों को इस कार्यशाला की बारीकियों को समझकर इसे परियोजना हित में लागू करने की अपील की। उन्होंने सभी को अधिक ऊर्जा के साथ परियोजना के लिए कार्य करने को कहा ताकि हमारी जीविका दीदियों को अधिक-से-अधिक लाभ मिल सके। यह कार्यशाला इस दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है कि जिले की लगभग साढे तीन (3.5) लाख ग्रामीण महिलाएं जीविका के समूहों से जुड़ी हुई हैं एवं विभिन्न माध्यमों से जीविका की ओर से एक हजार करोड़ से ऊपर की राशि इन परिवारों को उपलब्ध कराया गया है।

## राजद के प्रदेश सचिव टीपू यादव की अगुवाई में तेजस्वी जी के 34 वां जन्मदिन काटा गया केक

**समाज जागरण नरपतगंज ।**

नरपतगंज व्यापार मण्डल के प्रांगण में राष्ट्रीय जनता दल के युवा साथियों द्वारा बिहार प्रदेश राजद के प्रदेश सचिव मेदनी कृष्ण उर्फ टीपू यादव की अगुवाई में बिहार के शान, युवा दिलों की धड़कन माननीय उपमुख्यमंत्री यशस्वी, ओजस्वी तेजस्वी जी का 34वां जन्मदिन हर्षोल्लास पूर्वक केक काटकर मनाया गया। उक्त मौके पर टीपू यादव समेत युवा तरुण कुमार, पूर्व जिला महासचिव राजेश यदुवंशी, जिला महासचिव सादिक आलम, प्रखंड प्रधान महासचिव सह उपप्रमुख मो कमरुज्जमा, पंचायत समिति सदस्य कुलदीप यादव, अनिल कुमार, इ.मनीष यादव, कामेश्वर यादव, सुरेश कापड़ी, श्रवण कुमार, जयप्रकाश यादव, रुपेश कुमार यादव, मो सज्जाद, मो हलीम,अमर कुमार सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने जातीय जनगणना और लाखों रोजगार सृजन जैसे ऐतिहासिक काम के लिए सूबे के डिप्टी सीएम भाई तेजस्वी यादव को साधुवाद दिया।



## काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने किया मीडिया कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

पत्रकार दुहाई देते रहे कि हमें कवरेज करने के लिए जाना है मगर पुलिस वाले इधर-उधर का रास्ता बताते रहे किसी को भी नहीं पता था कि क्या एडवाइजरी जारी की गई है, और पत्रकारों के लिए एक दिन पूर्व ही ग्रुप में दर्शा दिया गया था कि गेट नंबर 4 से आप काशी विश्वनाथ मंदिर कैंपस में स्थित अन्नपूर्णा मंदिर का कवरेज करते हुए स्वर्णमयी अन्नपूर्णा मठ मंदिर में कवरेज करने के लिए जाएंगे, मगर कोई भी रास्ता सुगम रास्ता पत्रकारों को नहीं दिया गया और ना ही उनकी कोई बात मानी गई। साथ ही पत्रकारों की लाइन में आम दर्शनार्थियों को जबरन भेज दिया गया और हंसते रहे सुरक्षाकर्मी, समाचार कवरेज करने गए कई पत्रकार बाबा विश्वनाथ के दर्शन करना चाहते थे मगर सुरक्षा का बहन देते हुए आधे घंटे तक उन्हें काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग के गेट के बाहर रोक दिया गया इस दौरान लगातार श्क्ष्ढ दर्शन पुलिसकर्मियों के द्वारा कराए जा रहे थे मंदिर ढफ्ढ पीयूष तिवारी को कई बार फोन मिलाने के बाद भी उनका फोन नहीं उठा

## काशी एक्सप्रेस के सामने कूद कर अज्ञात अंधेड ने दे दी जान

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

मृतक का शव रेलवे ट्रैक के बीचों बीच पड़ा होने के चलते घंटो खड़ी रही स्पेशल ट्रेन कई ट्रेनें हुई प्रभावित ।।

सेवापुरी उत्तर रेलवे के सेवापुरी स्टेशन के पश्चिमी आउटर सिंगल से कुछ दूरी पर स्थित घोसिला गांव के सामने कस्तूरबा इंटर कॉलेज के पास शुक्रवार की दोपहर मुंबई से चलकर गोरखपुर जाने वाली काशी दादर एक्सप्रेस के सामने कूद कर एक 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति ने अपनी इह लीला समाप्त कर ली ट्रेन के लोको पायलट ने इसकी सूचना सेवा पुरी के स्टेशन मास्टर को दी स्टेशन मास्टर एवं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कप सेठी पुलिस ने सव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।।

।। बताया जाता है कि उक्त ट्रेन डाउन लाइन से जब गुजर रही थी कि अचानक उक्त अधेड़ जो धारीदार लूंगी एवं पीले कलर का हाफ शर्ट पहने हुए था अचानक पहुंचकर ट्रेन के सामने छलांग लगा दिया जिससे उसके परखचे उड़ गए तथा सव रेलवे ट्रैक के बीचो-बीच पड़ा रहा इस बीच इसी लाइन पर मुंबई से गोरखपुर जाने वाली स्पेशल ट्रेन पहुंची जिसके पायलट ने जब रेलवे ट्रैक के बीचों बीच सव देखा तो ट्रेन खड़ी कर दी और यह ट्रेन घंटो तब तक खड़ी रही जब तक कपसेठी पुलिस मौके पर पहुंचे सव को ट्रैक से नहीं हटाया फिर हाल मृतक के पास से कोई ऐसा सामान नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके इस बीच डाउन लाइन से गुजरने वाली जनता एक्सप्रेस सारनाथ एक्सप्रेस बुंदेलखंड एक्सप्रेस समेत कई मालगाड़ी भी प्रभावित हुई जिन्हें विभिन्न स्टेशनों पर रुकना पड़ा ।।

## अनियंत्रित क्रुजर पलटी,क्रुजर सवार तीन यात्री हुए घायल

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी चोलापुर थाना क्षेत्र के बलराम गंज पेट्रोल पंप के समीप वाराणसी आजमगढ़ हाईवे सड़क पर अनियंत्रित क्रूजर गाड़ी पलटने से तीन क्रुजर सवार यात्री घायल हो गए । ग्रामीणों व पुलिस के मदद से उनको चोलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया । जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की शाम को वाराणसी से आजमगढ़ की तरफ सवारी से भारी क्रूजर गाड़ी जा रही थी । बलरामगंज पेट्रोल पंप के समीप पहुंची थी कि अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और मौके पर ही क्रुजर गाडी का टायर ब्रस्ट हो गया। उक्त क्रुजर की सवारी आजमगढ़ निवासी मताबी देवी 60 , हनुमान यादव 25,वीरू यादव 23 घायल हो गए । स्थानीय ग्रामीणों की रचना पहुंची स्थानीय पुलिस व ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलापुर में भर्ती कराया गया है ।

## चिरईगांव में युवक की अधजली लाश मिलने से सनसनी

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

चिरईगांव/वाराणसी- चौबेपुर थाना क्षेत्र के चिरईगांव ग्राम पंचायत के दक्षिणी छोर पर स्थित पुराने कुएं के पास शुक्रवार को अल सुबह एक युवक की अधजली लाश मिलने से सनसनी फैल गयी।अधजले युवक का मुंह, हाथ,पैर का काफी हिस्सा जल गया था। जिससे युवक की पहचान में काफी मुश्किल हो रही थी।एक स्थानीय ग्रामीण ने घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम 112 के चौकी प्रभारी चिरईगाव को दी। थोड़ी ही देर में प्रभारी निरीक्षक थाना चौबेपुर राजीव कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने जब मृतक के शव को हिला डुला कर देखा तो मृतक के दाहिने हाथ पर उसके नाम का टैटू बना था। टैटू से उसकी पहचान गांव के ही दलित बस्ती के रहने वाले सिकन्दर उर्फ पगलू (31 वर्ष) पुत्र बाबूलाल राम के रूप में हुई। जानकारी होने पर मृतक के परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। मृतक की पत्नी रेखा देवी ने बताया कि उसका पति गुरुवार की शाम लगभग साढ़े सात बजे घर आया था और काफी परेशान लग रहा था परेशानी का कारण रुस्तमपुर स्थित शराब के ठेके पर शाम को दो लोगों से झगड़ा होने की बात बताया था। कुछ देर घर रुकने के बाद वह फिर कहीं चला गया। इसके बाद रात भर घर वापस नहीं आया। शुक्रवार की भोर में मैं घर के बाहर खड़ी थी तो दो लोग जिनको मैं पहचान नहीं सकी इधर से गुजर रहे थे और आपस में बात करते हुए जा रहे थे कि चलो पगलुआ (सिकन्दर) को तो खत्म कर दिया।यह बात मैंने अपने ससुर को तुरन्त बताई और खोजबीन करने लगे।इसी बीच घटना स्थल पर लाश मिलने की सूचना मिली। सूचना पाकर परिजनों ने मौके पर पहुंचकर ने मृतक की पहचान की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर संयुक्त पुलिस आयुक्त डा.के एजिलरसन, एडीसीपी वरुणा जोन शांडिल्य, सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ धनंजय मिश्रा, थाना प्रभारी चौबेपुर राजीव सिंह, प्रभारी निरीक्षक सारनाथ,डाग स्क्वायड व फोरेंसिक जांच टीम मौके पर पहुंच कर घटना की जांच पड़ताल में जुट गयी। घटना स्थल से पुलिस ने एक लोअर व एक चप्पल बरामद किया। मृतक राजगीर का काम करता था वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। मृतक के परिवार में पत्नी के साथ ही चार पुत्र व एक पुत्री हैं।

## अयोध्या तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के गठन को कैबिनेट ने किया मंजूर

अयोध्या।

उ. प्र. कैबिनेट की पहली बार अयोध्या में हुई बैठक में अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के गठन को मंजूरी दी गई है। अयोध्या के माझा जमथरा गांव में 25 एकड़ भूमि पर भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय की स्थापना के प्रस्ताव को तथा अयोध्या के सभी मेलो को प्रांतीय करण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय अयोध्या में योगी कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा है। यूपी सरकार की पूरी कैबिनेट अयोध्या धाम आई है। उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर आज अहम 14 फैसले हुये। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की 30,500 करोड़ रुपये से ज्यादा की 178 योजनाएं पहले से ही अयोध्या में चल रही हैं।

बैठक में इनलैंड वाटर वे प्राधिकरण के गठन के संबंध मे प्रस्ताव को मंजूरी, मां पटेश्वरी देवीपाटन विकास परिषद गठन को मंजूरी, मुजफ्फरनगर में शुकतीर्थ विकास परिषद के गठन को मंजूरी, अयोध्या शोध संस्थान को अंतराष्ट्रीय रामायण वैदिक शोध संस्थान के रूप मे विस्तारित करके स्थापित करने को मंजूरी, हाथरस मे दाऊजी लक्खी मेला को प्रांतिकरण करने का निर्णय। बुलंदशहर मे गंगा मेला का प्रांतीयकरण व बनारस में देव दीपावली आयोजन का प्रांतीय करण करने के प्रस्ताव को मंजूरी, प्रदेश मे महिला स्वयंसेवी समूहों को




उनके ही ब्लॉक मे प्लांट लगाने के संबंध मे प्रस्ताव को मंजूरी, ड्रोन पॉलिसी को मंजूरी, राज्य स्तर पर नियमावली लागू करने के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी, शीतकालीन सत्र 28 नवंबर 2023 से बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, महिला कल्याण मंत्री बेबीरानी मौर्य, गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री अरविन्द शर्मा, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नन्दगोपाल नन्दी, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, मत्स्य मंत्री संजय निषाद, परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह आदि मंत्रियों ने भाग लिया। संचालन उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र ने संचालन किया तथा सम्बंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव एवं मुख्य सचिव भी उपस्थित थे। इसके पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा अपने मंत्रिमण्डल के सहयोगियों के साथ मिनी बस पर सवार होकर श्री हनुमानगढ़ी एवं श्री रामलला का पूजन अर्चन किया। मंदिर निर्माण के कार्यो की जानकारी ली। सभी से दीपोत्सव को सफल बनाने का आहवान किया।

## वाराणसी में पति-पत्नी को बंधक बनाया, 11 लाख की लूटे : मुंह पर कपड़ा बांधे बदमाश घुस आए

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**
**आराजी लाइन/वाराणसी**

रोहनिया थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने बड़ी वारदात अंजाम दी। यहां हिंडाल्को कंपनी से रिटायर्ड अधिकारी और उनकी पत्नी को बंधक बनाकर करीब 11 लाख रुपए की लूटपाट की गई। 3 घंटे तक बदमाश घर में तांडव करते रहे। लूटपाट करने के बाद उन्होंने रसोई में चाय बनाई, सबने वहीं बैठकर चाय पी।

इस दौरान, उन्होंने दंपति के हाथ-पैर बांधकर कमरे के एक कोने में डाल दिया था,औरधमकी दी कि अगर शोर मचाया तो जान गंवा दोगे। बड़ी लूट के बाद पुलिस कमिश्नर वाराणसी भी मौके पर पहुंचे। दंपति से पूरी वारदात को समझने के बाद बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगा दी हैं। ये वारदात वैष्णव विहार कॉलोनी अमरा में हुई है।

पुलिस ने बदमाशों के हुलिये को लेकर गायत्री देवी से लंबी पूछताछ की।

दीवार फांदकर अंदर घुस आए बदमाश।

दरअसल, रोहनिया थाना क्षेत्र के अमरा अखरी स्थित वैष्णव विहार कॉलोनी में हिंडाल्को कंपनी सोनभद्र से रिटायर्ड रविंद्रनाथ सिंह अपनी पत्नी गायत्री देवी के साथ रहते हैं। उनके बेटे-बहू दूसरे शहर में नौकरी करते हैं। गुरुवार की रात दोनों अपने कमरे में सोए थे। रात में करीब दो बजे उन्हें घर के अंदर किसी की आहट सुनाई दी। गायत्री उठी तो खिड़की से देखा कि बाहर दीवार से हथियार बंद चार डकैत अंदर कूद रहे हैं।

कमरे के दरवाजे पर जाली वाले दरवाजे को एक बदमाश तोड़ने का प्रयास कर रहा था। गायत्री ने जल्दी से मुख्य दरवाजा पूरी तरह से बंद करने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश उस वक्त तक जाली वाला दरवाजा तोड़ चुके थे। चारों बदमाश अंदर घुस आए। चाकू के दम पर बंधक बना लिया।

घर के आस-पास के बड़े एरिया में सुराग जुटाने के लिए छानबीन की गई एक बदमाश बोला-कैश कहां रखा है, डकैतों को देखकर दंपति घबरा गए और पुलिस को फोन करने की कोशिश की लेकिन बदमाशों ने उन्हें अपने कब्जे में ले लिया। बदमाशों ने पहले तो दंपति को पीटा, उनके मोबाइल कब्जे में लिए, फिर घर की सभी लाइट बंद कर दी इसके बाद एक बदमाश ने गायत्री से अलमारी की चाबियां मांगी और पूछा कि कैश और जेवर कहां पर हैं,तो गायत्री घबराई हुई थीं। उन्होंने अलमारी की चाबी दे दी। बदमाशों ने अलमारी में रखे सवा लाख रुपए कैश और करीब 10 लाख रुपए की ज्वैलरी लूट ली।

भागने से पहले रसोई में इत्मीनान से चाय बनाई

बदमाश इसके बाद भागने की प्लानिंग कर रहे थे। लेकिन उन्होंने तय किया कि मौसम ठंडा है, पहले चाय पिएंगे। इसके बाद 1 बदमाश ने रसोई में चाय बनाई। सबने कमरे में बैठकर चाय पी। इसके बाद वो लोग दोबारा दीवार फांदकर बाहर की तरफ भाग निकले। रविंद्रनाथ और गायत्री कमरे में बंधे पड़े थे। उन्हें काफी वक्त लगा खुद को छुड़वाने में। इसके बाद उन्होंने शोर मचाकर पड़ोसियों को इकट्ठा किया। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी।

पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन की रोहनिया मौके पर पहुंचे, उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बदमाशों के घर के अंदर आने फिर भागने के पैटर्न पर छानबीन की। फोरेंसिक टीम को भी पड़ताल के लिए बुलवाया है। फिलहाल बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा है।

## प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना से गरीब परेशान घर बेचने की नौबत आयी

**समाज जागरण**

वाराणसी पड़ाव सूजाबाद क्षेत्र के निवासी मुनना लाल गुप्ता पुत्र मंशा लाल जो चवन्नी भर जमीन लेकर सूजाबाद में रहते है उस पर एक गाटर का मकान बना कर रहते है और प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना के एक कनेक्शन बिजली का लिया उनहे जो जानकारी मिली थी वो यह थी कि गरीबों का घर रौशन किया जाएगा और घर रौशन हूआ भी मगर इधर बीच कुछ ऐसा हूआ के मुनना लाल गुप्ता के पैरों से जमीन खिसक गयी जब बिजली का बिल आया तो पता चला के 53,990 रुपये का बकाया लग गया। और विभाग ने बिजली भी काट दिया मगर पक्की रसीद नही दी गयी साल भर बाद हाथ पैर जोड़ कर किसी तरह से बिजली तो लग गयी मगर समस्या का समाधान नहीं हो पाया यह गरीब के घर जब मीडिया कर्मी गये तो देखा कि एक बल्ब और एक छोटा पंखा लगा है अब देखने वाली बात यह है की बिजली विभाग इस मामले मे कया रुख अपनाता है इस मामले को लेकर जब मुनना लाल गुप्ता और उनके कुछ नजदीकी रिस्तेदार एस डी ओ के पास गये तो पहले तो कोई मुलाकात चार दिन तक नही हो पाई किसी तरह से मुलाकात हूई तो इलाकाई एस डी ओ ने इस मैटर पर कोई गम्भीरता नही दिखाई और मुनना



लाल गुप्ता के अनुसार हमारा कागज जमीन पर फेंक दिया और गरीबी का मजाक उडाते हूए कहा कि या तो तुम पूरा पैसा दोगे या फिर जेल जाओगे इधर मुनना लाल का कहना है की जिस तरह का व्यहार एस डी ओ ने किया उससे मेरे दिल को बहोत ठेस लगी हम तो एस डी ओ साहब को अपनी गरीबी की दास्तां सुनाने गये थे की हम बहोत गरीब आदमी है रोज कुआं खोदते है रोज पानी पीते है यह समस्या हमारी गरीबी के लिए काल है आज भी हम विभाग से यह उम्मीद करते है की मेरे साथ पूरा इन्साफ किया जाए जो वास्तविक पैसा बन रहा है उसे मै किसी भी तरह से कोशिश कर के दे दिया जाएगा मगर पहले विभाग मेरे साथ फरयादी जैसा बरताव करे जिस तरह से इलाकाई एस डी ओ ने प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना का माखौल उडाते हूए कहा कि आफिस मे मै बैठता हूं मोदी जी नही बैठते जितना मै कहूंगा उतना ही यहां पर मोदी जी नही बैठते अब सवाल यह उठता है की मुझ गरीब का घर रौशन करने की बात थी या बेतहासा बिल भेज कर मेरा घर उजाडने की बात हो रही है मै पुनः कहता हूं की रिडिंग सही हो और जो जायज पैसा हो उसकी बात होनी चाहिए।

## रेलवे में मनाया गया आयुर्वेद दिवस

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में वाराणसी मंडल के भारतेंदु सभागार कक्ष में प्राचीन चिकित्सा प्रणाली (आयुर्वेद) के जनक एवं दिव्य चिकित्सक भगवान धन्वंतरि की जयन्ती 8 वें ह्यआयुर्वेद दिवसह्ल के रूप में मनाई गई । इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मंडल रेल प्रबंधक द्वारा भगवान धन्वंतरि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया गया । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा) रोशन लाल यादव,अपर मंडल रेल प्रबंधक(परिचालन) राजेश कुमार सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय) राकेश रंजन,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अजय प्रताप सिंह,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर-1 रजत प्रिय , वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य) पंकज केशरवानी,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(आपरेशन) अनिल श्रीवास्तव,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर-2 यशवीर सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी बलेंद्र पाल,मंडल कार्मिक अधिकरी विवेक मिश्रा समेत मंडलीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

इस अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव ने कहा की रेलवे बोर्ड एवं मुख्यालय के निर्देशनुसार हमारे मंडल में आज आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है । जैसा की हम सभी को पता है कि आयुर्वेद हमारी भारतीय चिकित्सा पद्धति और स्वस्थ मानव जीवन के लिए एक अद्वितीय वरदान है। इसके अथार्नुसार 'आयुर्वेद' अर्थात 'आयुह्ल और 'वेद', जिसके प्रयोग से एक लम्बी, स्वस्थ और समृद्ध जीवन की प्राप्ति संभव है। वर्तमान परिपेक्ष्य को देखते हुए आयुर्वेद के द्वारा मानव जीवन को चिकित्सा, स्वास्थ्य सम्बन्धी एवं दैनिक आहार तथा दिनचर्या के सम्बन्ध में स्वस्थ जीवन की प्रेरणा मिलती है। इसके अन्तर्गत वैदिक एवं योगिक सूत्रों के द्वारा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने एवं मानव स्वास्थ्य बनाए रखने, बीमारियों का निदान एवं जनकल्याण हेतु स्वयं में विशाल एवं समृद्ध तंत्र है। आयुर्वेद में हमें विदोष सिद्धांत, पंचकर्म चिकित्सा, और योग का महत्वपूर्ण तथ्यों से भलीभांति अवगत कराया गया है जिसके प्रयोग के सफल रोगमुक्त मानवजीवन की परिकल्पना की जा सकती है क्योंकि यह रोग के कारण नहीं, बल्कि रोग की असली उत्पत्ति के कारण का वैदिक रूप से इलाज करता है।

इस अद्वितीय दिन पर यह याद दिलाते हुए हर्ष हो रहा हैं कि हमारे पूर्वजों ने आयुर्वेद को अपने जीवन का हिस्सा बनाए रखने के लिए इसे मूलरूप में इसे स्वीकार किया था और हमें भी इसे अपने जीवन में शामिल करने का संकल्प लेना चाहिए। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस आयुर्वेद की रीतियों को आने वाली पीढ़ी के साथ साथ वर्तमान जनमानस व्यापक प्रचार प्रसार करना चाहिए ताकि प्रकृति का यहाँ अद्भुत वरदान सामान्य जनमानस से विलुप्त न होने पाए।

इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे आयुर्वेद चिकित्सक (वैध) राजेश कुमार पाण्डेय ने



पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के मध्यम से समझाया की आयुर्वेद एक प्राकृतिक चिकित्सा पद्यति है जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग किया जाता है जो असाध्य से असाध्य रोगों का उपचार करती है एवं इसका कोई भी दुष्प्रभाव (साइड इफेक्ट) सामान्य मनुष्यों पर नहीं पड़ता । इसके साथ ही अपनी सरल उपचार प्रणाली के कारण आयुर्वेद समान रूप से पशुओं के उपचार में भी कारगर है । इससे यह स्पष्ट है की आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्यति ही नहीं है बल्कि एक जीवन शैली है जो शारीर को निरोगी रखती है । उन्होंने बताया की हमें मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को ठीक रखने हेतु प्राकृतिक जीवन शैली एवं उपचार पद्यति को अपनाने हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए । उन्होंने बताया की आयुर्वेद मानव शरीर के मानसिक एवं शारीरिक सन्तुलन को बनाये रखने में बहुत सहायक है । वर्तमान समय में आधुनिक आयुर्वेदिक दवाएँ नामचीन लैबोरेट्री में विभिन्न टेस्टींग के बाद तैयार की जा रहीं है , आप सभी इनका प्रयोग कर अपनी काया को निरोगी रख सकते हैं । उन्होंने बताया की सप्ताह में एक दिन उपवास रखें और इस दौरान केवल जल दूध या फल का सेवन करें, अश्वगंधा चूर्ण १ चम्मच सुबह नाश्ते के बाद या रात में सोते समय दूध या जल से लें ,च्यवनप्राश (शुगर फ्री ) १ चम्मच सुबह नाश्ते के बाद लें,तुलसी, हल्दी, सोंठ, काली मिर्च, पिप्पली, तेजपत्र दालचीनी, इलायची, लौंग इन सभी को बराबर मात्रा में मिलाकर चूर्ण कर के रख लें । १/४ चम्मच चूर्ण चाय में दूध में अथवा ग्रीन टी या १ कप गर्म पानी में डाल कर सुबह शाम पियें` इसमें चीनी ना मिलाए उसके स्थान पर थोड़ा सा गुड़ मिला सकते हैं । यदि सर्दी जुकाम या गले में कोई परेशानी हो तो इसे दिन में तीन चार बार पिए । इसी चूर्ण को गुग्गुल, लोहबान, कपूर या धूप की लकड़ी के साथ मिला कर शाम के समय घर में धूपन करें।

संगोष्ठी का संचालन करते हुए मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक मिश्रा ने बताया की वाराणसी मंडल ने ह्यआयुर्वेद फॉर वन हेल्थ अभियानह्ल के वैश्विक अभियान से जुड़कर इस अभियान को अपना सहयोग प्रदान कर रहा है। ह्यआयुर्वेद फॉर वन हेल्थह्ल अभियान का जन संदेश, वैश्विक जन भागीदारी के साथ एक अन्तराष्ट्रीय जन आंदोलन बन चुका है। केन्द्रीय मंत्री सबार्नंद सोणोवाल ने 10 अक्टूबर 2023 को दिल्ली से इस वैश्विक अभियान की घोषणा की थी। हर साल धन्वंतरि जयंती के दिन आयुष मंत्रालय की ओर से विश्व आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया जाता है। ह्यआयुर्वेद फॉर वन हेल्थह्ल के जन संदेश के साथ यह अभियान भारत ही नहीं पूरे विश्व में मनाया जा रहा है।

## "बड़े प्रतिष्ठान क्षेत्र के विकास में सहयोगी: वरिष्ठ शाखा प्रबंधक"

अयोध्या। ग्रामीण क्षेत्र के लिए वाहनों की खरीद बिक्री बड़ा कार्य है। इस कार्य में बिना सेवा भाव की भावना के सफलता नहीं मिल सकती है। ऐसे में सेवाभाव से किया गया कार्य भगवान की आराधना करने जैसा है। जो सुविधा क्षेत्र के लोगों को तीस किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय जाकर मिलती थी, वह सुविधा अब अजय मोटर्स ने हैरिंग्टनगंज बाजार में उपलब्ध करा कर क्षेत्र के विकास में बड़ा योगदान किया है। यह बातें बड़ौदा यूपी बैंक शाखा पलिया लोहानी के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अंकित श्रीवास्तव ने अजय मोटर्स वाहन एजेंसी के उद्घाटन अवसर पर फीता काटते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारा बैंक इस क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रयासरत है और क्षेत्र के विकास में योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति अथवा प्रतिष्ठान को सहयोग प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित भी है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंगठन के जिलाध्यक्ष बलराम तिवारी ने हैरिंग्टनगंज बाजार में अजय मोटर्स के उद्घाटन अवसर पर कहा कि प्रत्येक प्राणी समाज के लिए उपयोगी है। यदि हम किसी अंधे व्यक्ति को रास्ता दिखाते हैं तो यह भी समाज सेवा है और यदि हम किसी गरीब को पानी पिलाते हैं तो इसे भी समाज सेवा की श्रेणी में रखा गया है। प्रयास होना चाहिए कि हम सभी अपने सामर्थ्य के अनुसार समाज के उत्थान एवं रचनात्मक विकास के लिए कुछ ना कुछ



योगदान देते रहें। तन, मन और धन के द्वारा अपने क्षेत्र के विकास में भागीदारी निभाने के लिए हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए। बड़ौदा यूपी बैंक शाखा पलिया लोहानी के सहायक प्रबंधक देवेश शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए बड़ौदा यूपी बैंक हमेशा प्रयासरत है। मुझे आशा है कि ग्रामीण क्षेत्र में अजय मोटर्स यहां के लोगों को बेहतर सेवा प्रदान करके क्षेत्र के विकास में अहम योगदान देगा।

इसके पूर्व अजय मोटर्स के मालिक अजय यादव द्वारा प्रतिष्ठान पर धनतेरस का विधिवत पूजन अर्चन किया गया। इस मौके पर बड़े व्यापारी देवबक्श सिंह, सपा नेता घनश्याम तिवारी, पूर्व प्रधान रामबरन मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार राजेश तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार रघुबर दयाल तिवारी, कांग्रेस नेता कर्मराज यादव, पूर्व प्रधान बीरेंद्र सिंह, व्यापारी विजय अरोड़ा, सुभाष यादव, वसीम अहमद, पूर्व प्रधान राजकुमार चौरसिया, सज्जन पाठक, डाक्टर कुमार, डा.लालजीत सहित दर्जनों गणमान्य लोग एवं क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

## जीत का बिगड़ सकता है समीकरण प्रत्याशियों और प्रभारी को नहीं है फ्री हैंड

**जितेंद्र शर्मा उमरिया।**

मध्यप्रदेश चुनाव क्या टिकट की मारामारी इसलिए क्योंकि राजनीति ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान है । विधानसभा चुनाव में इस बार सत्ता के दावेदार दो प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस में टिकट को लेकर जिस बड़े पैमाने पर बगावत और नाराजगी दिखाई दे रहा था। वह देश की राजनीति में आ रहे चरित्रगत बदलाव का संकेत है। साथ ही यह वैचारिक और दलीय प्रतिबद्धता पर हावी हो रहे व्यक्तिवाद और निजी स्वार्थ की स्पष्ट छवि भी है। चुनाव के लिए नामांकन प्रारंभ होने के बाद भाजपा और कांग्रेस में करीब कुछ सीटों को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर भारी असंतोष और बगावत की लपटें हैं। बांधवगढ़ में जहां बाल सिंह टेकाम अन्य प्रमुख राजनीतिक दल का समीकरण बिगाड़ रहे हैं तो वही मानपुर में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी गठबंधन के प्रत्याशी भी मुकाबला को त्रिकोणीय बना रहे हैं। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर दस्तक दे रहे हैं और अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांग रहे हैं ।

वैसे भी हर पार्टी में एक सीट पर टिकट के लिए एक से अधिक आकांक्षी होते हैं। दूसरी और गौर करने वाली बात यह भी है कि सभी प्रमुख राजनीतिक दल के कार्यकर्ता जो कि वर्षों से पार्टी की सेवा करते हैं और संगठन के काम में तन मन से काम करते हैं उन्हें भी अपेक्षा रहती है की टिकट दिया जाए लेकिन उमरिया जिले में भारतीय जनता पार्टी ने दोनों विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से पुराने चेहरे को ही उतार रही है।

**चुनाव पर क्या होगा इसका असर?**

जाहिर है कि जब दो प्रमुख दलों में इतने बड़े पैमाने पर बगावत है तो उसका असर चुनाव नतीजों पर पड़ेगा ही। कार्यकताओं को मनाने का फामूर्ला मोटे तौर पर अगले चुनाव में टिकट के वादे, सत्ता में आने पर किसी पद की रेवड़ी, किसी कार्यकर्ता के घर जाकर चाय आदि पीने की दरियादिली या फिर बात-बात पर उसकी पीठ थपथपाने, मंच से तारीफ के दो शब्द कहकर भावनात्मक शोषण करने या फिर किसी विशेष स्थान पर काबिज काम डीलिंग के रूप में भी हो सकता है।इस बात पर ध्यान रहे कि राजनीति में ह्यठगनाह्ल शब्द के अनेकार्थ हैं और वो परिस्थिति तथा पात्र के हिसाब से बदलते रहते हैं। बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भले ही प्रभारी के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता को कमान सौंप गई है लेकिन सूत्रों की माने तो बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनाव का संचालन ऐसा व्यक्ति कर रहा है जिसका पारिवारिक सदस्य नगर पालिका के चुनाव में पार्षद तक का चुनाव हार गया था। वहीं दूसरी और इस वर्ग के व्यक्ति को मानपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ऐसे नेता के विधानसभा क्षेत्र में हस्तक्षेप के कारण अंदरूनी तौर पर प्रभारी एवं कई भाजपा के कार्यकर्ता असंतुष्ट भी बताई जा रहे हैं।

## बिजुरी क्षेत्र में बालू के खेल में चर्चित लोग हैं शामिल

अनूपपुर ।बिजुरी क्षेत्र में अवैध रूप से बालू का कारोबार कई महीनो से पुलिसिया संरक्षण में चल रहा है किस पर विराम लगाने में पुलिस प्रशासन भी अक्षम साबित हो रहा है सूत्र तो बताते हैं कि इस पूरे खेल में बिजुरी नगर के अनिल सहित दो युवा भी शामिल है जो पूरा मैनेजमेंट की बात करते हैं ऐसा ही कुछ मैनेजमेंट का खेल सोशल मीडिया में जमकर चचाओं में है। इस खेल में ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्हें की समाज सुधारने की जिम्मेदारी है।

## अप्राकृतिक दुष्कर्म का आरोपी गया जेल।।

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

सेवापुरी / वाराणसी जंसा पुलिस ने पाक्सो एक्ट के मुकदमें से सम्बन्धित आरोपी को जेल भेज दिया ।।

बताया जाता है कि सुजीत पटेल उर्फ पउआ को जंसा पुलिस ने हरसोस अण्डर पास से गिरफ्तार कर धारा 377,506 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत जेल भेज दिया गौरतलब होकी गत दिन हरसोस गांव में एक शादी समारोह के दौरान आरोपी अपने पड़ोसी किशोर को बहला फुसला कर सुनसान स्थान पर ले जाकर अप्राकृतिक दुष्कर्म कर फरार हो गया था ।।

## एटीएम कार्ड बदल कर जालसाज ने उड़ाए 23हजार रुपए

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

सेवापुरी/वाराणसी जनसा थाना के स्थानीय चौराहे पर बैंक आफ बडौदा के लगे एटीएम मशीन से जालसाज ने एटीएम कार्ड बदलकर 23 हजार रुपए उड़ा दिए घटना की जानकारी जब पीड़ित के मोबाइल पर मैसेज आया तो हुई भागा भागा वह जनसा थाने पर पहुंचा अज्ञात जालसाज के खिलाफ तहरीर दे अपने खाते को लाक कराया ।। ।।बताया जाता है कि पीड़ित रामबली पटेल इसी थाना क्षेत्र के पदमपुर।। बहरा।। गांव का निवासी है गुरुवार को उक्त एटीएम मशीन से रुपया निकालने गया था किसी कारण बस जब रुपया नहीं निकला तो पीछे खड़े अज्ञात युवक ने उसे सहायता देने की बात कर उक्त धन राशि उड़ा दिया फिलहाल जनसा पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।।

## राजगंज में दिखा धनतेरस को लेकर असर।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा**

राजगंजः धनबाद के साथ साथ शुक्रवार शाम को राजगंज क्षेत्र में भी धनतेरस को लेकर भारी भिड़ देखने को मिला राजगंज बाजार में बाइक शोरुम , ज्वेलर्स की दुकान, मिठाई दुकान, इलेक्ट्रॉनिक दुकान, बर्तन की दुकान आदि को बहुत ही सुंदर तरीका से दुकानों को सजाया हुआ तथा कई तरह के ऑफर के साथ दुकानदार अपने सामान को सैल करते देखने को मिला,लोगो को कई तरह के सामान को लेने के लिए भिड़ो का सामना करना पड़ा , अनुमान है शुक्रवार शाम को करोड़ों रुपए का कारोबार हुआ



## लाल पताका के पक्षधर कॉ उम्मीद लाल गोप का निधन

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**


हजारीबाग (झारखंड) 10 नवम्बर 2023 ;- रामगढ़ जिले के हेंसालौंग निवासी कामरेड उम्मीद लाल गोप का 12.30 दिन में अपने आवास हेसालौग में हो देहांत हो गया । कामरेड उम्मीद लाल गोप लम्बे समय से गंभीर बिमारी से ग्रस्त थे उम्मीद लाल गोप भाकपा माले पार्टी के सदस्य वर्ष 1985--86 से थे मजबूत पार्टी कैडर के रुप में काम कर रहे थे जन संस्कृति मंच में वे लम्बे समय तक अपनी अहम भूमिका निभाई । वर्ष 1988 के घुटुवा गोली काण्ड एवं रेलिगडा जन संहार के वक्त जन आंदोलन व प्रतिरोध संघर्ष में इनकी अहम भूमिका रही है कामरेड की मृत्यु से पार्टी को अपुरणीय क्षति हुई है इस दुःख की धडी में पार्टी के लोकल , प्रखंड व जिला कमेटी के साथियो ने उपस्थित होकर परिवार के लोगों को ढाढस बंधाया अंतिम संस्कार कल 11नवम्बर 23 को मरंगढा नदी में किया जाएगा



## आदिवासी समाज हो जाओ जागरूक।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा**

बाघमाराः बाघमारा प्रखंड के छोटे बड़े आदिवासी समाज के संघठन अपने अपने स्तर से आदिवासी समाज के लड़कियों पर मानशिक शारीरिक रूप से शोषण हो रहे उससे कैसे बचा जाए इस पर भिन्न भिन्न आदिवासी समाज के संघठन लड़कियों को सचेद करने का कार्य कर रहे हैं , देखा गया या देखा जाए धनबाद के पूर्वी टुंडी पश्चिमी टुंडी में अगर सबसे ज्यादा शोषण हुआ है तो वो एक मात्र आदिवासी बेटी ही है जो लगातार कुछ वर्षो से मानसिक , शारीरिक शिकार हुआ है, आदिवासी समाज के लोगो का कहना है जिस दिन बर्दास्त से भी बाहर होगा उस दिन सिद्दू - कानू , चांद भैरव, फूलो झानो बनने से कोई रोक नहीं सकता, आदिवासी हमेशा से सांत स्वभाव के रहे हैं और सांत स्वभाव में ही रहना पसंद करते हैं ,इसको लेकर बाघमारा प्रखंड के सभी छोटे बड़े आदिवासी समाज के संघठन अपने अपने स्तर से सेचेद ( जागरूक ) करने का काम कर रहे हैं।



## आदित्यपुर : सरायकेला एसडीओ पारुल सिंह शुक्रवार शाम गम्हरिया और आदित्यपुर के बाजारों का निरीक्षण करने पहुंची.

**दैनिक समाज जागरण दयाल लायक ब्यूरो चीफ**

सराइकेला (झारखंड ) 9 अगस्त 2023- जहां उन्होंने लाल बिल्डिंग के समीप सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड पर खुले में पटाखा बेच रहे दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए चिन्हित स्थल दुर्गा पूजा मैदान में दुकान लगाने की नसीहत दी. साथ ही दुबारा पकड़े जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी. इसी क्रम में एसडीओ आदित्यपुर पहुंची. जहां पहले से ही ड्यूटी पर मुश्तैद थाना प्रभारी राजन कुमार के साथ बाजार का निरीक्षण किया. हालांकि इस दौरान बाजार कहीं पटाखों की दुकानें नहीं लगा देख उन्होंने संतुष्टि जतायी साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई दुकानदार चोरी-छिपे पटाखा बेचते पाए गए या सूचना मिली तो उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा. इस दौरान थाना प्रभारी राजन कुमार, सुधा वर्मा, रंजीत श्रीवास्तव, आदि मौजूद थे



## बीडीओ ने किया किया विकास कार्यों का निरीक्षण

ईचागढ़- सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोड़ा पंचायत में शुक्रवार को बीडीओ किकु महतो ने योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मनरेगा योजना,पीएम आवास, 15 वीं वित्त आयोग का पीसीसी आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने मिश्रित बागवानी में अंतर फसल का भौतिक निरीक्षण के दौरान कहा कि किसान का मेहनत रंग लाया है। उन्होंने कहा कि किसान सिर्फ सरकारी योजना के रूप में ही नहीं ले, वल्कि मिश्रित बागवानी में आत्म निर्भर बनने का काफी संभावना है। बीडीओ श्री महतो ने कहा कि मिश्रित बागवानी पुरे क्षेत्र में कारगर साबित हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से आपका योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों में शामिल होकर इसका लाभ उठाने का भी अपील किया। मौके पर बीपीओ नीपेन प्रधान, कनीय अभियंता उज्वल साहु ,मुखिया नयन सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।



## वर्षो से मांग करते आ रहे ग्रमिणों कि मॉग आज हुए पूरा , माण्डु विधायक जयप्रकाश भाई पटेल किए उद्धाटन

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड)10 नवम्बर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो पंचायत में ग्राम नावाटांड़ डीवीसी के सामुदायिक भवन में सी. एस. आर. द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्धाटन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह वर्तमान लोकप्रिय विधायक मांडू जे पी भाई पटेल बोकारो एवं कोनार डैम डीवीसी के उप महाप्रबंधक सी एस आर श्री बी जी होलकर एवं डीवीसी उप महाप्रबंधक सिविल श्री अजय कुमार, सी एस आर के कार्यपालक सुनील कुमार,पंचायत समिति सदस्य बनासो श्रीमती राधा रानी , अनीता देवी, भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष भवन निर्माण सुरेश राम मुख्य रूप से उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम को संबोधन करते हुए मुख्य अतिथि जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि डी वि सी द्वारा अच्छा पहल है और यहां सही से चले यहां के अलावे अन्य जगहों के महिलाओं और बच्चो को प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना आर्थिक स्थिति सुधार सकते हैं भविष्य में लाभदायक होगा, डी जी एम विजय होलकर ने कहा कि इस तरह का कार्य निरंतर करते रहेंगे जो महिलाएं आर्थिक रूप से कमजोर है उनका आर्थिक स्थिति सुधरेगा ,उनकी आवश्यकता जरूर पूरा होगा , मिलन क्लब के संस्थापक विस्थापित संघर्ष मोर्चा नावाटांड कोनार डैम के कोर कमेटी अध्यक्ष सुरेश राम के द्वारा इन कार्यक्रमों का संचालन हेतु निरंतर मांग किया जा रहा था।अब एक एक करके सारे मांग पूरा होने लगे हैं आज सी एस सर डीवीसी कोनार डैम सच में धन्यवाद का पात्र है और धन्यवाद देते हैं ग्राम नावाटांड विस्थापित परिवार की और से बधाई दिया गया।

डीवीसी सीएसआर कोनार डैम द्वारा महिलाओं को ससक्त और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए नवाटांड़ बनासो में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र डीवीसी सामुदायिक भवन में आरंभ किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं, बच्चियों एवं ग्रामीणों को दीपावली एवं छठ के अग्रिम बधाई देते हुए सभा को समाप्ति की गई

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित, दीनाराम राजू यादव, राजू महतो,सुनील कुमार, सुरेश राम, शंभू यादव, बालेश्वर महतो,प्रशिक्षक रंजू देवी, सहिया मंजू देवी,पिंकी देवी ,सी एसआर टेकलाल महतो, डेगालाल, कौशल, दामोदर, वीरेंद्र, शिक्षिका रेखा कुमारी आदि उपस्थित थे नावाटांड के अलावा बनासों पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे



## पंचायत समिति सदस्य की बैठक रही हंगामेदार , प्रश्नों के सही जवाब नहीं मिलने से सदस्य दिखे नाराज

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 10 नवंबर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड सभागार भवन में पंचायत समिति सदस्य की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के द्वारा किया गया । सभी विभागों का पूर्व बैठकों में लिए गए कार्यवाही पर समीक्षा किया गया समीक्षा के क्रम में सभी सदस्य संबंधित अधिकारियों के जवाब से असंतुष्ट दिखे , बताया जाता है कि नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी के पहल से इस बैठक को याहुत की गई थी, जिससे सभी विभागों के अधिकारी , पंचायत समिति सदस्य मिलकर प्रखंड के पंचायतों में विकास के सही रोड मैप तैयार कर सकें । परंतु पूर्व में लिए गए कई प्रस्ताव के सही जवाब नहीं मिलने के कारण सदस्यों ने काफी टीका - टिप्पणी के साथ बैठक को आगे बढ़ाया । पुर्व में बने सदस्यों कि अस्थायी समितियों को सशक्त बनाकर क्रियाशीलता के साथ सभी विभागों के विकास की गति में पारदर्शी रुप देकर समाज के अंतिम ब्यक्ति तक लाभ पहुचाने का प्रस्ताव पारित किया गया, बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, खेल, पर्यावरण, विधि ब्यवस्था पर गम्भीरता नहीं होने की कमी महसूस माननीय सदस्यों के द्वारा किया गया। कुछ सदस्यों का कहना है कि पहली बैठक में लिया गया प्रस्ताव पर कार्रवाई की समीक्षा ही मुख्य बिन्दु बनकर रह जाता है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, अंचचाधिकारी, निर्वाचन पदाधिकारी,सभी पंचायत समिति सदस्य, मनोनीत मुखिया सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी सामिल थे जिन विभागों के अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं थे, कारण पृछा जारी करने का प्रस्ताव लिया गया ।



## एसएस प्लस टू हाई स्कूल में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी आयोजित, शत प्रतिशत उपस्थिति एवं बेहतर प्रर्दशन वाले विद्यार्थी व उनके अभिभावक हुए सम्मानित

**नंदा रजक दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता पटमदा**

पटमदा : राज्य परियोजना निदेशक, रांची के निदेर्शानुसार राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में बुधवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने बताया कि पीटीएम में सभी अभिभावकों से भाग लेने हेतु शिक्षकों ने एक सप्ताह से विभिन्न गांवों में जाकर आमंत्रित किया जिसका परिणाम यह हुआ कि इस बार उपस्थिति काफी अधिक रही। कार्यक्रम में अभिभावकों का स्वागत विद्यार्थियों ने प्राकृतिक फूलों से बनाए गए पुष्प गुच्छ द्वारा किया।अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन मिताली बासु ने किया जबकि श्रीमंत प्रमाणिक ने स्वागत भाषण के माध्यम से विद्यालय में संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

विद्यालय में विगत 3 माह में सभी कक्षाओं में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं टिफिन बॉक्स देकर कौशलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सम्मानित किया गया तथा उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। कुमार ने विद्यालय में साप्ताहिक प्रोजेक्ट रेल टेस्ट के बारे में सभी को जानकारी दी तथा विगत तीन माह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सभी शिक्षकों ने सम्मानित किया।

मौके पर विद्यालय की शिक्षिका अल्पा रोशनी बाखला एवं अनीता मुर्मू ने प्रयास कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में संचालित गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सभी अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। शिक्षिका भारती कुमारी ने सावित्रीबाई फुले योजना एवं अन्य सभी छात्रवृत्तियों के बारे में जानकारी दी। बाल संसद के प्रतिनिधि ने अपने विद्यालय में संचालित सभी क्लब द्वारा किए गए गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। तुलसी महतो ने जे गुरुजी ऐप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों को इससे लाभान्वित होने के लिए माता-पिता से सहयोग हेतु प्रेरित किया। राशीद नेसार ने विद्यालय में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं विद्यालय में सुरक्षित रहने हेतु सभी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। दिनेश अधिकारी ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने सराहनीय योगदान दिया। शिक्षिका डॉली डे एवं आईटी शिक्षक राजीव महतो स्मार्ट कक्षा में पीपीटी के माध्यम से शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में उपस्थित सभी अभिभावकों को पुस्तकालय, प्रयोगशाला, व्यवसायिक शिक्षा एवं अन्य सभी गतिविधियों को प्रदर्शित किया एवं तत्पश्चात धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी अपने विचार रखे तथा सभी का आभार व्यक्त किया।




## औरंगाबाद के अनुग्रह मध्य विद्यालय में दीपोत्सव की रही धूम !

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद( बिहार)- जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में दीपोत्सव के आयोजन के क्रम में दीपक सज्जा एवं रंगोली बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी जिसके विजेताओं को जिले के डीईओ संग्राम सिंह एवं हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने उपहार देकर पुरस्कृत किया !डीईओ ने सरकारी स्कूलों के बदलते माहौल के लिए शिक्षा विभाग की सक्रियता एवं उदय कुमार सिंह जैसे नूतन सोंच के प्रधानाध्यापकों को कारक बताया !उन्होंने कहा की प्रधानाध्यापक ने अनुग्रह स्कुल के स्केल को हाई कर दिया है एवं स्कूल के बच्चे कमाल कर रहे हैं !डीईओ ने विश्वास जताया कि नयी शिक्षकों के आ जाने से सरकारी विद्यालय तेजी से समाज का ध्यान आकृष्ट करेंगे !हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने बताया कि त्योहारों की परम्परा को जीवंत बनाये रखने के लिए उनसे जुड़े गतिविधियाँ बच्चों को रोचक वातावरण प्रदान करते है जो उन्हें सीखने की प्रक्रिया को रुचिकर बनाती है ! रंगोली के विजेताओं क्रमशः वीणा रितिका आरोही किरण अंजलि अमन स्नेहा अन्या शालिनी मान्वी आदि को डीईओ ने पुरस्कृत किया एवं कार्यक्रमबके समन्वयक शिक्षिका मंजू एवं अजीत कुमार के भी प्रयासों को सराहा! डीईओ ने सभी वर्गों क बच्चों के साथ फोटो सेशन कराया एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी



## पश्चिमी टुण्डी क्षेत्र के चरकखुर्द गांव में अपना प्यारा देश (एपीडी) क्रिकेट क्लब के बैनर तले दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड) 10 नवंबर 2023 :- जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत 09/11/2023 दिन गुरुवार को पश्चिमी टुण्डी प्रखण्ड क्षेत्र मनियाडीह थाना एवं जाताखुंटी पंचायत अन्तर्गत चरकखुर्द गांव में अपना प्यारा देश (एपीडी ) क्रिकेट क्लब के बैनर तले दो दिवसीय आठ टीमों का खेल प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ । दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि शक्ति हेम्ब्रम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुखिया पुजयन्ती देवी एवं आजसू पार्टी के कार्यकारी प्रखण्ड अध्यक्ष सोनू कुमार मंडल शामिल हुए । विजेता टीम अपना प्यारा देश ( एपीडी ) एवं उप विजेता टीम पुरनाडीह हुए घोषित। अतिथियों ने विजेता टीम को 7,000 हजार रुपए एवं उप विजेता टीम को 3,500 रूपए नगद पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया । बेहतर कमेंटेटर का पुरस्कार रणजीत पाण्डेय को एपीडी क्लब के अध्यक्ष एवं सचिव ने प्रदान किया। इसके अलावें मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द टूनामेंट बेहतर बोलर , बेहतर बल्लेबाज, क्षेत्ररक्षक , हैट्रिक छक्का के साथ ही बेस्ट अनुशासन खिलाड़ी को पुरस्कृत किया गया। विशिष्ट अतिथि सोनू मंडल ने विजेता टीम को व्यक्तिगत 1001 रूपए , मुखिया प्रतिनिधि शक्ति हेम्ब्रम, उप मुखिया पुजयन्ती देवी एवं वार्ड सदस्य -10 अनिता देवी एवं उनके प्रतिनिधि ने भी व्यक्तिगत तौर पर पुरस्कार स्वरूप नगद राशि प्रदान किया। मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी सह पारा शिक्षक संघ के जिला प्रधान सचिव नवीन चन्द्र सिंह , पूर्व वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुखदेव मंडल, जेबीबीकेएस के सक्रिय सदस्य रवि कुमार मंडल, छोटू पण्डित,रणजीत पाण्डेय , परमेश्वर मंडल,अरूण कुमार मंडल, मैनेजर मंडल इत्यादि उपस्थित रहे। कमिटी सदस्य अध्यक्ष - रविन्द्र कुमार मंडल , सचिव - सुभाष कुमार मंडल, उप सचिव - चुनचुन कुमार मंडल , कोषाध्यक्ष - विजय कुमार मंडल ।। सहयोग में कप्तान मिथुन मंडल, राजकुमार मंडल, विवेक मंडल, राजा मंडल ,रामपुकार मंडल, पिंकू मंडल ,विकास , मुरली मंडल (डेकोरेटरवाला), कमलेश , दुलाल , कार्तिक, बजरंग मंडल इत्यादि के अलावें हजारों - हजार की संख्या में महिलाएं, पुरूष एवं छोटे-छोटे बच्चे नौजवान दर्शक के रूप में खेल के अन्तिम क्षण तक खेल प्रतियोगिता का आनन्द लेते रहें और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते रहें ।।



## झारखंडी भाषा संघर्ष समिति के केंद्रीय सदस्यों द्वारा बोड़ाम प्रखंड कमिटी का गठन किया गया

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा :झारखंडी भाषा संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के निदेर्शानुसार पूरे झारखण्ड में जिला स्तरीय और प्रखंड स्तरीय कमिटी का गठन किया जा रहा है। जेबीकेएसएस इस अभियान के तहत शुक्रवार को बोड़ाम स्थित गोष्ट बिहारी महतो के हल में केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो निर्देश पर कमिटी गठन करने आए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय कमिटी सदस्यों संजय महतो, राज किशोर महतो, छोटू रजक, संजू कुमार, प्रकाश विश्वकर्मा,प्रभु सोरेन, जीत माहली, विकाश कुमार, रोनित महतो, अनित महतो, सत्य प्रकाश महतो के द्वारा बोड़ाम प्रखंड कमिटी गठन किया गया। इस बैठक का अध्यक्ष स्वपन कुंभकार और संचालन प्रोफेसर बुद्धेश्वर महतो के द्वारा किया गया। बोड़ाम प्रखंड कमिटी में बोड़ाम पंचायत से रंजन गोप,बेल्डीह पंचायत से देवव्रत महतो, कुइयानी से महादेव महतो, पहाड़पुर से गौतम महतो, पोखरिया से प्रोफेसर बुद्धेश्वर महतो, माधवपुर से शांति राम महतो, गौरडीह से उज्जवल बरण महतो,मुकरूडीह से प्रभाष महतो ,हिमांशु महतो और निताई , रसिकनगर से शुभाष चन्द्र महतो और बबलू मिश्रा, भुला से बुद्धेश्वर महतो, लायलम से चंदन महतो, बोंटा से शक्ति महतो का चयन किया गया। बैठक में अमित महतो, बहादुर सहीस,अजय, हिमांशु, चरण, निताई चन्द्र ,अजय, विजय कुमार, अशुतोष, भजहरि, गोपाल, देवव्रत, सुभाष, जयंत, महादेव, गुरुचरण, कृष्ण प्रसाद, गणेश कुमार, शिवराज, हिमांशु,उज्जवल बरण, हरे कृष्णा, शांतिराम, बबलू, संजय, दीपक, विद्युत, सुभाष चंद्र, मनोरंजन आदि उपस्थित थे।



## अंतर्राष्ट्रीय उर्दू दिवस पर कवि सम्मेलन सह मुशायरा का हुआ आयोजन

**समाज जागरण गोड्डा मनोज कुमार साह**

गोड्डा जिला के बसंतराय प्रखंड अंतर्गत कदमा ग्राम में अंतरराष्ट्रीय उर्दू दिवस के मौके पर साहित्यिक संस्था हलकए शेरों अदब के बैनर तले एक शानदार और जानदार मुशायरा सह कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया मुशायरा सह कवि सम्मेलन का उद्घाटन अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया कवि सम्मेलन का आगाज नातिया कलाम के साथ किया गया इसके बाद गजलों की प्रस्तुति का दौर चला कवि सम्मेलन सह मुशायरा में झारखंड के ख्याति प्राप्त शायर कलीमुल्ला परवाना ने उर्दू दिवस पर शायरी पेश करते हुए कहा कि सबको पैगामए वफा देता है उर्दू दिवस हिंदी उर्दू को मिला देता है उर्दू दिवस इस पर उन्हें खूब वह-वह वही मिला इसके बाद नदीम सरवर की बारी आई उन्होंने उर्दू पर शेर गुनगुनाते हुए कहा। हर किसी की जुबान है उर्दू ।कितनी प्यारी जुबान है उर्दू। वही जावेद इकबाल ने शायराना अंदाज में उर्दू पर रौशनी डालते हुए कहा कि लाख चाहा के खत्म हो उर्दू फिर भी उर्दू जबान की शोहरत है नौजवान शायर शम्स परवाना ने उर्दू हिंदी और हिंदू मुस्लिम एकता पर कविता पेश करते हुए कहा कि मेरे वतन के जैसा कोई वतन नहीं है । भारत का जर्रा जर्रा जन्नत से कम नहीं है । इस पर उन्हें खूब तालियां मिलीं इसके अलावा कई और शायरों एवं शायरात में सुलेमान जहांगीर आजाद शाइस्ता परवीन आदि ने भी एक से बढ़कर एक कविता गजल तथा शेरो शायरी प्रस्तुत कर श्रोताओं को आनंदित किया स्वागत भाषण सुलेमान जहांगीर आजाद ने दिया मंच संचालन ख्याति प्राप्त शायर कलीमुल्लाह परवाना ने किया कार्यक्रम के अंत में सभी कवियों एवं शायरों का अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में शम्स परवाना जावेद इकबाल सुलेमान जहांगीर आजाद मो॰ गुलफराज शायर कलीमुल्लाह परवाना इमरान आलम डॉ अब्दुल जब्बार गुलाम सरवर आजाद उपमुख्या बिसूनाथ यादव पूर्व मुखिया उपमुखिया अब्दुल गफ्फार अबुल फैज उस्मानी नकुल पासवान आदि का सराहनीय योगदान रहा इस अवसर पर पूर्व बीडीओ अब्दुर रज्जाक , जिला पार्षद अरशद वहाब, थाना प्रभारी विनीत कुमार , किशोर कुमार झा , इकरारुल हसन वाजिद अंसारी मुखिया आलमगीर आलम ने भी उर्दू पर प्रकाश डालते हुए अपने विचारों को विस्तार पूर्वक रखा धन्यवाद ज्ञापन पूर्व बीडीओ अब्दुल रज्जाक साहब ने किया



## बिजली के तार के संपर्क में आने से मिस्त्री दीपक पासवान की हुई मौत- गायत्री देवी

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय**

औरंगाबाद (बिहार)- औरंगाबाद जिला के देव प्रखंड स्थित पूर्वी केताकी पंचायत के बिश्रामपुर गांव निवासी बिजली मिस्त्री दीपक पासवान की मौत प्रवाहित बिजली के तार के संपर्क में आने से हो गया. इस संबंध में देव दक्षिणी जिला पार्षद क्षेत्र संख्या- 28 के जिला पार्षद सदस्य श्रीमती गायत्री देवी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि पूर्वी केताकी पंचायत के बिश्रामपुर गांव निवासी देव कुमार पासवान के पुत्र दीपक पासवान( उम्र लगभग 25 वर्ष) की मौत प्रवाहित बिजली के तार के संपर्क में आने से हो गया . उन्होंने आगे कहा कि दीपक पासवान विद्युत विभाग देव कार्यालय में बिजली मिस्त्री का कार्य करता था . बिजली की तार जोड़ने के लिए खंभे पर बुधवार को चढ़ा था . उसी के क्रम में विद्युत विभाग के कर्मियों ने विद्युत प्रवाहित कर दिया. जिसके कारण बुरी तरह से झुलस गए . उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय ग्रामीणों ने स्थानीय प्राथमिक चिकित्सालय में दीपक पासवान को इलाज कराने के लिए स्थानीय चिकित्सालय में लेकर गया. जहां इलाज के दौरान मौत हो गई. श्रीमती गायत्री देवी ने आगे कहा कि उक्त घटना से संबंधित जानकारी जिला पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री को एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी देव को दिया . उन्होंने आगे कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ₹20000 रुपए संस्कार करने के लिए सरकारी राशि का सहयोग प्रदान किया . श्रीमती गायत्री देवी ने आगे कहा कि दीपक पासवान के कंधे पर पूरे परिवार की जिम्मेवारी घर चलाने से लेकर परिवार तक की थी . लेकिन अचानक मौत हो जाने से उसके घर में पहाड़ टूट पड़ा . परिजनों की हालत बद से भी बत्तर हो गया. अब परिजनों को देखने के लिए कोई नहीं. श्रीमती गायत्री देवी ने कहा कि बिजली मिस्त्री दीपक पासवान की मौत बिजली विभाग के लापरवाही के कारण हुई है . श्रीमती गायत्री देवी ने जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा विद्युत विभाग के प्रधान सचिव से मांग किया है कि दीपक पासवान के परिजनों के एक सदस्य को मुआवजा के रूप में एक परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी तथा सहायता के रूप में सरकारी राशि का भुगतान कराई जाए .ताकि परिजनों का जीने का सहारा प्राप्त हो सके. वहीं दूसरी तरफ विद्युत विभाग के पदाधिकारी ने मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि विद्युत विभाग पर लगाई गई आरोप बेबुनियाद एवं मनगढ़ंत है . अब देखना है कि जिला पार्षद क्षेत्र संख्या- 28 देव दक्षिणी के जिला पार्षद सदस्य श्रीमती गायत्री देवी के मांगी गई मुआवजा पर सरकार एवं स्थानीय प्रशासन क्या कर पाती है यह तो आने वाला वक्त बताएगा. लेकिन जिस प्रकार से विद्युत विभाग के मिस्त्री दीपक पासवान की मौत विद्युत तार की चपेट में आने से हुई है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है . श्रीमती गायत्री देवी ने दीपक पासवान की हुई मौत पर दुख व्यक्त करते हुए आत्मा की शांति प्रदान करने के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया. एवं इस दुख की घड़ी में परिजनों को धैर्य, शक्ति एवं साहस देने की कामना ईश्वर से किया. इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

# धनतेरस: खरीददारी के लिए कानपुर की बाजारों में उमड़े लोग

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। आज यहां धनतेरस पर्व खरीददारी के लिए बाजारों में सुबह से ही भीड़ उमड़ती दिखाई पड़ी। यह सिलसिला समाचार लिखे जाने तक जारी है।

वहीं सराफा, बर्तन, कपड़ा, आतिशबाजी, गणेश-लक्ष्मी बाजार में धनतेरस के लिए बीते देर रात तक दुकानें सजाई जाती रहीं। हालांकि शहर के सभी बाजारों में एक दिन पहले से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी थी। जिससे दुकानदार भी जमकर बिक्री होने की आस के साथ उत्साहित दिखे।

आज धनतेरस को देखते हुए शहर की सबसे बड़ी सराफा बाजार बिरहाना रोड में ज्वैलरी की दुकानों में खासी रौनक दिखी। बिरहाना रोड में धनतेरस को देखते हुए आधुनिक हल्की आकर्षक सोने के आभूषण एवं डायमंड ज्वैलरी बनाई गई है।

इसी तरह से सीसामऊ के बर्तन बाजार में भी भीड़ रही। बर्तन की कीमतों में पिछले साल की तुलना में कोई खास वृद्धि नहीं हुई है। इस बार बाजार में डिनर सेट, हॉट कोल्ड बर्तन, पूजा के बर्तन के अलावा डिजाइन पीतल के बर्तन लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हैं। इसके अलावा डिजाइनर थाली कटोरी, गिलास लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने हैं।

इस क्रम में धनतेरस को देखते हुए लहंगा साड़ी, रेडीमेड साड़ियां, डिजाइनर साड़ी, प्योर सिल्क साड़ी, कैटलॉग साड़ी, ब्राइडल लहंगे, शेरवानी के अलावा डिजाइनर सूट लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हैं। बाजार में 198 रुपये से लेकर 10 हजार रुपये तक की साड़ियां लोगों को लुभाती रही।

इसी क्रम में पूजन सामग्री के लिए सीसामऊ बाजार में 30 रुपये से लेकर दस हजार रुपये कीमत के लक्ष्मी-गणेश बाजार में उतारे गए हैं। इसके अलावा 30 रुपये के 100 मिंट्टी के सादे दीये से लेकर 500 रुपये में 100 डिजाइन मिंट्टी के दीये दीपक बाजार का खास आकर्षण हैं। साथ ही भगवान के लिए 30 रुपये से लेकर पांच हजार रुपये तक की भगवान की माला बिक्री के लिए रखी गई है।

वहीं एक्सप्रेस रोड व अन्य जगह खील लइया, गट्टा और खिलौने का थोक एवं फुटकर बाजार सजा दिखाई पड़ा। इस बाजार से करीब एक दर्जन जिलों में खील लइया की सप्लाई होती है। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसद कीमत बढ़ी है। आज धनतेरस से पटाखों की बिक्री में भी तेजी आती दिखी। चूंकि धनतेरस में बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है लेकिन धनतेरस पर बर्तन और सोने चांदी के बाद इलेक्ट्रानिक कारोबार सबसे अधिक होता है। यही वजह है कि इलेक्ट्रानिक सामान की दुकानों पर भी कम भीड़ नहीं रही।

# कांग्रेस का चरित्र भय पैदा करना, लालच देना, भ्रम पैदा करके आपस में लड़ाना,,,, प्रहलाद पटेल

## बम्होरी में भाजपा प्रत्याशी रामपाल सिंह के समर्थन केंद्रीय मंत्री पटेल ने जनसभा को किया संबोधित

रायसेन। भाजपा का एक पहिया विकास करता है दूसरी तरफ जो पहिया है वह भारत की विरासत का पहिया है उक्त दोनों पहियों को साथ लेकर चलने का नाम भारतीय जनता पार्टी है कांग्रेस का तो यही आरोप रहता है कि भाजपा विकास क्यों कराती है। विरासत के नाम पर कांग्रेस का एक भी उदाहरण नहीं है जहां कांग्रेस ने सकारात्मक दिखाई हो। चुनाव तो हर 5 साल में होते हैं लेकिन हमें सोचना पड़ेगा की आने वाले 25 सालों तक हमारी नई नस्ल सर उठाकर किस तरह से जी पाएंगी। भारत विश्व गुरु यदि बन रहा है तो यह नरेंद्र मोदी जी की दृढ़ शक्ति है। कांग्रेस में तीन अवगुण है क्योंकि कांग्रेस का यही चरित्र है भय पैदा करना , लालच देना , भृम पैदा करके आपस मे लड़ाना, अगर कांग्रेस के पास कोई चौथी चीज है बताए। सिलवानी विधानसभा बम्होरी में भाजपा प्रत्याशी रामपाल सिंह के पक्ष में विशाल आम सभा को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री पहलाद पटेल ने उक्त उद्गार व्यक्त किए।

**पटेल ने बताए कांग्रेस सरकार के घोटाले,,,,**

प्रहलाद पटेल ने कहा कि मैं कहता हूँ 100 करोड़ का कृषि यन्त्र खरीदी घोटाला ये कमलनाथ सरकार में हुआ है और मीडिया के लोग इस बात से किसी न किसी तरीके परिचित हैं। इनकम टैक्स के छापे में 281 करोड़ की बरामदी हुई थी वो इस राज्य का बच्चा-बच्चा जनता है। 1350 करोड़ से ज्यादा का टैक्स चोरी मामला है। इस पर कांग्रेस चुप रही है। प्रहलाद पटेल ने कहा, किसान कर्जा माफी के नाम पर 2000 करोड़ के घोटाले की बात बीजेपी ने कही थी जिसपर कांग्रेस जवाब नहीं दे पायी 7 सिंचाई परियोजनाओं में लगभग 877 करोड़ रूपए का घोटाला हुआ , इस बात पर भी कांग्रेस ने कभी जवाब नहीं दिया। 63 करोड़ का मोबाइल घोटाला और जो बात मैंने पहले कही थी ,4100 करोड़ का सिचाई काम्प्लेक्स घोटाला जिसमें 550 करोड़ लगभग एडवांस दिए थे। 40 करोड़ और विस्टा कंपनी से 4 करोड़ रूपए का आईफा घोटाला इसे भी बीजेपी ने पहले से उठाया इस पर कांग्रेस ने कभी जवाब नहीं दिया। उन्होंने 17 नवंबर को कमल निशान का बटन दबाकर रामपाल सिंह को प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील की वहीं धनतेरस लक्ष्मी पूजन और दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सीआरपीएफ के जवानों ने चलाया जांच अभियान,आधुनिक उपकरण से की गयी जाँच

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 11 नवम्बर )विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत पुलिस विभाग के अमले ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सल हॉक फोर्स पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गहन जांच शुरू कर दी है। गुरुवार से प्रारंभ हुई इस जांच में पुलिस जवानों द्वारा इन क्षेत्रों की सड़कों के चप्पे चप्पे पर निगरानी करते हुये आधुनिक उपकरणों की सहायता से जांच में जुटे हुये है। नक्सल सेल प्रभारी उप निरीक्षक श्री राहुल सिंह राजपुत से प्राप्त जानकारी के अनुसार हॉक फोर्स के अमले द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र की पहाड़ियों की ढलान गुजरने वाले पुल-पुलिया, सड़क किनारे एकत्रित गिट्टी, झाड़ियों और पुल-पुलियाओं के उपर नीचे सभी दूर यह जांच जारी है। अमले द्वारा खासतौर पर नजर पड़ने वाली झाड़ियों के अलावा छोटे-छोटे पुलो की किनोर और ऐसी सामग्री जो सड़क या गांव के आस-पास संदेह स्थिति में रखी पड़ी हो। वनीय पहाड़ी नदी नालों या संदिग्ध पड़ी किसी भी वस्तु



या गिट्टी का ढ़ेर आदि को बड़ी तल्लीनता के साथ पुलिस जवानों द्वारा जांच परख कर तफ्तिश की जा रही है।

मतदान केंद्रो तक पहुंचने वाले मतदान कर्मियों और सुरक्षा जवानों को सुरक्षित मतदान केंद्रो तक पहुंचाने की दृष्टि से पुलिस के अलावा इस कार्य में विशेष दस्ते द्वारा यह कार्य मुस्तैदी के साथ पिछले दो दिनों से चल रहा है। बीडीडीएस व हॉक फोर्स द्वारा इन पुरे क्षेत्रों में जांच करते हुये एक विशेष प्रारूप में इसकी जानकारी भरी जा रही है। जिसकी रिपोर्ट ऊपर तक प्रेषित होगी। इस जांच में बाहर से आयी कम्पनियों के दस्ते लगे है। जिसमें दो अलग अलग दल अलग अलग क्षेत्रों मे अपने कार्य में जुटे है।

**इन क्षेत्रों में गहन सर्चिंग जारी**

हॉक फोर्स के राहुल मीणा ने बताया कि बैहर क्षेत्र के कई हिस्सों में यह छानबीन जारी है। जैसे-देवरबेली, सीतापाला, बैहर, बालाघाट, टेमनी, गोदरी और गड़ी के अलावा भी अतिदूर्गम सुदुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्नाईपर डॉग के अलावा एक्सक्लूसिव डिटेक्टर तथा अन्य आधुनिक उपकरणों की सहायता से एंटीसेबोटाज चेकिंग जारी है।

# कांग्रेस प्रत्याशी मधु भगत ने कार्यकताओं के कंधे पर बैठकर किया नाला पार, जमकर हो रही हैं आलोचना

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 11 नवम्बर )शुक्रवार कों परसवाड़ा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी मधु भगत एक वीडियो के वजह से जमकर ट्रोल हो रहें हैं। मधु भगत अपने विधानसभा के क्षेत्र में प्रचार करने जा रहें थे कि रास्ते में पड़ने वाली नदी में पानी होने की वजह से वे जाने में झिझक रहें थे लेकिन कार्यकताओं ने उनके अंदर हो रही उँहापोह कों भापते हुए मधु भगत को अपने कंधे पर बैठाकर नदी को पार तो करा दिया लेकिन इससे कांग्रेस प्रत्याशी मधु भगत को आलोचना झेलना पड़ रहा है।



**जूता कपड़ा बचाने के चक्कर में करकताओं को बनाया नौकर**

वहीं इस मामले पर भाजपा नेताओं का कहना हैं कि जो नेता अपने कार्यकताओं से बढ़कर अपने जूते को महत्व देता हो ऐसे नेता को चुनाव जीतने की बात ही छोड़ दें उसे पार्टी व समाज में रहने का हक ही नहीं हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी में यह सब जायज हैं क्यों कि कांग्रेस में रिमोट महारानी के पास रहता हैं वे जैसे चलाती हैं वैसे ही सभी कांग्रेसी चलते हैं। हालांकि कांग्रेसी कार्यकताओं ने अपने नेता को कंधे पर उठाना सौभाग्य समझते हैं। लेकिन एक बात तो सत्य हैं कि नेता जी अगर अपना जूता निकाल लेते तो आसानी से नदी को पार कर लेते क्यों कि नदी में अभी पानी बहुत कम हैं लेकिन मधु भगत जूता उतारने में भी झिझक रहें थे तो उन ग्रामीणों की सोचो जो बारिश में इसी नदी से होकर आना जाना करते हैं, पर उनकी कौन सोचता हैं?

हालांकि मधु भगत नदी पार करने के बाद भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला, उन्होंने कहा कि पांच वर्ष में यहां के विधायक एक पुलिया नहीं बनवा पाये तो क्या विकास करेंगे। लेकिन यही बात मधु भगत पर भी लागू होती हैं कि आप इस समस्या को कितने बार उठाया हैं?

# राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा मतदाता जागरुकता पर गूगलमीट काव्यगोष्ठी "मतदान का आह्वान"

शहडोल 'राष्ट्र जागरण धर्म हमारा' उद्देश्य वाहक अंतर्राष्ट्रीय साहित्य संगठन राष्ट्रीय कवि संगम जिसका राष्ट्रीय अधिवेशन हाल ही में अयोध्या की पावन नगरी में हुआ था और शहडोल का शानदार प्रतिनिधित्व अंजू सिंह और पद्म बेसुरा ने काव्यपाठ कर किया था की शहडोल इकाई द्वारा दिनांक 9 नवंबर 2023 रात 8 बजे लोकतंत्र के पर्व विधानसभा चुनाव 2023 जो 17 नवंबर को होना तय है इस हेतु मतदाता बंधुओं और समस्त व्यस्क नागरिकों को अपने मताधिकार के शत-प्रतिशत उपयोग के आह्वान एवं निवेदन के लिए 'मतदाता जागरुकता' विषय पर गूगलमीट ऑनलाइन काव्य गोष्ठी 'मतदान का आह्वान' आयोजित किया गया जिसका विशिष्ट आतिथ्य 'माँ' श्रीमती नलिनी तिवारी जी, अध्यक्षता श्री मृगेंद्र कुमार श्रीवास्तव विंध्य प्रांत महामंत्री, संयोजन जिलाध्यक्ष श्रीमती अंजू सिंह ने और संचालन जिला महामंत्री आशुकवि पद्म प्रकाश 'बेसुरा' ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार श्री सत्यनारायण दुबे जिन्होंने काव्यपाठ में एक गरीब महिला का बड़ा ही करुणतम भावपूर्ण चित्रण किया एवं बघेली कवि श्री शिवपाल तिवारी की भी उपस्थिति सराहनीय रही।

श्रीगणेश सरस्वती वंदना 'जय-जय माँ सरस्वती, विद्या बुद्धि की तुम हो दाता, तुम स्वर की हो देवी माता' से हुआ जिसे श्रीमती अंजू सिंह ने अपने हाथों में माँ वीणावादिनी की मूर्ति को रखकर गाया और माँ नलिनी तिवारी एवं आचार्य मृगेंद्र ने उनके समक्ष दीप की थाल घुमाकर आरती कर पटल को भक्तिमय कर दिया। तत्पश्चात माँ नलिनी तिवारी की आज्ञा एवं आचार्य मृगेंद्र के राष्ट्र जागरण उद्गार से




निम्नानुसार कविविप्रों ने अपनी रचना पढ़ी और मतदान हेतु पटल पर विभिन्न रस छंदयुक्त कविताओं के माध्यम से मतदान हेतु निवेदन किया।

श्रीमती शिल्पी सिंह बघेल, समिति सदस्य - "आपके अधिकार का प्रयोग मतदान है, आपके अस्तित्व का सदुपयोग मतदान है।"

श्रीमती जनक कुमारी सिंह बघेल - "लोकतंत्र के मंदिर को अब भव्य बनाने चलना है। देशभक्ति जो सच्चा होगा, प्रतिनिधि उसको चुनना है।।"

श्री अनुराग सक्सेना - "जो राष्ट्रवाद की अलख जगाए, ऐसा जनप्रतिनिधि हम लाएं। राष्ट्र जागरण धर्म निभाएं, लोकतंत्र का पर्व मनाएं।।"

श्रीमती संगीता शुक्ला - "आओ एक दान करें, अपने मत का मतदान करें। लोकतंत्र की शान अपना मत देकर
माँ भारती का मान करें।।"

श्रीमती छाया गुप्ता 'राज', समिति सदस्य - "लोकतंत्र के महापर्व में, हम सब भागीदार बने। देश के चौकीदार के संग हम सब भी चौकीदार बनें।।"

श्री अभिषेक श्रीवास्तव 'शिवा' - "ज़िन्दगी के मोड़ इनके बेबसी में कैद हैं। क्यों ये बच्चे आज ऐसी ज़िन्दगी में कैद हैं।"

श्रीमती अंजू सिंह - "हम तो हैं आजाद परिंदे, सबको यह समझाएंगे। हम मतदान करेंगे भी और हम मतदान कराएंगे।।"

श्री मृगेन्द्र कुमार श्रीवास्तव - "वोट देने जाना फर्ज. है तुम्हारा, वतन का चुकाना कर्ज मेरे यारा।"

श्री पद्म प्रकाश 'बेसुरा' - "चलो चलो रे चुनाव आया, डालो चलो वोट, लोकतंत्र को बचा लो जी। जो हो सच्चा राष्ट्रभक्त, वारे देश को जो रक्त, उसे अपना बना लो जी।।"

अंतिम चरणों में में विंध्य प्रांत महामंत्री आचार्य श्री मृगेंद्र श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय कवि संगम की रूपरेखा, नीति, रणनीति और उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित कर अपने विचार प्रस्तुत किए और कहा कि जो राष्ट्रीयता और देशप्रेम से ओतप्रोत हो वही इस लोकतंत्र का सच्चा सेवक है। जिलाध्यक्ष अंजू सिंह ने सभी कवियों का आभार जताया और सभी नागरिकों से मताधिकार प्रयोग करने की अपील की और महामंत्री पद्म बेसुरा ने शत-प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग कर इतिहास रचने की बात कही। अंत माँ नलिनी तिवारी के आशीर्वचन पश्चात सभी काव्यप्रेमियों ने कल्याण मंत्र का वाचन व वन्देमातरम का उद्घोष कर जग कल्याण एवं शांति की कामना की साथ ही राष्ट्रीय कवि संगम शहडोल इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा समस्त संभाग वासियों को दीपोत्सव पर्व की बधाई दी गई।

# भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के पक्ष में केंद्रीय मंत्री ज्योतिराज सिंधिया ने किया चुनावी सभा को संबोधित

## आप प्रभु राम चौधरी को जिताओ सांची क्षेत्र के संपूर्ण विकास की गारंटी मेरी,,,, ज्योतिरादित्य सिंधिया

रायसेन। धनतेरस के शुभ अवसर पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित महामाया चौक पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य की चुनावी सभा का आयोजन सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी की ओर से किया गया, त्यौहार होने के बाद भी सभा में श्री सिंधिया को सुनने के लिए शहरी क्षेत्र से लेकर अनेक ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग जनसभा में शामिल हुए और श्री सिंधिया के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने सर्वप्रथम धनतेरस के शुभ अवसर पर जनसभा में मौजूद आम जनता के लोगों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत देश पूरी दुनिया में एक अलग ही पहचान बनाकर अग्रसर हो रहा है उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश की जनता की भलाई के लिए अनेकों कल्याणकारी विकास की योजनाएं चलाकर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रखी है चाहे लाडली लक्ष्मी योजना की बात हो और चाहे लाडली बहन योजना हो और चाहे किसान सम्मान निधि का मामला हो शिवराज सिंह जी ने आम जनता के लोगों के लिए बहुत कुछ किया है उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में भाजपा द्वारा लागू की गई योजना को बंद कर दिया गया था पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी भाजपा शासन काल की योजनाओं को बंद कर दिया जिससे आम जनता के लोगों को लाभ नहीं मिल सका परंतु जैसे ही हम भाजपा की सरकार में आए और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी बने तो उन्होंने आपके हित में अनेकों कार्य योजनाएं बनाकर जनता की भलाई के लिए काम



किया । उन्होंने कहा कि हम कभी झूठी घोषणाएं नहीं करते सिंधिया राजघराने का एक उद्देश्य है कि जो कहते हैं वह करते हैं मैं सांची क्षेत्र के संपूर्ण विकास की गारंटी लेता हूं आपका प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी जो कि सच्चे जन सेवक हैं, ईमानदार हैं इन्हें आप अधिक से अधिक मतों से विजई बनाएं। श्रीमंत ज्योतिराद सिंधिया ने मंच पर फिल्मी अभिनेताओं की स्टाइल में चुनावी सभा को संबोधित किया जिसे देख सभा में मौजूद लोग भी अचंभित हो गए की आम जनता के लिए महाराज भी बहुत कुछ सोचते हैं सभा में बैठे लोग उनकी कार्यशैली और बोलने की कला की तारीफ करते दिखाई दिए कई लोग यह कहते देखे गए की महाराजा हो तो सिंधिया जी जैसा। श्री सिंधिया ने आम जनता के लोगों से हाथ उठवाते हुए भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी को भारी बहुमत से जिताने का आग्रह किया तो सभा में मौजूद जनता के लोगों ने भी उन्हें पूरी तरह से अस्वस्थ करते हुए भरपूर समर्थन किया। श्री सिंधिया ने कहा कि रायसेन में पॉलिटेक्निक कॉलेज की बात हो चाहे आईटीआई कॉलेज की बात हो मेडिकल कॉलेज खुलने की बात हो जिले में अस्पताल का उन्नयन करने की बात हो सांची में सोलर सिटी प्लांट का मामला हो, करोड़ों की सड़क की सौगात हो ऐसे कई काम किए गए हैं जो कांग्रेस की सरकार नहीं कर पाती और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपका प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी आगे चलकर इससे भी ज्यादा विकास के कार्य क्षेत्र में कराएंगे। इससे पूर्व सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने भी चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मौजूद आम जनता के लोगों से हाथ जोड़कर उन्हें आशीर्वाद देने का आग्रह किया एवं उन्होंने कहा कि मैं सांची विधानसभा क्षेत्र को पूरे मध्य प्रदेश में एक विकसित क्षेत्र बना कर रहूंगा मैं आपसे ऐसा वादा करता हूं क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी उन्होंने आम जनता के लोगों से आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान में उन्हें आशीर्वाद देने का आग्रह किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, नरेंद्र सिंह कुशवाह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन, एस मुनियन बृजेश चतुवेर्दी, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, बंटी महेश्वरी, भूपेंद्र सिंह वर्मा, राजेंद्र बघेल, जीतू आदित्य शर्मा सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता मंच पर आसीन थे, इसके अलावा जनसभा में धनतेरस का त्यौहार होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में आम जनता के लोग केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया को सुनने के लिए पहुंचे थे। आयोजित जनसभा के दौरान बघेल समाज के लोगों ने बड़ी माला के साथ केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया का मंच पर पहुंच कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश तोमर ने किया।

# मतदाता पर्ची वितरण कार्य की करें सघन मॉनीटरिंग, कोई भी मतदाता छूटे नहीं- कलेक्टर श्री दुबे

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन संबंधी समीक्षा बैठक सम्पन्न

**रायसेन, 10 नवम्बर 2023**

मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर श्री दुबे ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों तथा नोडल अधिकारियों से उन्हें सौंपे गए निर्वाचन दायित्वों, मतदाता पर्ची वितरण, डाक मतपत्र, मतदान केन्द्रों में समुचित व्यवस्थाएं, महिला मतदान केन्द्र, मतदान सामग्री वितरण तथा मतदान सामग्री वापसी हेतु की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उदयपुरा, सिलवानी और भोजपुर विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारियों सहित एसडीएम एवं संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

कलेक्टर श्री दुबे ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों से मतदाता पर्ची वितरण की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी मतदाताओं के पास मतदाता पर्ची पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। बीएलओ द्वारा स्वयं घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जाना है। सभी रिटर्निंग अधिकारी एवं नोडल अधिकारी इसकी मॉनीटरिंग करें। इस कार्य में लापरवाही ना हो। सभी बीएलओ से शत-




प्रशित मतदाता पर्ची वितरण होने का प्रमाण पत्र भी लिया जाए।

कलेक्टर श्री दुबे ने मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र भवन में तथा परिसर में स्वच्छता हो। साथ ही निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार मतदान केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध हों। मतदान केन्द्र भवन पर सभी जरूरी जानकारी अंकित हो, यह भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री दुबे ने प्रत्येक विधानसभा में बनाए गए महिला मतदान केन्द्रों के बारे में जानकारी ली। जिले की सभी विधानसभाओं में 10-10 महिला मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इन मतदान केन्द्रों पर मतदान दलों में सिर्फ महिलाओं की ही ड्यूटी लगाई गई है।

बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान उपरांत सामग्री वापसी हेतु की गई तैयारियों पर भी चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डाक मतपत्र तथा स्वीप गतिविधियों के बारे में भी चर्चा की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल, सांची विधानसभा की रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंजू भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, एएसपी श्री कमलेश कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग सहित सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र उदयपुरा के रिटर्निंग अधिकारी श्री संतोष मुदगल, भोजपुर के रिटर्निंग अधिकारी श्री चन्द्रशेखर श्रीवास्तव तथा सिलवानी के रिटर्निंग अधिकारी श्री सौरभ मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# कांग्रेस की सरकार आएगी तो लाडली बहना योजना हो जाएगी बंद-शिवराज सिंह चौहान

## जिले के पांच विधानसभा में सभा कर, सीएम ने कांग्रेस पर जमकर बोला हमला

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 11 नवम्बर )शुक्रवार को जिले की पांच विधानसभा में सभा लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने जिले की बैहर, बालाघाट, परसवाड़ा, कटंगी और वारासिवनी विधानसभाओं के गढ़ी, भरवेली, खैरलांजी और कटंगी में जनसभाएं लीं और कांग्रेस पर जुबानी हमले किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बेइमानों की पार्टी है। अगर कांग्रेस की सरकार बन गई, तो लाड़ली बहना योजना बंद हो जाएगी। सत्ता में कांग्रेस आई तो न लाड़ली रहेगी, न बहना रहेगी। वो इस योजना पर ताला लगा देंगे। इसलिए कांग्रेस के सत्ता में आने वाले द्वार पर आप ताला लगा दो। जनसभा की शुरूआत बैहर विधानसभा के गढ़ी से हुई,जहाँ आदिवासी भेषभूसा पहनकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जय बड़ा देव का नारा भी लगाया।





**जय बड़ा देव से शुरूआत**

सीएम ने आदिवासियों को रिझाने का प्रयास किया। पीला साफा पहने सीएम ने भाषण की शुरूआत जय बड़ा देव... के जयकारे से की। सीएम ने कहा कि सरकार बनने पर गढ़ी को तहसील बनाएंगे। साथ ही यहां महाविद्यालय व आईटीआई भी खोलेंगे। आगामी समय में बैहर को जिला बनाने की भी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर गौरीशंकर बिसेन, रामकिशोर कावरे, भगत सिंह नेताम, प्रदीप जायसवाल, गौरव पारधी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मैं पैसों के इंतजाम में लगा हूं।

**लाडली बहना योजना की बहनों को मिलेगा 3000 हजार रुपया महीना**

भरवेली मैदान में मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 साल की बेटी, जिसकी शादी हुई है या नहीं, सबको लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलेगा, लेकिन मैं सिर्फ 1250 ही नहीं दूंगा, आगे चलकर इसे तीन हजार रुपये करूंगा। इसके लिए अभी इंतजाम में लगा हूं। योजना चलाने में पैसे बहुत लगते हैं। अभी इस योजना से 1.32 करोड़ बहनें जुड़ीं है, अगर संख्या बढ़ती है, तो बढ़ जाने दो। हम कमल नाथ नहीं है, जो डर जाएं, हमारे पास पैसा है। सवा साल की सरकार में कमल नाथ हमेशा रोते रहते थे कि मेरे पास पैसा नहीं है। जब पैसा नहीं था, तो मुख्यमंत्री क्यों बन गए थे। लाड़ली बहना योजना के बाद अगला लक्ष्य ह्यप्रत्येक परिवार, एक रोजगारह्ल का है। मैं लखपति बहना अभियान भी चलाऊंगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सरकार नहीं चलाता, परिवार चलाता हूं। आप सब मेरा परिवार हो। कांग्रेस को इसी से चिढ़ होती है। बच्चे मुझे मामा पुकारते हैं तो प्रियंका गांधी चिढ़ जाती हैं। वह कहती हैं कि मामा तो कंस था। वह मामा का अर्थ नहीं जानतीं। आज लाड़ली बहना योजना की दुनिया में धूम मची है। चुनाव के बाद सरकार बनने पर दोबारा पोर्टल खोलेंगे और योजना से वंचित हर बहनों का नाम इस योजना से जोड़ेंगे। खरगे खुद को कौरव सिद्ध कर रहे हैं।

**कांग्रेस ने तो कफन का पैसा खाया**

भरवेली में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि हम (कांग्रेस) भाजपा के पांच पांडवों से लड़ रहे हैं। इसका मतलब आप खुद को कौरव सिद्ध कर रहे हैं। कांग्रेस में जनहित नहीं है। सवा साल के कार्यकाल में हमारी कई योजनाएं बंद कर दी थीं। कांग्रेस ने तो कफन का पैसा छीन लिया था। तब हम गरीब की मृत्यु पर अंतिम संस्कार के लिए परिवार को पांच हजार रुपये देते थे। ऐसी योजना को भी बंद कर दिया था।

# युवाओं की टोली ने गोबर से बनाए हुए इको फ्रेंडली दिये को कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीईओ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी

**युवाओं की इस पहल की कलेक्टर ने की सराहना**

उमरिया-पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा अपने हाथों से निर्मित किए गए गोबर के इको फ्रेंडली दिए को जिला कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी व पुलिस आर आई रेखा सिंह को भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य व पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने युवाओं की पहल की काफी सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण में इको फ्रेंडली दिए निर्मित करना और लोगों को ग्रीन पर्यावरण के प्रति जागरूक करना युवाओं का सराहनीय प्रयास है।

पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत गोबर से दीपक बनाकर लोगों को ग्रीन पर्यावरण की और ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने कहा कि गोबर व मिट्टी के दीपक बनाना एक सप्ताह पहले से ही आरंभ कर दिए गए थे।पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक नजरिए से शुभ गाय के गोबर से कमाई का रास्ता निकाला है। युवाओं की टोली ने गाय के गोबर से ईको फ्रेंडली दीये तैयार कर किए हम न सिर्फ अपनी परंपरा से जुड़े हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी फायदा पहुंचा रहे हैं, साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान से बचा रहे हैं।गाय का गोबर हमारी परंपरा में पवित्र माना जाता है। और ये कुछ समय में स्वतः नष्ट हो जाता है जिससे पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचता।इस दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,शिखा बर्मन, सरिता तिवारी एवं सभी उपस्थित रहे।